


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





09 ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन साझा करेंगी ...

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद बढ़ाएगा शरद-कांग्रेस की ... 11



वर्ष : 12 | अंक : 129 | पटना, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी ने देशवासियों को दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह पावन पर्व सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए। हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई-बहन के प्यार एवं पवित्र रिश्ते को और गहरा करता है। अटूट प्रेम के इस पर्व पर बहनें जहां अपने भाइयों की सफलता की प्रार्थना करती हैं, वहीं भाई इसके बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का संकल्प लेते हैं।

### भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लेटरल एंट्री के जरिये लोक सेवकों की भर्ती को लेकर सोमवार को एक फिर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान नष्ट करना चाहता है और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है। राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया, लेटरल एंट्री दलितों, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना चाहता है और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने रविवार को आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के माध्यम से लोक सेवकों की भर्ती करके संविधान पर हमला कर रहे हैं।

### पीयूष गोयल ने पाकिस्तानी हिंदू महिला शरणार्थियों के साथ रक्षा बंधन मनाया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में रह रहीं पाकिस्तानी हिंदू महिला शरणार्थियों के साथ सोमवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया और कहा कि नागरिकता अधिनियम इन्हें सुरक्षा मुहैया कराएगा। केंद्र ने लोकसभा चुनाव से पूर्व, 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने के लिए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के कार्यान्वयन की घोषणा की थी। इन प्रवासियों में हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई शामिल हैं। गोयल ने कहा, "नागरिकता (संशोधन) अधिनियम ने सम्मान और सुरक्षा मुहैया कराई है जो आपका अधिकार है।"

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल पद्मनाभन का निधन

चेन्नई। पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का सोमवार को चेन्नई में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। सैन्य हलकों में प्यार से पैडीके नाम से जाने जाने वाले जनरल पद्मनाभन के परिवार में उनकी पत्नी, बेटी और एक बेटा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि जनरल पद्मनाभन की बेटी और बेटा आज रात अमेरिका से आएंगे और उनका अंतिम संस्कार कल शाम को होगा। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल करणबीर सिंह बरार ने पूर्व सेना प्रमुख के पार्थिव शरीर को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

**बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस' के पावन अवसर पर राजधानी वाटिका में 'बाम्बेक्स इपलीटिका' वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा**

# सीएम नीतीश ने रक्षा बंधन के पावन अवसर पर वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा एवं किया वृक्षारोपण



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस' के पावन अवसर पर सोमवार को पटना स्थित राजधानी वाटिका में 'बाम्बेक्स इपलीटिका' वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में 'डोरंडा' पौधे का रोपण भी किया। विदित हो कि 13 अगस्त 2012 को रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने "बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस" का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है। जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से काम आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार





प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने-अपने आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार स्कूली बच्चों के साथ मनाया। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इसकी वीडियो और तस्वीरें साझा की गई हैं। इसमें बच्चे उन्हें राखी बांध रहे हैं। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में देश भर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों और विद्यार्थियों के साथ रक्षा बंधन मनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रक्षाबंधन दिल्ली में अपने आधिकारिक आवास 7 लोककल्याण मार्ग पर मनाया। उन्होंने स्कूली लड़कियों के साथ विशेष उत्सव की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, अपने युवा दोस्तों के साथ रक्षा बंधन मनाकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी वीडियो में वे बच्चों के साथ मिल रहे हैं और संवाद कर रहे हैं। एक छात्रा ने पूछा कि आपने हमें विकसित भारत का सपना दिखाया। हमें इसके लिए क्या करना चाहिए। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें स्वस्थ्य रहना चाहिए, स्वच्छता रखनी चाहिए। स्वच्छता से समाज स्वस्थ होता है। देश के लिए हम क्या कर सकते हैं, अगर हम कर सकते हैं तो भलाई का काम करें।

रक्षा बंधन, जिसे आमतौर पर राखी के नाम से जाना जाता है, एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है, जो भाइयों और बहनों के बीच प्यार और बंधन को समर्पित है।

## प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 अगस्त तक पोलैंड और यूक्रेन के दौरे पर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह दो देशों पोलैंड और यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि वर्तमान में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा पर रूस गए थे।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तनमय लाल ने विदेश मंत्रालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बताया कि पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह 21 और 22 अगस्त को पोलैंड की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 45 साल बाद पोलैंड की यात्रा है। यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह एक ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि हमारे राजनयिक संबंध स्थापित होने के 30 से अधिक वर्षों में यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय प्रधान मंत्री यूक्रेन का दौरा करेगा। यह यात्रा नेताओं के बीच हाल की उच्च स्तरीय बातचीत पर आधारित होगी।

यूक्रेन संघर्ष पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में सचिव (पश्चिम) ने कहा कि भारत की इस पर बहुत स्पष्ट और सुसंगत स्थिति है कि कूटनीति और बातचीत ही संघर्ष को हल कर सकती है और इसी से स्थायी शांति हो सकती है। भारत का मानना है कि स्थायी शांति केवल दोनों पक्षों को स्वीकार्य विकल्पों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है और इसके लिए बातचीत नितांत आवश्यक है। इसके लिए भारत सभी हितधारकों के साथ जुड़ाव जारी रखे हुए है।

यात्रा के परिणाम पर उन्होंने कहा कि भारत और यूक्रेन के नेताओं के बीच चचार्ओं का परिणाम क्या होगा, इसका अनुमान लगाना या पूर्वाग्रह करना हमारा विषय नहीं है। प्रधान मंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन दोनों के नेताओं के साथ बातचीत की है और प्रधान मंत्री ने हाल ही में रूस का दौरा भी किया है। भारत इस जटिल मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करने के लिए आवश्यक हर संभव सहायता और योगदान देने को तैयार है।

# विधि मंत्रालय विशेष एमपी-एमएलए अदालतों की प्रभावकारिता पर अध्ययन की बना रहा योजना

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। विधि मंत्रालय ने सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालतों का "व्यापक मूल्यांकन" करने के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), विधि विश्वविद्यालयों और न्यायिक अकादमियों सहित शीर्ष संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं ताकि उनकी कार्यक्षमता, प्रभावकारिता और समग्र प्रभाव का आकलन किया जा सके।

विधि मंत्रालय के अधीन काम करने वाले न्याय विभाग की 'न्यायिक सुधारों पर कार्रवाई अनुसंधान और अध्ययन योजना' के तहत ये प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। वर्ष 2017 में उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के बाद केंद्र सरकार ने सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्यों में 12 विशेष अदालतें शुरू की थीं।

इनमें दिल्ली में दो और उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में एक-एक अदालत का गठन किया गया। वर्तमान में नौ राज्यों में ऐसी 10 अदालतें कार्यरत हैं।

दिसंबर 2018 में उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार बिहार और केरल की विशेष अदालतों को बंद कर दिया गया था। इन विशेष अदालतों के कामकाज की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है। न्याय विभाग द्वारा जारी प्रस्ताव आमंत्रण के अनुसार, "इस अध्ययन में इन विशेष अदालतों का व्यापक मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि उनकी कार्यक्षमता, असर और समग्र प्रभाव का आकलन किया जा सके। इन अदालतों के प्रदर्शन की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जाती है और उन्हें आंशिक रूप से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।" सोमवार को विशेष अदालतों के 'डैशबोर्ड' के अनुसार, दिल्ली की दो विशेष अदालतों में कोई भी मामला लंबित नहीं है और किसी भी मामले का निपटारा नहीं हुआ है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में कार्यरत एकमात्र अदालत ने 50 मामलों का निपटारा किया है और 1,137 मामले लंबित हैं। मध्य प्रदेश में, इस तरह की एक अदालत कार्यरत है जिसने पांच मामलों का निपटारा किया है और 319 मामले लंबित हैं। महाराष्ट्र में, अदालत ने 13 मामलों का निपटारा किया है और 419 मामले लंबित हैं। विशेष एमपी-एमएलए अदालतों के अलावा, विभाग ने विशेष 'फास्ट ट्रैक' अदालतों, ग्राम अदालतों और टेली-लॉ योजना के कामकाज का अध्ययन करने के लिए भी प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

## 52 दिनों से चल रही अमरनाथ यात्रा आज होगी संपन्न, करीब पांच लाख लोगों ने किए दर्शन

प्रात : किरण



श्रीनगर/एजेंसी। पिछले 52 दिनों से चल रही अमरनाथ यात्रा आज संपन्न हो जाएगी। अब तक लगभग पांच लाख यात्रियों ने बाबा बफार्नी के दर्शन किए हैं। महंत स्वामी दीपेंद्र गिरि द्वारा ले जाई गई छड़ी मुबारक (भगवान शिव की चांदी से बनी गदा) ने सोमवार सुबह पंचतरणी से पवित्र गुफा तक अपनी यात्रा का अंतिम चरण शुरू किया। इस वर्ष यह यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 52 दिनों के बाद आज (सोमवार) समाप्त होगी। जम्मू से लेकर बालटाल और नून (पहलगाम) के दो बेस कैंपों तक यात्रा मार्ग पर पुलिस और सीएपीएफ की उपस्थिति, ट्रांजिट कैंपों में तैनात सुरक्षा के साथ स्थानीय लोगों के पूर्ण सहयोग से इस वर्ष यात्रा काफी सफल रही। भगवान शिव की स्तुति में ह्यबम बम भोलेह्ण और वैदिक मंत्रों का जाप करते साधुओं और भक्तों के साथ छड़ी मुबारक की अंतिम यात्रा अंतिम पड़ाव शिविर पंचतरणी से शुरू हुई, जो कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर की ओर है। गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है। यात्रा रक्षाबंधन के त्योहार के साथ श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर संपन्न हो रही है। पारंपरिक पूजा और अनुष्ठानों के बीच, विश्व शांति और मानव जाति की समृद्धि के लिए दिन भर प्रार्थना की जाएगी, जिसके बाद छड़ी मुबारक पहलगाम के रास्ते पंचतरणी लौट आएगी। छड़ी मुबारक ने 14 अगस्त को श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से प्रस्थान किया था। रास्ते में विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद यह 16 अगस्त को गुफा मंदिर की अपनी आगे की यात्रा शुरू करने से पहले दो रातों के लिए पहलगाम में रुकी। छड़ी मुबारक के संरक्षक स्वामी दीपेंद्र गिरि ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए की गई बेहतर व्यवस्था पर संतोष जताया।

## पिछले 74 वर्षों में 1783 रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुकी है संसद की लोक लेखा समिति

प्रात : किरण

नई दिल्ली,एजेंसी। सरकारी खर्च की जांच करने वाली संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) पिछले 74 वर्षों में 1783 रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुकी है ।लोकसभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

गत सप्ताहांत नई पीएसी का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल करेंगे। संसदीय परिपाटी के अनुसार, पीएसी की अध्यक्षता मुख्य विपक्षी दल के किसी नेता को सौंपी जाती है। पिछली लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पीएसी के अध्यक्ष थे। पीएसी में लोकसभा के जिन 15 सदस्यों को जगह दी गई है उनमें द्रमुक के टी आर बालू, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, निशिकांत दुबे और जगदंबिका पाल, तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव तथा कई अन्य सांसद शामिल हैं। नई लोक लेखा समिति का कार्यकाल 30 अप्रैल, 2025 तक होगा। लोक लेखा समिति संसद की सबसे पुरानी और महत्वपूर्ण समिति है। इसका गठन हर साल किया जाता है। इसमें 22 सदस्य (लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चुने गए 15 सदस्य और राज्यसभा के सभापति द्वारा चयनित किए गए सात सदस्य) शामिल होते हैं। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, 26 जनवरी, 1950 को एक संसदीय समिति बनने के बाद से लोक लेखा समिति ने अब तक 1783 रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुकी है। सचिवालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि 17वीं लोकसभा के दौरान लोक लेखा समिति ने कुल 87 रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जिनमें 65 मूल रिपोर्ट और 22 की कार्रवाई रिपोर्ट थीं। इनमें से दोनों सदनों में 58 रिपोर्ट पेश की गई।

पीएसी के ये प्रतिवेदन आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, नमामि गंगे, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, भारतीय ट्रेनों के पटरी से उतरना, भारतमाला परियोजना तथा कई अन्य विषयों से संबंधित थे। लोक लेखा समिति' तीन वित्तीय संसदीय समितियों में से एक है। संसद की दो अन्य वित्तीय समितियां प्राक्कलन समिति और सार्वजनिक उपक्रम संबंधी समिति हैं। पीएसी सरकार के वार्षिक वित्त लेखों और व्यय को पूरा करने के लिये सदन द्वारा दी गई राशि के विनियोग को दशार्ने वाले लेखों की जांच करती है। यह समिति सरकार के विनियोग लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) के प्रतिवेदनों के अलावा राजस्व प्राप्तियों, सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा व्यय और स्वायत्त निकायों के लेखों पर नियंत्रक-महा लेखापरीक्षक के विभिन्न लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की भी जांच करती है। सरकार द्वारा अत्यधिक खर्च के साथ-साथ गलत आकलन या प्रक्रिया में अन्य दोषों के कारण हुई बचत की भी जांच करती है।

### समाज में समता और सद्भाव को रखें कायम : नितिन

पटना। नगर विकास एवं आवास मंत्री ने सोमवार को बेघर बच्चों और किन्नरों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया और उनसे रक्षा सूत्र बंधवाया। उन्होंने राजधानी पटना के शास्त्रीनगर स्थित रेनबो खिलखिलाहट होम जाकर बेघर बच्चों और किन्नरों से रक्षा सूत्र बंधवा कर उनका हौसला बढ़ाया। इससे पूरे परसिर में उत्साह का वातावरण था। श्री नवीन ने इस मौके पर लोगों से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में बढ़- चढ़कर भाग लेने की सलाह दी। साथ ही समाज में समता आपसी सद्भाव कायम रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कि मुझे उस वक़्त बेहद खुशी मिलती है जब शिक्षित होकर बेघर बच्चों को जिंदगी खुशहाल होते देखता हूं।

# राज्य सभा चुनाव : उपेंद्र कुशवाहा कल करेंगे नामांकन

प्रात : किरण



पटना। उपेन्द्र कुशवाहा अब राज्यसभा जाएंगे। राष्ट्रीय लोकमोर्चा के मुताबिक एनडीए की तरफ से उपेंद्र कुशवाहा 21 अगस्त को 11 बजे नामांकन दाखिल करेंगे क्योंकि नामांकन दाखिल करने का यह आखिरी दिन है। उपेंद्र कुशवाहा एनडीए गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। कुछ दिन पहले ही एनडीए की तरफ से आधिकारिक रूप से उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजने का एलान किया गया था। एक सीट के लिए उपेन्द्र कुशवाहा, जबकि दूसरी सीट पर भाजपा के उम्मीदवार होंगे। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भाजपा के पूर्व सांसद आर के सिंह की संभावना बताई जा रही है। हालांकि बिहार भाजपा की प्रदेश इकाई ने दावेदारों के नाम को शार्टलिस्ट कर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गई है। ऐसी संभावना है कि भारतीय जनता पार्टी अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा आज कर सकती है।

**काराकाट सीट से थे एनडीए के प्रत्याशी :** उपेंद्र कुशवाहा लोकसभा चुनाव में काराकाट सीट से एनडीए के प्रत्याशी थे, जहां से उनके विरुद्ध भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह और वाम दल के राजाराम सिंह चुनाव लड़े थे। हालांकि उस सीट पर भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह हार गये लेकिन साथ ही साथ उपेन्द्र कुशवाहा को भी जीतने नहीं दिया था। विपक्ष का आरोप था कि यह सब खेल खुद भाजपा ने करवाया है। अब यह कहा जा रहा है कि उपेंद्र कुशवाहा को एनडीए की तरफ से राज्यसभा भेजने का मतलब यह है कि उन्हें बिहार में होने वाले विधान सभा चुनाव से पहले उन्हें साधने की कोशिश की जा रही है ।लोक सभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती और भारतीय जनता पार्टी के विवेक ठाकुर के जीतने के बाद यानि लोकसभा सदस्य बनने के बाद राज्यसभा की दो सीट खाली हो गई थी।

**वार्ता** | **विदेश मंत्री ने नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा के साथ की व्यापक वार्ता**

# भारत को 1 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा नेपाल : जयशंकर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा के साथ व्यापक वार्ता के बाद कहा कि नेपाल भारत को करीब 1,000 मेगावाट बिजली निर्यात करेगा।

जयशंकर ने भारत को बिजली निर्यात करने के नेपाल के फैसले को महत्वपूर्ण बताया। बातचीत में दोनों मंत्रियों ने व्यापार, संपर्क और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया। देउबा ने पदभार संभालने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के तहत रविवार को भारत की पांच दिवसीय यात्रा शुरू की। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, "ऊर्जा, व्यापार, संपर्क और बुनियादी ढांचे के विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-नेपाल सहयोग पर चर्चा हुई।"उन्होंने कहा, यह जानकर खुशी हुई कि नेपाल भारत को करीब 1000 मेगावाट बिजली निर्यात करेगा, जो एक महत्वपूर्ण कदम है।" जयशंकर ने कहा, "हमारी 'पड़ोस प्रथम' नीति और लोगों के बीच विशिष्ट एवं सांस्कृतिक संपर्क हमारे संबंधों को आगे बढ़ाता है।" देउबा ने वार्ता को "सार्थक" बताया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, "नई दिल्ली में एस जयशंकर के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने द्विपक्षीय हितों, नेपाल-भारत संबंधों के विभिन्न पहलुओं और आपसी सहयोग पर चर्चा की।" उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि यह यात्रा नेपाल तथा भारत के बीच सदियों पुराने संबंधों को और मजबूत करेगी।" नेपाल की विदेश मंत्री की यह यात्रा विदेश सचिव विक्रम मिस्री की काठमांडू यात्रा के एक सप्ताह बाद हो रही है।

## भाजपा ने चिकित्सक बलात्कार-हत्या मामले में ममता का इस्तीफा मांगा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 'बेशर्म' बताया और उनके इस्तीफे की मांग की। साथ ही पार्टी ने आरोप लगाया कि कोलकाता में एक चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के दोषियों को बचाने के लिए उनके इशारे पर अहम सबूत नष्ट कर दिए गए। पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की भी आलोचना की और उन्हें 'राजनीतिक गिद्ध' करार दिया। पार्टी ने यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने भाजपा शासित राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आए ऐसे मामलों से इसकी तुलना कर प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले को 'सामान्यीकृत' कर दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "ममता बनर्जी 'ममता विध्वंसक' हैं। अपने कार्यों से उन्होंने एक महिला और एक चिकित्सक, जो समाज की सेवा कर रही थी, की गरिमा को नष्ट कर दिया। ममता बनर्जी कानून के शासन और संविधान की विध्वंसक हैं।"

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक से युवक का शव किया बरामद

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाने क्षेत्रके अंतर्गत पुलिस ने पाटलिपुत्र-दानापुर रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान रूपसपुर चमरटोली निवासी सुबोध बहादूर ठाकुरी के पुत्र कृष्णा ठाकुरी 25 के रूप में किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के संबंध में आत्म हत्या की करने को लेकर चर्चा हो रही है। बताया जाता है कि तीन दिन से कृष्णा लापता था। रविवार की सुबह पुलिस को रूपसपुर गांव के सामने रेलवे ट्रेक पर एक शव होने की जानकारी पुलिस को मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि रेलवे ट्रैक से पैर व हाथ का पंजा कटा शव बरामद किया गया है। प्रथमदृष्टया किसी अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से मौत प्रतित होता है। मृतक तीन दिन से घर नही गया था। पहले भी वो कभी कभी घर नही जाता था। थाना में परिजन द्वारा इसकी कोई शिकायत नही की गयी थी। मृतक माता पिता से बराबर झगडा करता था। उन्होने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### जेपी सेतु से युवक ने कंगन घाट में लगाया छलांग

पटना सिटी, चौक थाना क्षेत्र के जेपी सेतु मरीन ड्राइव पर युवक संदिग्ध स्थिति में खड़ा था। कुछ देर वह इधर-उधर टहलता रहा। फिर अचानक से वह कंगन घाट की ओर गंगा नदी में छलांग लगा दिया। जब तक गंगा किनारे बैठे लोग कुछ समझ पाते, युवक पानी में लापता हो चुका था। लोगों ने इस बाबत चौक थाना की पुलिस को सूचित किया। मौके पर पुलिस पहुंची। फिर एसडीओ की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची और गंगा नदी में सर्च अभियान चलाया। बताया जाता है अंधेरा होने के पहले तक शव नहीं मिल पाया था। हालांकि गंगा में डूबे युवक के बारे में कोई पता नहीं चल पाया है। वह कौन हैं और कहां का रहने वाला है। उसका कोई परिजन भी उसकी सुध लेने या खोजने नहीं पहुंचा है।

### गरीब श्रद्धालुओं के बीच धूपबत्ती व तिल का वितरण

पटना सिटी (प्राकि)। दुर्गा पूजा को लेकर श्री रामजी प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं के लिए पंडाल में पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल, गरीब श्रद्धालु के लिए धूपबत्ती, तिल तेल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। पूजा स्थल पर धार्मिक गीत बजाए जाएंगे। साथ ही अश्लील गानों पर समिति के सदस्य संबंधित व्यक्तियों को पुलिस के द्वारा दंडित कराएंगे। सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पर्व मनाने की घोषणा की गई। फुलौड़ी गली स्थित दुर्गापूजा की बैठक में मुहल्ले वासियों के साथ पं. संगीत कुमार नाहर व विकास कुमार मौजूद थे। बैठक के अध्यक्ष रामजी प्रसाद ने कहा आप सभी समिति के सदस्य अभी से पूजा की तैयारी में लग जाएं, ताकि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

### बहन संग पेड़ों को राखी बांध सदस्यों ने लिया रक्षा करने का संकल्प

पटना सिटी, प्रकृति को बचाना है, तो पेड़ को काटने से बचाना होगा। पेड़ों की रक्षा कर ही हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के अवसर पर पाटलिपुत्र परिषद की ओर से गांधी सरोवर परिसर में लगे वृक्षों को सदस्यों ने राखी बांध कर बचाने का संकल्प लिया। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने कहा कि हम भाई सब राखी बंधवा कर बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इसी तर्ज पर रक्षाबंधन के दिन पेड़ों को भी राखी बांध कर आज उसे बचाने और पुष्पित व पल्लवित करने का संकल्प लिया। वर्ष 2012 बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस से ही पाटलिपुत्र परिषद द्वारा मनाने की परंपरा रही है। इस मौके पर सदस्यों ने पौधारोपण एवं रक्षा सूत्र के साथ पेड़ बचाने के लिए बचनबद्ध है।

# कृषि तकनीकों की बढ़ रही उपयोगिता :डॉ यूएस गौतम

प्रात : किरण संवाददाता




पटनाः भारतीय कृषि अनुसांधान परिषद अटारी क्षेत्र क्ष का 9 वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को संस्थान परिसर में मनाया गया । कार्यक्रम में कई कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति और पूर्व कुलपति ,आईसीएआर पूवी क्षेत्र और उससे जुड़ी इकाईयों के निदेशक , वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों केअलावा 14 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुख ने भाग लिया। कायक्रम के मुख्य अतिथि विधान चन्द्र राय कृषि विश्वविद्यालय, प. बंगाल के पूर्व कुलपति डॉ आर के सामन्ता ने अपने ओजस्वी सांबोधन में कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को पूरे समर्पण भाव से काम करना चाहिए । समाज ने उन्हें जो दिया है उसे अपने नवीन अनुसांधान और नवाचार के जरिए लौटाना चाहिए। डॉ आर के सामन्ता ने कृषि विज्ञान केन्द्रों को आगे बढ़ाने की जरूरत बतायी। बिहार और झारखांड के कार्य क्षेत्र वाले अटारी क्षेत्र क्ष के स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता आईसीएआर, नयी दिल्ली के कृषि प्रसार उप महानिदेशक डॉ उद्दयम सिंह गौतम ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्रों और राज्यों के कृषि विभाग को साथ मिलकर काम करना होगा । किसानों को नये अनुसांधान, कृषि की नयी तकनीक और नवाचार से अवगत कराते रहना होगा । डॉ गौतम ने कहा कि लोगों के फूड हैबिट में तेजी से बदलाव हो रहा है। शाम के समय लोग अब अनाज की जगह फलों का सेवन कर रहे हैं। इसके लिए फलों का उत्पादन बढ़ानेकी जरूरत है। ऐसे में कृषि तकनीकों की उपयोगिता बढ़ रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पाांडेय ने कहा कि कृषि और किसानों की उन्नति मेंकृषि विज्ञान केन्द्रों की महती भूमिका है। कृषि विज्ञान केन्द्रों के योगदान को सामने लाने की जरूरत है। डॉ पी एस पाांडेय नेकृषि विज्ञान केन्द्रों के कार्यों के डिजीटलाइजेशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टाइम लाइन के साथ स्ट्रक्ररल फॉर्मेट में डॉक्यूमेंटेशन की जरूरत है। इस अवसर पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस सी दुबे ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के बिना किसानों का विकास नहीं हो सकता। कृषि सेजुड़ी किसी योजना का परिणाम कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से बेहतर होता है। कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका में वैल्यू एडडशन की जरूरत है। अपने संबोधन में आईसीएआर कृषि प्रसार के सहायक महानिदेशक डॉ आर के सिंह ने कहा कि आईसीएआर अटारी विज्ञान और किसान के बीच की कड़ी हैं। जिस तरीके से विज्ञान और तकनीक में बदलाव हो रहे हैं, उसको देखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्रों की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। सभी आगत अतिथियों के स्वागत अभिभाषण में संस्थान के निदेशक डॉ अंजनी कुमार ने कहा कि बिहार और झारखांड के 68 कृषि विज्ञान केन्द्र आईसीएआर अटारी क्षेत्र क्ष से जुड़े हैं। सब के बीच बेहतर समन्वय कर नयी कृषि तकनीक और अनुसांधान को किसानों तक पहूंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लीची अनुसांधान क न्द्र, मुजफ्फरपुर के निदेशक डॉ विकास दास और महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसांधान संस्थान, पूर्वी चंपारण के निदेशक डॉ के जी मंडल ने भी अपने उदगार व्यक्त किए। इस अवसर पर तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया साथ ही डिजिटल डाटाबेस मैनेजमेंट ऑफ ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरूआत की गयी। अटारी के 9वेंस्थापना दिवस समारोह में बिहार -झारखांड के 14 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुख और उनसे जुड़े कृषक उत्पादक संगठनों ने अपने उत्पादो को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया। कायक्रम में 50 किसानों ने भाग लिया । कार्यक्रम का सांचालन अटारी की वरीय वैज्ञानिक डॉ प्रज्ञा भदौरिया ने किया। कार्यक्रम संचालन में समन्वय प्रधान वैज्ञानिक मो मोनोबुरूल्लाह, डॉ धर्मवीर सिंह ने किया ।मौके पर डॉ नित्यानंद, डा एस चौरसिया,डा दिव्यांशु शेखर आदि मौजूद रहे । प्रधान वैज्ञानिक डॉ अमरेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी ऑफ बिहार ने मनाया स्थापना दिवस



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी ऑफ बिहार ने अपना स्थापना दिवस 18 अगस्त को ऊर्जा सभागार, पटना में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री श्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति से सम्मान बढ़ा। इस समारोह में पूरे बिहार से लगभग 300 चार्टर्ड अकाउंटेंट अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। शाम की शुरूआत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी ऑफ बिहार के उपाध्यक्ष सीए कुमार हरि जी के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने हार्दिक परिचय के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। शाम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण सीए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित स्मृति चिन्हों की प्रस्तुति थी कुमार हरि जी, सीए अरुण कुमार, सीए मदन राय और सीए अरविंद कुमार। यह इशारा पहचाना समाज के प्रमुख सदस्यों का योगदान. धन्यवाद ज्ञापन सीए अरुण कुमार ने किया, जिन्होंने मुख्य अतिथि, सदस्यों और उपस्थित लोगों को उनके समर्थन और उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री सम्राट चौधरी ने व्यावसायिक कर प्रक्रियाओं के संबंध में एक उल्लेखनीय घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पेशेवर कर भुगतान में त्रुटियों को एक सप्ताह के भीतर संबोधित किया जाएगा और करदाताओं के लिए सुविधा बढ़ाते हुए भुगतान सुविधाओं के लिए अतिरिक्त बैंकों को शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम ने एकता और प्रतिबद्धता की भावना प्रदर्शित की, जो बिहार में लेखांकन पेशे को आगे बढ़ाने के लिए समाज के समर्पण को दर्शाता है।

# डॉ.सुनील दूबे ने परिवार संग बहनों से बंधायी राखी



प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः वर्ल्ड फेमस आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं लंगर टोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डा. सुनील कुमार दूबे ने रक्षा बंधन के पावन अवसर पर सोमवार को परिवार संग अपनी बहनों अंजनी झा एवं डा. जूली पाण्डेय से राखी बंधवायी। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर सोने की राखी बाँध कर उनकी आरती उतारी, चंदन टीका किया एवं मिठाई खिलायी। डा. दूबे ने बहनों को आशीर्वाद देते हुये पुरी जिन्दगी उनकी रक्षा का वचन दिया। इसके अतिरिक्त डा. दूबे के पुत्र डा.साजन दूबे, सागर दूबे, भतीजा साहिल दूबे एवं राज दूबे को उनकी दो बहनों पूजा दूबे एवं शालू सुनील दूबे नेराखी बाँधी एवं उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। डा दूबे की भाभो रिको दूबे ने भी अपने भाई अमर प्रकाश तिवारी को राखी बांधी। इस अवसर पर डा दूबे की पत्न ी उषा दुबे, डा. सिमरन, आसुतोष एवं डा दूबे के बहनोई भोला झा भी मौजूद थे इस अवसर पर डा दूबे ने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व श्रवण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह 19 अगस्त को मनाया जा रहा है। एक पर्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भाई और बहन के अटूट प्रेम और बंधन का भी प्रतीक है। यही वजह है कि प्रतीक के तौर पर बहनें अपने भाई की कलाई पर कच्चा धागा बाँध कर उनसे अपनी रक्षा का वचने लेती हैं। मैंने भी अपनी बहनों को आजीवन रक्षा का वचन दिया है।

# महिंद्रा वेयरहाउस में गार्ड को बंधक बना चार घंटे तक किया डकैती

**बाइपास थाना क्षेत्र के मर्चा-मर्ची की घटना, एफएसएल व डॉगस्क्वायड की टीम पहुंची**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बाइपास थाना क्षेत्र में स्थित विभिन्न कंपनी के गोदाम से लेकर बन रहे घरों तक में डकैतों का कहर जारी है। ऐसे ही रविवार और सोमवार की रात करीब 10 की संख्या में रहे डकैतों ने बाइपास थाना क्षेत्र से करीब सौ मीटर दूर मर्चा-मर्ची गांव में महिंद्रा वेयरहाउस में डकैती की घटना को अंजाम दिया। डकैतों ने दीवार को फांद कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दो गार्ड को बंधक बना लिया। दोनों का हाथ पैर बांध दिया और एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद यहां पाट्र्स के गोदाम में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि डकैतों ने वेयरहाउस के बाहर पिकअप वैन लगा रखा था। डकैतों में वेयरहाउस के अंदर आराम से चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान डकैतों ने तांबा का केबल, बैटरी आदि की चोरी कर ली। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह का कहना था कि चोरी की घटना के बाबत सोमवार की सुबह करीब 4:30 बजे थाना पर सूचना मिली। उसके बाद पुलिस पदाधिकारी एवं बल जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। बताया गया है कि गार्ड को बंधक बना कर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया है। वेयरहाउस के अंदर रहे सीसीटीवी में कोई फुटेज नहीं था। संभवतः डकैतों ने डीवीआर को अपने साथ ले जाने का काम किया है। आसपास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को जांच को बुलाया गया है। वेयरहाउस के प्रबंधक का कहना था कि कितने के सामान की डकैती हुई है, यह बता पाना मुश्किल है। कारण कि बड़े एरिया में वेयरहाउस फैला है। जबतक वेरिफिकेशन नहीं किया जाएगा, बता पाना मुश्किल है। मगर डकैती लाखों में है।

# कंगन घाट पर 11 हजार पार्थिव शिवलिंग बना किया रुद्राभिषेक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भगवान चंद्रमौली, गंगाधर, आशुतोष, शशांक शेखर, भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास में पतित पावनी मोक्ष प्रदायनी मां गंगा के तट पर सोमवार को पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार, श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन पर गुरु गोविंद सिंह घाट (कंगन घाट) पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति के द्वारा भगवान शिव के 11 हजार पार्थिव लिंग का निर्माण, पूजन, रुद्राभिषेक किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने योगदान दिया। गंगा सेवा दल समन्वय समिति के अध्यक्ष राजीव गंगौल, महासचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू ने भगवान भोले नाथ का पंचामृत, गंगाजल, फल से रुद्राभिषेक किया और कहा कि श्रावण मास पुण्य महीना होता है। इस मास में की गई पूजा से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और कष्टों का निवारण करते हैऔ। सुख व समृद्धि प्रदान करते है। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम दो आचार्यों हिमांशु गिरी एवं अशोक मिश्र ने कराया। इस रुद्राभिषेक में यजमान के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश चौधरी एवं अजय केशरी उपस्थित थे। इसमें अन्य गण्यमान्य लोगों में समिति के कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, दुर्गावति देवी, विकास राज जायसवाल, अजय यादव, सुभाष कुमार, वकील राय, राजनाथ मुखिया, रविन्द्र राय, रंजू राय, शिवनाथ राय आदि श्रद्धालु शामिल हुए।

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालय जलाभिषेक व श्रृंगार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सावन माह की अंतिम सोमवारी को बाजार में चहलकदमी रही। यहां के शहरी क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना और जलार्पण करने की लगी रही। अधिकांश श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा के साथ श्रावण मास की अंतिम सोमवारी होने के कारण गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान किया। घाट किनारे रहे शिवालियों में जल अर्पण कर पूजा-अर्चना भी किया। श्रद्धालुओं के चेहरे पर उत्साह था। देर शाम से लेकर मध्य रात्रि तक अशोक राजपथ से बोल बम का नारा लगाते और लाउडस्पीकर पर बाबा भोले नाथ के गीत पर ताली बजाते और झूमते भक्त खुसरूपुर स्थित बाबा बैकठपुर और महात्मा गांधी सेतु से होते हुए सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ और मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ की ओर प्रस्थान किए। प्रमुख शिवालियों के पट भक्तों के पूजा-अर्चना और जलार्पण करने के लिए खोल दिए गए। गायघाट स्थित प्राचीन श्री गौरीशंकर मंदिर के सचिव विश्वनाथ चौधरी ने बताया कि सोमवार को पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना किए जाने के बाद हम भक्तों के लिए पट खोल दिया गया। यहां व्यवस्था में नवीन कुमार सिन्हा, दिलीप गुप्ता, चुन्नू चंद्रवंशी, शंकर चौधरी, विनय केसरी, संजय कुमार आदि सक्रिय रहे। महाराजगंज स्थित माल्य महादेव मंदिर, तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, सादिकपुर स्थित बाबा पटनेश्वरनाथ मंदिर, झाऊगंज स्थित पीतल के महादेव मंदिर, गुरु गोविंद पथ के तिलकेश्वरनाथ मंदिर, खाजेकलां थाना परिसर के बाबा थानेश्वरनाथ शिव मंदिर, पातो की बाग, पश्चिम दरवाजा, हरिमंदिर गली शिव मंदिर, त्रिपोलिया के अलखिया बाबा के मंदिर, हमाम स्थित श्रीश्री विश्वनाथ हनुमान साई मंदिर, खाजेकलां के श्री बड़ी देवी स्थान परिसर स्थित शिव मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट भूतेश्वरनाथ के साथ अन्य शिव मंदिरों में दर्शन पूजन की तैयारी की गई है। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला भी नौजर घाट पर श्री चित्रगुप्त मंदिर के पश्चिम जमीन पर विभिन्न तरह का लगाया गया है। यहां दोपहर से लेकर रात तक हर उम्र के महिला-पुरुषों की भीड़ जुट रही है। सोमवार को सावन का पूर्णिमा होने के कारण भी लोग गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान कर सूर्य भगवान को जल अर्पित किया। लोग अपने-अपने घरों मंदिरों से लेकर विभिन्न थाना में भी श्री सत्यनारायण स्वामी की पूजा अर्चना की गई और कथा भी कही गई। विभिन्न भगवती मंदिरों और हनुमत मंदिरों में भी विशेष रूप से पूजा-अर्चना किया गया। जलार्पण और सूर्यास्त के बाद प्रमुख शिवालियों में श्री शिवलिंग के विशेष श्रृंगार किया गया भक्तों ने भी रात में विभिन्न मंदिरों में घूम-घूम कर बाबा का श्रृंगार देखा।

# पौधा रोपण के बाद पेड़ होने तक सेवा का लें संकल्प

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति के द्वारा चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन के परिसर में बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस पर प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार वृक्ष (पेड़) को रक्षा सूत्र बांधा गया। वहीं श्री छोटी पटनदेवी जी मंदिर के महंत बाबा विवेक द्विवेदी ने वहां उपस्थित सभी को मंत्रोच्चार के तहत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। समिति के संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने कहा कि आज रक्षाबंधन के दिन संरक्षण देने वाले पेड़ को भाई मानते हुए राखी बांधा गया है और हम सभी भी पौधा लगा उसकी सेवा कर पेड़ बना रक्षा करेंगे। उसे संरक्षण देने का काम करेंगे। पेड़ पर्यावरण सुरक्षा के साथ मानव स्वास्थ्य को सुरक्षा देने का कार्य करता है। डॉ अजय प्रकाश ने बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस पर सबों को शुभकामना एवं बधाई भी दी।

समिति के संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्ष का क्या महत्व है, यह आज से ठीक चार वर्ष पहले कोरोना महामारी के समय पता चला था। लाखों रुपया देने के बाद भी लोग आक्सीजन के लिए इधर से उधर भटक रहें थे। हजारों लोगों ने आक्सीजन के अभाव में अपनी जान गंवाई थी। लोग पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के दिन चारों तरफ पेड़-पौधे लगाते हैं, लेकिन उसके बाद उनको कुछ लोग संरक्षण नहीं कर पाते हैं। तो आइए आज यह संकल्प लेते हैं कि पौधा लगाने के साथ-साथ हम उनका संरक्षण भी करेंगे। हमलोग पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि साल के पूरे 365 दिन मनाएंगे और उनका संरक्षण करेंगे। मौके पर समिति के अध्यक्ष डाक्टर त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, सहसंयोजक शिव प्रसाद मोदी, पर्यावरण मित्र सुभाष कुमार उर्फ अन्नु कसेरा, रंजीत जायसवाल, उषा सिंह, वेदिका कुमारी, नैय्यर एकबाल, मोहित कुमार मौड़ीवाल, भगवती प्रसाद मोदी, आदित्य कुमार सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# बाबा भोले का श्रृंगार करने के बाद भजन संध्या व भंडारा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री बड़ी देवी जी प्रबंधन समिति, खाजेकलां बड़ी देवी स्थान में सोमवार को बाबा भोले का भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा भोलेनाथ की पूजा पुरोहित आदित्य पांडेय व मुकेश पांडेय ने विधान विधान के साथ संपन्न कराया। पूजा महोत्सव के अध्यक्ष अमरजीत कुमार गुप्ता उर्फ ट्विंकल ने बताया कि बाबा के भव्य श्रृंगार के बाद प्रसाद, भोग एवं आरती हुआ। इसके बाद भजन संध्या शुरू हुआ। सामूहिक भंडारा रात 10 बजे के बाद तक चलता रहा। आयोजन की सफलता के लिए ट्विंकल गुप्ता, कार्तिक यादव, रोहित कुमार, सुनील केसरी, मन्नू प्रसाद आदि सक्रिय हैं। भजनों की प्रस्तुति गायक विक्की जोशी ने पेश किया। वहीं आर्यन महाकाल ने शिव, पार्वती व गणेश जी पर आधारित झांकी पेश किया। जीवंत झांकी का मौजूद दर्शकों ने खासा पसंद किया और ताली के साथ जयकारा कर कलाकारों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। आयोजन में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, वार्ड पार्षद विनोद कुमार, विनय कुमार बाला, तरुण राय, तारा देवी, रवि रोशन मेहता, मुन्ना जायसवाल, विनय कुमार बिट्टू, नितिन कुमार रिंकू, प्रभाकर मिश्रा, डॉ अजय प्रकाश, शशि शेखर रस्तोगी, राजेश्वर राय, राजेश राय, सुजीत कुमार कसेरा, लड्डू चंद्रवंशी, राजीव रंजन उर्फ रिंकू, मनोज कुमार गुप्ता, अजय साह, सहित अनेक गण्यमान्य लोग भी धार्मिक समारोह में भाग लिए। बाबा के दरबार में मत्था टेका, प्रसाद ग्रहण कर शिव तांडव जी देखने का काम किया।

# लोदीकटरा में हुई फायरिंग का 24 घंटा में पुलिस ने किया उद्भेदन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

17 अगस्त को उम्र दराज लेन, लोदी कटरा में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में उद्भेदन कर दिया है। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दो अन्य गोलीबारी का मामले का भी गिरफ्तार लोगों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में किया है। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि खाजेकलां थाना कांड 346/24, 18 अगस्त को दोपहर दो बजे खाजेकलां थानान्तर्गत उम्र दराज लेन लोदीकटरा स्थित वादी नदीम आलम पिता नसीम आलम के घर के बाहर दरवाजे पर तीन अज्ञात अपराधिकर्मियो के द्वारा फायरिंग की घटना कारित किया गया था। इस संबंध में आवेदक मो नदीम आलम के लिखित आवेदन के आधार पर खाजेकलां थाना में कांड 346/24 दर्ज कर कांड का अनुसंधान शुरू किया गया। इस कांड में वरीय अधिकारी के दिशा निर्देश के आलोक में तकनीकी साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज, मानवीय साक्ष्यों के आधार पर एवं अगमकुआं थाना के सहयोग से वार्ड 56 के छोटी पहाड़ी का रहने वाला रोहित उर्फ नितीन पिता विनोद शर्मा को गिरफ्तार किया गया। उसका स्वीकारोक्ति बयान लिया गया। उसके बताए आधार आलमगंज थाना क्षेत्र के खड़कुआं का रहने वाला एक अन्य अभियुक्त करण कुमार पिता मुन्ना कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त से पूछताछ के कम में दोनों के द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर 17 अगस्त को उम्र दराज लेन, लोदीकटरा स्थित मो नदीम के घर के बाहर दरवाजे पर फायरिंग करने की घटना की बात स्वीकार की। साथ ही बीते आठ अगस्त को ओरिएंटल कॉलेज परिसर में फायरिंग की घटना एवं तीन जुलाई को हजारी मोहल्ला स्थित निखिल राज के घर के बाहर फायरिंग करने की बात को स्वीकार किया गया। खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार खाजेकलां थाना कांड 346/24, 331/24 एवं 266/24 का उद्भेदन हुआ है। उपरोक्त तीनों कांडों का सफल उद्भेदन के बाद कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों कि गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

# टीबी मुक्त प्रखंड की तैयारी के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर रहा स्वास्थ्य विभाग

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। अगले वर्ष टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार नई नीतियां अपना रहा है. इस कड़ी में ह्लटीबी मुक्त प्रखंडह्व के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों से माइक्रो प्लान तैयार करने को कहा है. ये निर्णय राज्य स्वास्थ्य समिति की उच्च स्तरीय बैठक में ली गयी है। बढ़ाया जाएगा टीबी नोटिफिकेशन मालूम हो कि टीबी संक्रमण दर को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा टीबी नोटिफिकेशन करने की जरूरत होती है. इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने टीबी नोटिफिकेशन टारगेट को 90 प्रतिशत करने का निर्देश सभी जिलों को दिया है. जांच के लिए मानव बल की उपलब्धता के लिए जिलों को प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम एक लैब टेक्नीशियन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है. मालुम हो कि पंचायत प्रतिनिधि अपने पंचायत में आशा के माध्यम से डोर टू डोर जाकर संदिग्ध टीबी मरीजों को चिन्हित कर रहे हैं और यह प्रखंडों के सभी पंचायत में किया जा रहा है. सभी जिलों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं समूहों पर खास ध्यान रखा जा रहा है. अगर किसी पंचायत के गाँव में कोई संदिग्ध व्यक्ति अपना स्पुटम देने से इंकार करता है तो उक्त पंचायत के मुखिया द्वारा आशा के सहयोग से व्यक्ति को समझकर स्पुटम लिया जाता है. एक प्रखंड के सभी पंचायत के टीबी मुक्त होने से ही टीबी मुक्त प्रखंड का स्वप्न साकार हो सकता है। टीबी सक्सेस रेट को भी बढ़ाने का लक्ष्य समीक्षा के दौरान अनुमानित टीबी जांच दर के साथ ट्रीटमेंट सक्सेस रेट को भी बढ़ाने की अपील सभी जिलों से की गयी है. टीबी के उपचाराधीन मरीजों को मिलने वाली निक्षय पोषण योजना में लाभुकों को समय से भुगतान करने को कहा गया है. सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अपने कार्य क्षेत्र के सभी टीबी रोगियों (तीन साल पूर्व तक) की लाइन लिस्ट तैयार कर उनके संपर्क में रहने वाले हाउसहोल्ड कॉन्टेक्ट का प्रत्येक छह माह पर स्क्रीनिंग करने की भी विभाग की योजना है।

# मोदी सरकार ने महिलाओं को दिया 33 फीसदी आरक्षण : सम्राट

## कहा - कांग्रेस राज में महिलाओं के लिए कुछ नहीं

- घर, शौचालय, उज्ज्वला गैस, सुकन्या समृद्धि योजना से हुई करोड़ों बहनों की रक्षा
- यूपीए के समय जेसिका लाल हत्याकांड, निर्भया कांड से देश शर्मसार हुआ
- एनडीए ने बलात्कार पर मृत्युदंड का प्रावधान किया, फास्ट ट्रैक कोर्ट बनवाए
- नीतीश सरकार ने नौकरी में 35 फीसद, पंचायत में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण दिया



प्रात : किरण संवाददाता

पटना । उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 65 साल तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण की कोई बात नहीं की, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने महिलाओं के लिए कई बड़े फैसले लागू किए।

उन्होंने कहा कि जहाँ मोदी सरकार ने करोड़ों गरीब महिलाओं के लिए शौचालय, घर और उज्ज्वला गैस की व्यवस्था की, सुकन्या समृद्धि योजना लागू की तथा विधायिका में 33 फीसद आरक्षण देने जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए, वहीं बिहार की नीतीश सरकार ने 2006 में पंचायत पदों पर महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, दस लाख से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों की स्थापना में मदद की और सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया।

रक्षाबंधन पर देश की करोड़ों बहन-बेटियों की आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा और राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए एनडीए सरकार के रेशमी उपहारों की चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि 10 साल में मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए बजट में 1.5 गुना से अधिक वृद्धि की गई। देश को पहली महिला वित्त मंत्री भी एनडीए में मिलीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने में लगातार बाधक बने रहे, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन ( महिला आरक्षण ) विधेयक पास करा कर नये संसद भवन का शुभारम्भ कराया।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने छात्राओं को साइकिल पोशाक देने की योजना पहली बार लागू कर देश के सामने एक मिसाल पेश की थी। इससे स्कूली शिक्षा में लड़कियों का अनुपात काफी बढा ।उन्होंने कहा कि यूपीए शासन में जेसिका लाल हत्याकांड और निर्भया बलात्कार कांड से पूरा देश शर्मसार हुआ था और आज पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री के शासन में भी संदेशखाली सहित विभिन्न इलाकों में सामूहिक बलात्कार की घटनाएँ हो रही हैं ।कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की ताजा घटना से देश भर में उबाल है। दूसरी ओर एनडीए सरकार ने बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए कानून में संशोधन कर मृत्युदंड का प्रावधान किया। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सत्ता होना महिलाओं की सुरक्षा, प्रगति और सम्मान की तिहरी गारंटी है।



# रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर राजधानी वाटिका में वृक्षारोपण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# हर बहन-बेटी को सम्मान की भाव से देखें : चिराग



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने पटना आवास पर रक्षाबंधन के अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हर साल रक्षाबंधन के मौके पर पूरा परिवार इकट्ठा होता है। मेरे लिए ये खुशी की बात है कि, हम सब मिलकर यह त्यौहार मनाते हैं। मैं पूरे देश को इस त्यौहार की बधाई देता हूं। आज मैं उन बहनों को भी याद करता हूं जो लोगों की असामाजिक मानसिकता के कारण आज इस दुनिया में नहीं है, मैं चाहता हूं कि आज देश के युवा सामूहिक रूप से ये संकल्प ले की जिस तरह से वो अपनी बहनों को देखते हैं, जो सोच अपनी बहनों के बारे में रखते हैं, वही सोच वो देश की हर बहन -बेटी के बारे में रखें। हमें उन मानसिकता को बदलने की जरूरत है, जिसके कारण निर्भया जैसी घटना होती है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# जीवन क्या है ? निर्झर है, मस्ती ही इसका पानी है!

## साहित्य सम्मेलन में आरसी प्रसाद सिंह एवं हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जीवन को परिभाषित करने वाली अमर रचना ह्यजीवन का झरनाह्ल के महान कवि आरसी प्रसाद सिंह, प्रकृति, प्रेम, जीवन और यौवन के महाकवि थे। मैथिली और हिन्दी में समान अधिकार से लिखने वाले आरसी बाबू बिहार के सर्वाधिक लोकप्रिय कवियों,दिनकर, प्रभात, वियोगी, नेपाली और जानकी बल्लभ शास्त्री के साथ परिगणित होते हैं । वे भारत के उस शाश्वत जीवन-दर्शन का चित्रण प्रस्तुत करते हैं, जिसमें जीवन के प्रति एक रागात्मक वितराग है - ह्लजीवन क्या है ? निर्झर है/ मस्ती ही इसका पानी है/ सुख-दुःख के दोनों तीरों से / चल रहा राह मनमानी है।

यह बातें सोमवार को साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और काव्य-संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, मैथिली में, जो उनकी मातृ-भाषा थी, प्रकाशित उनके तीन काव्य-संग्रह- माटिक दीप, पूजाक फूल व ह्यसूर्यमुखी तथा हिन्दी में प्रकाशित ह्यकागज की नावह्ल और ह्यअनमोल वचन काव्य-सागर की अनमोल मोतियाँ हैं। ह्यसूर्यमुखीह्ल के लिए उन्हें 1948 में, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ।डा सुलभ ने जयंती पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को स्मरण करते हुए कहा कि पिछली पीढ़ी के जिन मनीषियों को हिन्दी के उन्नायकों के रूप में स्मरण किया जाता है, उनमे श्रेष्ठतम स्थान पर द्विवेदी जी विराजमान है। संस्कृत, हिन्दी, बांगला और अंग्रेजी भाषाओं के अधिकारी विद्वान और ह्यपद्मभूषणह्ल अलंकरण से विभूषित आचार्य द्विवेदी जी एक महान समालोचक, निबन्धकार और उपन्यासकार थे। वे स्वयं में एक साहित्यिक विश्वविद्यालय थे, जिनका सान्निध्य पाकर अनेक नवोदित साहित्यकार हिन्दी-व्योम के देदीप्यमान नक्षत्र बन गए ।इस अवसर पर आयोजित कवि-गोष्ठी का आरंभ डा शंकर प्रसाद ने अपनी गजल की इन पंक्तियों से किया कि ह्ल मेरा कि स्सा कोई दुहरा रहा है/ कि अपना गम गजल में गा रहा है/ सिले होंठों का कैसा बोल है ये/ जो मेरे दर्द को सहला रहा है । वरिष्ठ कवयित्री डा मधु वर्मा ने स्त्री-विमर्श को स्वर देते हुए प्रश्न किया -राम तुमने शिला से पुनः अहिल्या क्यों बना दिया? देव लोक से जब मेरे सतीत्व की रक्षा नहीं हो सकी। विक्षिप्त रही/ नारी पहचान न पायी आबध पाश को ।वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर ने पावस की शोभा को शब्द दिए- ह्लइतने द्वार खोलना क्या इतनी हल्की सी बात है? संभव क्या सब बूँदें गिनना अविरल जब बरसात हैह्ल! कवयित्री नीता सहाय ने सावन का आह्वान करते हुए आग्रह किया कि ह्लसावन तुम आना फिर से/ धरा का प्यास बुझाने फिर से/ तुम रहते हो तो लगता है/ भरा-भरा है जीवन मेरा ।ह्ल

वरिष्ठ कवि प्रो इन्द्रकांत झा, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, ई अशोक कुमार, शंकर शरण मधुकर, युगेश कुशवाहा, दिनेश्वर लाल दिव्यांशु,मयंक कुमार मानस आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन बाँके बिहारी साव ने किया।

इस अवसर पर, डा चंद्रशेखर आजाद, प्रेम अग्रवाल , नन्दन कुमार मीत, अमन वर्मा, मनुज यादव, राहूल कुमार, जफर अहसन, साहिल राज, श्री बाबू आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# आरक्षण के संरक्षण और संविधान की रक्षा के लिए करेंगे प्रदर्शन : अनिल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बहुजन समाज पार्टी ने आगामी 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया है। यह बंद एससी, एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के खिलाफ और आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बुलाया गया है। बीएसपी का मानना है कि यह लड़ाई संविधान की मूल भावना और दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बीएसपी के बिहार प्रभारी अनिल कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की सामंतवादी और मनुवादी नीतियां दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही हैं। उन्होंने कहा, संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण के अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध करना और दलित समुदाय के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरना हमारी जिम्मेदारी है। अनिल कुमार ने पार्टी के सभी कार्यकताओं और समर्थकों से आह्वान किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से इस भारत बंद में हिस्सा लें। उन्होंने कहा, यह संघर्ष केवल आरक्षण की रक्षा का नहीं है, बल्कि यह संविधान की मूल भावना को बनाए रखने का भी है। इसलिए, हमें एकजुट होकर केंद्र सरकार की दलित विरोधी नीतियों का विरोध करना होगा। बीएसपी ने अपने सभी कार्यकताओं से अपील की है कि वे 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद में अनुशासित और शांतिपूर्ण तरीके से भाग लें और इसे सफल बनाएं। पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन संविधान की रक्षा और दलितों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए है, और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। यह बंद देशभर में विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बीएसपी ने अपनी पूरी शक्ति के साथ समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी का मानना है कि दलितों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह लड़ाई आवश्यक है और इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।


भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं.–27 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक–29.08.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–30.08.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–30.08.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovaton of G.O. flat No-E/1 at New Punaichak, Patna for the year 2024-25. | 597500.00 | 12000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 2 | Renovation of G.O flat No-V/1 at New Punaihak, Patna for the year 2024-25. | 599800.00 | 12000.00 | 1250.00 | 1 month |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 006259 ( BCD ) 2024-25
कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# सब्जी की आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों के हित में सरकार का बड़ा फैसला

## आर्गेनिक तरकारी बेचने के लिए सब्जी बूथ खोलने का निर्णय



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सब्जी की आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को नीतीश सरकार मदद करेगी। उनके उत्पादों को बाजार मुहैया कराया जाएगा। सहकारिता विभाग ने इसकी योजना बनाई है। अब विभाग ने आर्गेनिक तरकारी बेचने के लिए सब्जी बूथ खोलने का निर्णय लिया है। पहले चरण में ट्रायल के तौर पर राजधानी पटना सहित प्रमुख शहरों में पंद्रह बूथ खोले जाएंगे। दरअसल, आर्गेनिक सब्जी के उत्पादन में लागत अधिक लगती है। ऐसे में इसका दाम अधिक होता है जबकि खुले बाजार में कम कीमत की सब्जी उपलब्ध रहती है। इसलिए इसे बेचने के लिए किसानों को स्थानीय स्तर पर बाजार नहीं मिल पाता है। उन्हें कम कीमत पर ही उत्पाद बेच पड़ता है। सब्जी बूथों के जरिए किसानों को आर्गेनिक तरकारी के उचित दाम दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

वर्तमान में ऑनलाइन सब्जी बेची जा रही है। तरकारी मार्ट से लोग सब्जी खरीद सकते हैं। मार्ट से कई होटल, इस्कॉन मंदिर जैसी संस्थाएं सब्जी खरीद रही हैं। सामान्य दिनों में तरकारी मार्ट के जरिए रोजाना 75 हजार से एक लाख रुपये तक की सब्जी बिक रही है। वेजफेड के जरिए वर्ष 2019 से अब तक 74251 टन सब्जी बेचकर 130 करोड़ रुपये से अधिक का टर्नओवर हुआ है। उधर, वर्तमान में राज्य के 20 जिलों के 300 प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी सहकारी समितियां गठित हैं। करीब 41 हजार इसके सदस्य बन चुके हैं। सरकार की योजना सभी जिलों में इसका विस्तार करने की है। इसे देखते हुए सहकारिता विभाग अभी से ही इसके लिए बाजार विकसित करने की तैयारी कर रहा है। सब्जी बूथ उसी दिशा में एक कदम है।

# चंपाई दा आप टाईगर थे और टाईगर ही रहेंगें : मांझी



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। झारखंड के झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को भाजपा में शामिल होने को लेकर जारी सियासी हलचल के बीच केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने उनका स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि चंपाई दा आप टाईगर थे, टाईगर हैं और टाईगर ही रहेंगें। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन परिवार में आपका स्वागत है। जोहार टाईगरङ्क। मांझी के इस पोस्ट के जरिए उनका एनडीए परिवार में स्वागत तो किया है। इस पोस्ट के बाद अब यह कहा जा रहा है कि जिस बात की घोषणा चंपई सोरेन नहीं कर पा रहे हैं, मांझी ने वह खोलकर रख दिया है ।विधानसभा चुनाव में बहुत बड़ा असर होगा वहीं बोधगया में स्थित अपने आवास पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने हमने चंपाई सोरेन का व्यक्तिगत स्वागत किया है। वैसे एनडीए में आना एनडीए के बड़े नेताओं पर निर्भर करता है। इसलिए व्यक्तिगत स्वागत किया है कि हमारे साथ में वैसा ही हुआ था। जो आज चंपई दा के साथ हुआ है। लोकतंत्र में इस तरह की बात नहीं होनी चाहिए। अगर उनको कहा जाता तो निश्चित रूप से स्टेप डॉन कर देते। यह जबरदस्ती उनसे इस्तीफा ले लेना, उनके कार्यक्रम को रद्द कर देना। यह उचित नहीं था। इसलिए हमने उन्हें कहा कि आप साहसी आदमी हैं। आठ जनवरी से जुलाई महीने तक सीएम रहने का काम किया है। इस दौरान उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया था। उनके कार्यों की सराहना होती है। एनडीए में शामिल होने से झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में बहुत बड़ा असर होगा। झारखंड में राजनीति में सक्रिय रूप से साथ रहेंगे और बहुत सीटो पर वहां कब्जा कर लेंगे। नया विकल्प अपनाने पर मजबूर होने का आरोप इससे पहले रविवार को चंपई ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए पार्टी नेतृत्व पर अपमानित करने और नया विकल्प अपनाने पर मजबूर करने का आरोप लगाया। विधानसभा चुनाव से पूर्व चंपई का पालाबदल झामुमो के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें कि चंपई रविवार को कोलकाता के रास्ते दिल्ली पहुंचे। कोलकाता में उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की। इसके बाद देर शाम सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से झामुमो नेतृत्व पर तीखा हमला बोला।


बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–26 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समयः दिनांक–28.08.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समयः दिनांक–29.08.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः दिनांक–29.08.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 96 officer's flat No-B3/2 at Nehru Path, Patna for the year 2024-25. | 1286600.00 | 26000.00 | 2500.00 | 1 month |
| 2 | Renovation of guardroom guest room and bathroom of 96 officer's flat No-B3/47 at Nehru path Patna for the year 2024-25. | 999300.00 | 20000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 3 | Renovation of courtyard, pathway and aluminium window in 96 officer's flat No-A3/8 at Nehru Path Patna for the year 2024-25. | 986200.00 | 20000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 4 | Renovation of 96 officer's flat No-B3/25 at Nehru Path Patna for the year 2024-25 | 981700.00 | 20000.00 | 1250.00 | 1 month |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना
PR. No. 006261 (BCD) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस बार का सुखद संयोग यह रहा कि सावन की शुरूआत भी सोमवार से हुई थी और महीने का समापन भी सोमवार को हुआ। रक्षाबंधन और सावन का सोमवार एक दिन पड़ने से यह सुखद संयोग भक्तों को अच्छा लगा। अहले सुबह से ही जलाभिषेक और महादेव के दर्शन के लिए शिवालयों में लंबी कतारे लग गई। श्रद्धालु कतार में खड़े होकर महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तौर पर व्यवस्था की गई है। मंदिरों को रंग-बिरंगे एलइडी लाइट और तरह-तरह के फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मंदिरों की आकर्षक सजावट देखते ही बन रहा है। इसके साथ ही हर हर महादेव के उद्घोष और श्रावणी गीतों की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा। राजधानी के हर एक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी



भीड़ देखी गई खाजपुरा शिव मंदिर राजाबाजार, शेखपुरा, समनपुरा, जगदेव पथ, आशियाना नगर, राजीव नगर, दीघा, कुर्जी, राजापुर, मैनपुरा, गोसाई टोला, पाटलिपुत्र, कृष्णापुरी, आनंदपुरी, कृष्णा नगर, नेहरू नगर, बोरिंग रोड, बोरिंग कैनल रोड, किदवई पूरी, चकाराम, मंदिरी, लोदीपुर, दरियापुर, अशोक राजपथ, बाकरगंज, कदम कुआं, राजेंद्र नगर, लंगर टोली, जोगीपुर, बाजार समिति, नया टोला, खजांची रोड, कंकड़बाग, मुन्नाचक, पत्रकार नगर, हनुमान नगर, मीठापुर, अशोक नगर, जक्कनपुर, गर्दनीबाग, एयरपोर्ट सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जुटते रहे। कई लोग अपने। घरों में ही उपवास रहकर पूजा अर्चना किया। बेलपत्र, भांग, धथूरा, विभिन्न तरह के फूल महादेव पर अर्पित किया। साथ ही मिश्री, बर्फी, पेड़ा, सहित विभिन्न तरह के मिष्ठानो का भोग लगाकर महादेव से कुशल मंगल की कामना की। दरअसल, सावन के महीने में सबसे विशेष दिन कोई दिन होता है तो वो है सोमवार का दिन। सावन में पड़ने वाला हर सोमवार अपने साथ विशेष आशीर्वाद लेकर आता है। सावन के पहले और दूसरे सोमवार की तरह ही तीसरा सोमवार भी खास महत्व रखता है।

क्या है महत्व : सावन के महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस वर्ष सावन का समापन सोमवार के दिन हो रहा है। मान्यता के अनुसार, इस शुभ अवसर पर महादेव की उपासना और मंत्रो का जप करने से घर में खुशियों का आगमन होता है और सुख-शांति मिलती है। महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़ : पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया स्थित महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में भी अहले सुबह से ही महादेव के जलाभिषेक के लिए भक्त जनों की भीड़ लगी रही।


बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 35 वर्ष 2024–25
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 27.08.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01- | Renovation of Wooden Flooring in Chief Executive Officer and Kitchen in Bihar Swastha Suraksha Samiti at Extended Building of Block- 03, 2nd Floor in the Campus of Old Sectt., Patna for the year 2024-25. |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना
PR. No. 006203 (BCD) 2024-25
बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

## संक्षिप्त खबरें

### दलित किशोरी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार, वाम दलों का आज का धरना स्थगित

मुजफ्फरपुर। जिले के पारू में एक दलित लड़की की नृशंस हत्या के मुख्य अभियुक्त संजय राय की गिरफ्तारी के बाद पारू प्रखंड पर वामदलों, विपक्षी राजनीतिक दलों तथा नागरिक संगठनों के द्वारा 20 अगस्त को पारू प्रखंड पर होने वाले धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। भाकपा-माले जिला सचिव कृष्णमोहन ने सभी दलों व संगठनों के अध्यक्ष व सचिव से बात कर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। माले सचिव ने पारू के लालूछपरा गांव में रविवार की तनावपूर्ण घटना पर क्षोभ व्यक्त किया है। कहा है कि पुलिस-प्रशासन की लापरवाही के कारण उस गांव में इस तरह की तनावपूर्ण वारदात व घटना घटी है। दलित लड़की के साथ जघन्य दुष्कर्म और हत्या के कारण दलित समुदाय में आक्रोश स्वभाविक है। माले सचिव ने आक्रोशित दलित नौजवानों पर किसी तरह की पुलिसिया ज्यादती पर रोक लगाने और गिरफ्तार नौजवानों को रिहा करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि सत्ताधारी राजनीतिक ताकतें जातीय उन्माद फैलाने में जुटी हैं जो खतरनाक है। अभी तक भाजपा-जदयू पारू की घटना पर चुप्पी साधे हुए है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चुप हैं। भाजपा के राज्य अध्यक्ष का कल ही मुजफ्फरपुर में भाजपा कार्यकताओं ने अभिनंदन किया है लेकिन पारू की घटना पर वे चुप्पी साधे रहें हैं।

### युवती से दुष्कर्म का मामला दर्ज

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में जबरन घुसकर कर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता के बयान पर गांव के ही दो युवकों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना बीते शनिवार रात की बताई जा रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया की रात के अंधेरे में पड़ोस के मो अयूब मस्तान के पुत्र मो बख्तियार व मो इरफान घर में घुस गया। और अकेली पाकर दोनों ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुन पहुंचे आस पास के लोगों को देख दोनों वहां से भाग निकले। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पीड़िता के बयान पर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### वसूली करते फर्जी दारोगा गिरफ्तार

बोचहा।थाना क्षेत्र के शर्फुद्दीनपुर गुदरी बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर जेलेबिया मोड के समीप एसआई की वर्दी पहने वाहन को चेक कर रहे फर्जी दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।, पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रोशी गांव के श्रवण कुमार 28 के रूप में हुई है। उसके पास से सोल्डर पर लगे दो स्टार वाली खाकी वर्दी, बिहार पुलिस का लोगो, अशोक स्तंभ लगा हुआ ब्राउन रेड कलर का बेल्ट, नेम प्लेट सहित अन्य समान पुलिस ने बरामद किया है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि फर्जी पुलिस द्वारा अवैध वसूली की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहने हुए भागने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि फर्जी पुलिस बनकर अवैध वसूली कर रहा था। सोमवार को पकड़े गए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### डॉ जगन्नाथ मिश्र की पुण्यतिथि पर पूर्व विधान पार्षद ने दी श्रद्धांजलि

दरभंगा।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डा जगन्नाथ मिश्र की पांचवीं पुण्यतिथि पर पूर्व विधान पार्षद प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने सोमवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि डा जगन्नाथ मिश्र बिहार की राजनीति के एक मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने अर्थशास्त्र के एक प्रोफेसर के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की और बाद में कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री बने। साथ ही, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में भी मंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने कहा कि बिहार की सियासत में दो दशक तक कद्दावर चेहरा बनकर चमकते रहने वाले डाक्टर साहेब के नाम से चर्चित डा जगन्नाथ मिश्र ने अपनी विचारधारा से आजीवन कभी कोई समझौता नहीं किया। बिहार के गांव -गांव में उनके समर्थकों और चाहने वालों की बड़ी संख्या थी। अपना रास्ता खुद तय करनेवाले बिहार के इस महान जननेता का अपना अलग राष्ट्रीय व्यक्तित्व था।

# यौन शौषण व हिंसा के खिलाफ विकल्प ने निकाला विरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।देश में बढ़ रहे लूट, हत्या, बलात्कार व अश्लील गीत एवं फिल्मों के खिलाफ बिहार राज्य जनवादी सांस्कृतिक सामाजिक मोर्चा ह्वविकल्पह्व की नवोदित इकाई द्वारा विरोध मार्च किया गया। जिसमें साथियों ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से देश में बढ़ रहे यौन शोषण व हिंसा की घटनाओं को रेखांकित किया।सरकार से कई सवाल करते हुए जनता के एकजुट होने का भी आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए पूनम कुमारी ने इन घटनाओं के प्रति रोष प्रकट किया व ग्रामीण क्षेत्रों में यौन हिंसा के केसों में लगातार बढ़ोतरी का कारण मनुवादी सोच को बताया। उन्होंने विस्तार से स्थानीय महिला समस्याओं पर अपनी बातें रखी। उसके बाद निशा ने अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि देश की सरकार का बेटी बचाओह्नबेटी पढ़ाओ का नारा फिसड्डी साबित हुआ है। सरकार ने देश की बेटियों को सुरक्षा देने के बजाय उनको असुरक्षित देश में ला खड़ा किया है। रिया ने अपने संबोधन में कहा कि देश में घटती इस तरह की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों के शिक्षण में बाधक क रहा है। लोग अपने बेटियों को पढ़ने के लिए बाहर भेजने में संकोच कर रहे हैं। जिसके कारण उनका भविष्य गहरे अंधकार की ओर अग्रसर हो रहा है। बिंदिया ने कहा कि एक तरफ देश की बेटियां अपना नाम विदेशों में रौशन कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने ही देश में कई तरह के प्रताड़नाओं व घरेलू हिंसाओं का शिकार हो रही है। यह गंभीर चिंता का विषय है। इसके बाद कृति ने आक्रोशित स्वर में कहा कि आज जो घटना कोलकत्ता, मुजफ्फरपुर के पारू और देश के हर इलाके में घट रही है वो सही नहीं है, इसलिए हमने पोस्टर बनाकर इसका विरोध किया व पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की मांग की हे। विरोध मार्च को अंकुश, अंशु, साक्षी व राजू ने भी सम्बोधित किया।अंत में दो मिनट का मौन रखकर पीड़िताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर रंजीत, सुमन, रिया, सोनाक्षी, राजवीर, अमरेश, ऋतु, मनीषा, आकाश, बालवीर, निशा, आलोक तथा आनंद उपस्थित थें।

## पारू में अशांति फैलाने के आरोप में गोल्डन दास समेत 17 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के पारु थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में दलित युवती की हत्या मामले में दिन प्रतिदिन नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं। ताजा घटना रविवार को उस समय घटी जब पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और बिहार सरकार के मंत्री जनक राम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान भीम आर्मी के कथित राष्ट्रीय अध्यक्ष गोल्डन दास के नेतृत्व में सैंकड़ों भीम आर्मी के कार्यकताओं ने सरैया थाना क्षेत्र के मानिकपुर चौक को जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वहां से ये कार्यकर्ता पारु थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव पहुंच गये और मुख्य आरोपी संजय यादव के साथ-साथ करीब एक दर्जन घरों में जमकर उत्पात मचाया ।गांव के कई घरों में घुस कर तोड़फोड़ और मारपीट की ।इस दौरान कई ट्रैक्टर, चार चक्का और बाइक को भी तोड़ डाला।

घरों में भी घुसकर लूटपाट की गई।सूचना के बाद सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन के नेतृत्व में आसपास के सभी थाना की पुलिस गोपालपुर पहुंची और उपद्रव कर रहे भीम आर्मी के कार्यकताओं को कानून हाथ में न लेने कि अपील कि। इस दौरान भीम आर्मी के कार्यकताओं के द्वारा पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दिया गई पुलिस ने आत्मरक्षा में लाठी चार्ज कर भीम आर्मी के कथित राष्ट्रीय अध्यक्ष गोल्डेन दास समेत 17उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि एक तथाकथित नेता गोल्डेन दास के द्वारा अपने समर्थकों के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला लालू छपरा में जातीय उन्माद, हिंसा फैलाने,तनाव उत्पन्न करने एवं विधि व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया। गोल्डेन दास के समर्थक व उपद्रवी तत्त्वों द्वारा कुछ घरों एवं जगहो पर तोड़-फोड़ किया गया है ।घटनास्थल एवं मृतका के घर के आस-पास लगातार कैम्प कर रही पुलिस टीम द्वारा काफी समझाया-बुझाया गया परन्तु गोल्डेन दास एवं उसके समर्थकों द्वारा पुलिस टीम पर भी हमला किया गया। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा गोल्डेन दास पिता स्व० नंदलाल दास साकिन दास मोहल्ला थाना- नवीननगर जिला-औरंगाबाद एवं अन्य 16 को हिरासत में लेकर विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

जातीय उन्माद, हिंसा फैलाने, विधि व्यवस्था संबंधित समस्या उत्पन्न करने एवं पुलिस पर हमला के आरोप में 17 नामजद एवं 250 अज्ञात पर पारू थाना कांड सं0-277/24 दर्ज की गई है। औरंगाबाद के नवीनगर , गया के परैया एवं चंदौली थाने में गोल्डेन दास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज बताएं जा रहे हैं।

## दो लूट कांड का पुलिस ने किया सफल उद्भेदन

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य सड़क के दुमदुमा पुल के समीप से पिकअप पर से लुटी गई ईस्टमैन कंपनी की तीन बैटरी 3 अगस्त की रात अज्ञात बदमाशो द्वारा कर लिया गया था। एक बाईक सवार तीन बदमाश ने पिकअप को जबरन हथियार के बल पर रोक कर घटना को अंजाम दिया था। इसी घटना को लेकर कल्याणपुर थाने में 191/ 24 चालक भारतेंदु कुमार सरायरंजन थाना के बाजितपुर गांव निवासी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। सोमवार को सदर एसडीपीओ-2 विजय महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि दो घटना का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। जिस घटना का नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा एसआई शंभू नाथ सिंह की टीम ने सफल उद्वेदन करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार बदमाशों में भुटटा चौक गोपालपुर के मोहम्मद इलियास पुत्र मोहम्मद सिराज उर्फ मोहम्मद फैसल व दूसरा बदमाश मोहम्मद जुमन के पुत्र शहनवाज उर्फ चुनमुनि तीसरे बदमाश भागीरथपुर गांव के स्वर्गीय सियालाल महतो के पुत्र वीरू कुमार महतो उर्फ धीरू महतो को गिरफ्तार किया गया। वहीं शाहनवाज से एक रेडमी कंपनी का एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया। वहीं दूसरी 16 अगस्त की रात दुमदुमा पुल के समीप मोहम्मद कासिम के पुत्र काजिम रामपुरा निवासी से दो अज्ञात अपराध कर्मी द्वारा वादी को चाकू वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर उसका बाइक लुट लिया गया था। बाइक लूटी भी दुमदुमा पुल के बाइक सवार तीन युवक चाकू के भय दिखा एक बाईक एक एंड्रॉयड फोन लूट लिया था। डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हीरो कंपनी एचएफ डीलक्स बीआर33ए/एफ6859 गोपालपुर के हैदर के घर के समीप से पुलिस ने बरामद की साथ ही ओप्पो कंपनी की एंड्राइड मोबाइल ऑनर कंपनी की एंड्राइड मोबाइल फोन को बरामद किया। कल्याणपुर थाना कांड संख्या 206/24 मोहम्मद सोनू खान उर्फ सोनू उर्फ शुगर ग्राम खजूरी स्वर्गीय जुबेर खान के पुत्र को गिरफ्तार किया गया है।

## महाविद्यालय में दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर संपन्न




प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। पूर्णिमा राम प्रताप संस्कृत महाविद्यालय बैगनी में कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति लक्ष्मी निवास पांडेय के निदेर्शानुसार 9 अगस्त से चल रहे दस दिवसीय निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर संपन्न हो गई। महाविद्यालय के सहायक डॉ संतोष कुमार झा के संयोजकत्व व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रविशंकर झा ने की।

संस्कृत सप्ताह समारोह के चौथे दिन संस्कृत दिवस के अवसर पर पूर्वार्ध में संयोजक ने महाविद्यालयीय छात्र, छात्राओं के सहयोग से संस्कृत का जयघोष के साथ प्रभात फेरी तथा उत्तरार्ध में अक्षर श्लोकी प्रतियोगिता का आयोजन कर संस्कृत दिवस प्रयुक्त सभा का धन्यवाद ज्ञापन किया। द्वितीय निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर बहुत जल्द शुरू करने का रूप रेखा तैय्यार करते हुए समाज के किसी वर्ग एवं आयु के लोग महाविद्यालय में नित्य तीन से चार बजे तक निःशुल्क सम्भाषण प्रशिक्षण ले सकते हैं। सभा की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ रविशंकर झा ने की, मुख्य वक्ता के रुप में डॉ राम कुमार झा, डॉ जय शंकर प्रसाद, डॉ पंकज कुमार राय, अंजनी कुमार चौधरी आदि ने सम्बोधित किया। प्रधानाचार्य ने रानी, मंजिला, गौड़ी, रितिका, काजल, रेशम एवं नारायण कुमार को पुरस्कृत किया।

## तिरहुत कृषि महाविद्यालय का 64 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। कल तिरहुत कृषि महा विद्यालय ने अपनी स्थापना का 64वां साल पूरा कर लिया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में कालेज का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. एस. पांडे ने कहा कि तिरहुत कृषि महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है और देश के कृषि को नई दिशा देने में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के छात्र देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल तकनीक और प्रवेदों के अविष्कार करने के बारे में सोचना चाहिए। तिरहुत कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. पी.पी. सिंह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है और महाविद्यालय ने कृषि के विकास में काफी योगदान दिया है।निदेशक अनुसंधान डॉ. ए.के. सिंह ने छात्रों और वैज्ञानिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि उन्हें गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेनी चाहिए और भविष्य को और अधिक सुनहरा बनाने के प्रयासों के बारे में सोचना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के वैज्ञानिक, छात्र तथा विश्वविद्यालय के निदेशक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर कुलपति डॉ. एस. पांडे ने कहा कि तिरहुत कृषि महाविद्यालय को अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेनी चाहिए और भविष्य को और अधिक सुनहरा बनाने के प्रयासों के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने छात्रों और वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वह ऐसे तकनीक और प्रवेदों के अविष्कार करने के बारे में सोचें जो जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हो। बताते चलें कि राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री डाक्टर श्रीकृष्ण सिंह ने 18 अगस्त ,1960 को मुजफ्फरपुर के ढोली में तिरहुत कृषि महाविद्यालय की स्थापना का शिलान्यास किया था।

## एक शाम वीरों के नाम कार्यक्रम में सम्मानित हुई दरभंगा की सात वीरांगनाएं




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सामाजिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य जागरूकता एवं पारिवारिक मिलन आदि कार्यक्रमों के लिए जाना जाने वाला दरभंगा यूनेस्को क्लब द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के जुबली हॉल में आयोजित एक शाम वीरों के नाम कार्यक्रम में दरभंगा क्षेत्र के सात वीरांगनाएं क्लब द्वारा सम्मानित की गईं। इनमें वीरांगना मीणा देवी, बुछिया देवी,नीलम देवी,राजकुमारी झा, सुशीला देवी, कामिनी देवी, नीलम देवी-२, के नाम शामिल हैं। जिन्हें चादर, पुष्पमाला, मोमेंटो तथा उपहार आदि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें कविता पाठ, नाटक एवं नृत्य आदि की प्रस्तुति की गई। क्लब के अध्यक्ष डा विनोद कुमार की अध्यक्षता एवं संस्थापक अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के संयोजक बिनोद कुमार पंसारी के संचालन में आयोजित समारोह में दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर, नगर विधायक संजय सरावगी, संदीप विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो समीर कुमार वर्मा, मखाना अनुसंधान केन्द्र, दरभंगा के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार, क्लब के प्रधान सचिव एस एच अली, कोषाध्यक्ष प्रोड्ड मनोरंजन प्रसाद आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत टीका लगाकर, चादर, पुष्पमाला तथा मोमेंटो आदि से किया गया। दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते हुए दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि यूनेस्को क्लब का यह कार्यक्रम विशेष रूप से सराहनीय है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे इन वीरांगनाओं को सम्मानित करने का अवसर मिला है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में दरभंगा के नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि मुझे क्लब की स्थापना काल से ही ह्यएक शाम वीरों के नामह्व से आयोजित सभी कार्यक्रमों में आने का अवसर मिला है। ऐसी वीरांगनाओं का सम्मान कर हम खुद ही सम्मानित होते हैं। हम अपने सैनिकों के कारण ही सुरक्षित हैं।

वहीं शिक्षविद राघवेंद्र कुमार के संचालन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में माउंट समर कान्वेंट स्कूल, लहेरियासराय, सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल, अल्लपट्टी तथा ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल, कादिराबाद के छात्र- छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

## सैकड़ों कांवरियों ने गंगाजल से किया बाबा सिद्धेश्वरनाथ का जलाभिषेक



प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड के टटुआर पंचायत अंतर्गत विशौल गांव स्थित प्राचीन बाबा सिद्धेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन की अंतिम सोमवारी पर सिमरिया से पैदल एवं वाहन से गंगाजल लाकर सैकड़ों कमरथुओं ने सोमवार को जलाभिषेक किया। मंदिर में जलाभिषेक करने वाले भक्तों की कतार देर शाम तक लगी रही। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने रंग-बिरंगी झांकियों एवं ढोल-नगाड़े. के साथ पैदल कांवर यात्रियों का गांव की सीमा पर अगवानी की और हर हर महादेव के जयघोष के साथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जीवकांत मिश्र ने बताया कि बाबा सिद्धेश्वरनाथ महादेव की महिमा इस इलाके में काफी प्रसिद्ध है। भक्तों का मानना है निर्मल मन से बाबा सिद्धेश्वर नाथ के दरबार में हाजिरी लगाने वालों के मन की मुराद निश्चय ही सिद्ध होती है। इसलिए सावन की सोमवारी और शिवरात्रि में बाबा सिद्धेश्वर नाथ इलाके के शिवभक्तों के विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु बनते हैं। गांव के युवकों द्वारा आयोजित भव्य रूद्राभिषेक अनुष्ठान एवं भजन संध्या का आयोजन भक्तों के विशेष आकर्षण के केन्द्र में रहा। मंदिर में लगे शिलापट्ट के अनुसार नर्मदा कुंड से प्राप्त शिव दंपति व गणेश की मूर्ति के साथ शिवलिंग की स्थापना 1763 शाके की चैत्र शुक्ल दशमी बृहस्पति को महान शिव उपासक एवं अपने समय के प्रकांड विद्वान सिद्धेश्वर नाथ मिश्र ने की। जानकार बताते हैं कि यहां स्थापित तीनों मूर्तियों में से दो मूर्तियां गिरजापति भगवान शिव की सायुज्य मुक्ति की प्राप्ति के लिए तथा तीसरी गणेश की मूर्ति के साथ शिवलिंग की स्थापना सकल अभिलाषित मनोकामना की शीघ्र प्राप्ति के लिए की गई है। मंदिर में प्रवेश करते ही यहां स्थापित शिवलिंग भक्तों को विशेष रूप से आकर्षित करता है। समय के प्रवाह में खंडहर में तब्दील हो चुके इस मंदिर का वर्ष 1982 में ग्रामीणों ने एकजुट होकर जीर्णोद्धार कराया।

## उपन्यास को फिल्म में रूपांतरित करना एक चुनौती पूर्ण कार्य : सौम्य सरकार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। रामदयालु सिंह महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में ह्लएडॉप्टेशन ऑफ नोवेल इनटू फिल्मह्व विषय पर मुख्य वक्ता डॉ सौम्य सरकार, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग नितिश्वर कॉलेज ने कहा कि जब किसी उपन्यास को फिल्माया जाता है तो लेखक और पाठक दोनों परिवर्तन और समावेश देखकर अवाक रह जाते हैं। उपन्यास को फिल्म के माध्यम में परिवर्तित करते समय मूल स्रोत से छेड़छाड़ कर दी जाती है। नोबेल की मूल कहानी,भावना और आत्मा का परिवर्तित रूप फिल्म में दिखाई पड़ता है। मनोरंजन एवं व्यवसायीकरण के हावी होने से उपन्यास का मूल तत्व गायब हो जाता है। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉ नीलिमा झा ने कहा कि उपन्यास को फिल्म में रूपांतरित करते वक्त मूल स्रोत के प्रति सजग रहना होगा तभी उपन्यास की आत्मा बचेगी। उपन्यास का फिल्मांकन करते वक्त चित्र, संगीत, ध्वनि और रंग के संयोजन पर भी वास्तविक रूप से ध्यान देना होता है।सेमिनार में डॉ संजय कुमार सुमन, डॉ आर एनओझा, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ एम एन रजवी, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ राजीव कुमार, डॉ नीरज कुमार मिश्रा, डॉ सरोज पाठक, डॉ सौरभ राज, डॉ आनंद प्रकाश दुबे, डॉ आयशा जमाल, डॉ सुमनलता, डॉ श्रुति मिश्रा, डॉ मीनू कुमारी, डॉ आरती मित्रा,डॉ विवेक मिश्रा, डॉ मनीष कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे। सेमिनार में मंच संचालन डॉ हसन रजा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रियंका दीक्षित ने किया।

## सांसद ने विश्वकल्याणार्थ हेतु देवाधिदेव महादेव का किया रुद्राभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार और पूर्णिमा के पावन अवसर पर लोकसभा की लाखों जनता जनार्दन सहित संपूर्ण मिथिलावासी, बिहारवासी, देशवासी सहित विश्वकल्याणार्थ हेतु देवाधिदेव महादेव का विधि विधान से पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किए। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव इस श्रृष्टि के पालनकर्ता है और इनके आराधना से व्यक्ति के जीवन में आए हुए दुखों का नाश होता है। सांसद ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि आज भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन भी है। उन्होंने समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि आज सभी भाइयों को समाज के सभी बहनों के सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

## सावन के अंतिम सोमवरी को कुशेश्वरस्थान में शिव भक्तों की उमड़ पड़ी भीड़




प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा) मिथिलांचल के प्रसिद्ध तीर्थ नगरी कुशेश्वरस्थान में सावन माह के अंतिम सोमवरी को कुशेश्वरस्थान में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने कुशेश्वर नाथ महादेव को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया और अपने स्वजनों के सुख समृद्धि का कामना किया। अंतिम सोमवारी पर कुशेश्वरस्थान शिवनगरी में शिवभक्तों की भीड़ उभड़ने लगी कोई दंडप्रणाम देते तो कोई गाजे बाजे के साथ नाचते झूमते शिवनगरी पहुँचे। प्रशाशनिक स्तर से अंतिम सोमवारी पर बढ़ते भीड़ को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वही न्यास समिति के उपाध्यक्ष बाबु कांत झा एवं न्यास के समिति सदस्य माइकिंग से एलाउंस करते दिखे और शिवभक्तों को भीड़ में कीमती सामान जैसे ज्वेलरी,पर्स इत्यादि समान भीड़ में नही ले जय और अपनी समान की सुर5शिवभक्त स्वंय करने की अपील करते दिखे। वही भक्तों की भारी भीड़ और कुशेश्वर नाथ महादेव के प्रति उनके आस्था से शिव नगरी पुरे दिन शिवमय बना रहा। इस दौरान हर हर महादेव ,जय कुशेश्वर तथा बोलबम बोल बम की जयकार से मंदिर गुंजता रहा। रात्रि एक बजे से ही श्रद्धालु शिव गंगा में स्नान कर गजेन्द्र नारायण सिंह धर्मशाला के मुख्य द्वार के दोनों तरफ एक ओर महिला एवं दूसरी ओर पुरुष श्रद्धालु कतारबद्ध लाइन में खड़े होने लगे। अहले सुबह लगभग तीन बजे पंडा समाज के सरकारी पुजा एवं आरती के बाद आम श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए गर्भगृह का पट खोला दिया गया। पट खुलते ही करीब श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा के बाद जलाभिषेक का दौर शुरू हो गया। अनुमंडल प्रशासन के संयुक्त आदेश के मुताबिक निर्धारित स्थलों पर तैनात दंडाधिकारी और सुरक्षा बलों की निगरानी में शिवभक्तों ने देर शाम तक जलाभिषेक किया। मैया पार्वती, भैरव नाथ सहित अन्य देवी देवताओं का पट बंद रहने से श्रद्धालु को इन देवताओं को जल अर्पित नहीं कर सिर्फ दर्शन कर ही संतोष करना पड़ा। भक्तों के बढ़ते भीड़ को देखकर न्यास समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ उमेश कुमार भारती जहां लाइन में खड़े श्रद्धालुओं के घुम घुम कर निगरानी करते हुए संयम बरतने की अपील कर रहे थे। वहीं एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी ने मंदिर के गर्भ गृह की कमान स्वयं संभाले हुए थे। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सुरक्षा बलों को आवश्यक निर्देश देते रहे। शिवगंगा से लेकर बाजार के विभिन्न चौक और मुख्य सड़क और यात्रियों के मार्ग पर लगातार प्रशासन की ओर से निगरानी की जा रही थी। न्यास समिति के सचिव विमल चन्द्र खां और सीओ गोपाल पासवान नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी कैमरे का स्क्रीन से मंदिर के गर्भगृह और परिसर का निगरानी कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम चिकित्सकों के साथ अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर तैनात रहते हुए जरूरत मंदों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहे थे। पुजा अर्चना करने के लिए सीमावर्ती जिला समस्तीपुर, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, मुंगेर , भागलपुर, कटिहार एवं सहरसा के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी शिवभक्तों ने आकर कुशेश्वर नाथ महादेव को दर्शन पूजन किया।

## ग्रेंड फिनाले में जाएगी करख की अनुप्रिया, दिल्ली में ट्रेनिंग के लिए जा रही

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर /समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत देसरी करख वार्ड 7 टोला भवंदा निवासी प्रभाष चंद्र और आंगनवाड़ी सेविका बबिता कुमारी की पुत्री अनु प्रिया भारती एली क्लब से चयनित होकर अब बॉलीवुड में जलवा बिखेरेंगी। यह नौंवी कक्षा की छात्रा हैं और इस उम्र में इनका चयन मॉडलिंग के क्षेत्र में हुआ है। अनुप्रिया भारती और इनके पिता प्रभाष की मानें तो इसने अपनी प्रतिभा को पंख देने के लिए आनलाइन आवेदन किया था। तत्पश्चात पटना में विगत 7 जुलाई को आडिशन हुआ। बिहार में कुल 70 प्रतिभागियों में यह 5वीं प्रतिभागी रही जिनका चयन किया गया। फिर दिल्ली में इंडिया के टाप 50 शहरों के प्रतिभागियों में इसे 61वीं पाजीशन दी गई। इस बार बिहार की ओर से अनु प्रिया भारती दूसरी बच्ची है, जिसका चयन इस क्षेत्र में हुआ है। स्वजन बताते हैं कि विगत 26 वर्षों में अनुप्रिया भारती का चयन 5वीं लड़की माडल के रुप में हुई है। इसकी सफलता पर स्थानीय माकपा विधायक अजय कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, पूर्व प्रखंड प्रमुख रुपांजलि कुमारी, भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा, दिलीप नारायण सिंह उर्फ पप्पू, दीपक पूर्वे, हरिवंश कुमार, एमबीबीएस प्रवीण कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमुई की नन्ही जुही ब्रांच मैडल जितने में हुई कामयाब

सोनो जमुई : मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित बास्केट बॉल इंडोर स्टेडियम में आयोजित 16 से 18 अगस्त वेस्ट जॉन कराटें चैंपियनशिप में एक बार फिर जमुई जिले के झाझा प्रखंड अंतर्गत सिमुलतला की नन्ही बेटी एवं अंतराष्ट्रीय कराटें चैंपियन जूही प्रजापति ने ब्रॉन्च मैडल जितने मै कामयाब हुई है ।ज्ञात हो कि जूही ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने 11और 12 आयु वर्ग में 30 किलो ग्राम में ब्रांच मैडल जीतने में कामयाब हुई ।जूही ने ब्रांच मेडल जीतते ही अपने मैडलों की हाफ सेंचुरी ठोक दी है ।जूही ने अब तक कुल 32 गोल्ड 10 सिल्वर और 8 ब्रांच मेडल जीत चुकी है । जूही इससे पहले लगातर चार बार स्टेट चैंपियन और चार बार लगातार नेशनल चैंपियन और एक बार इंडिया ओपन इंटरनेशनल चैंपियन भी रह चुकी है । जूही का सपना अपने देस के लिए मैडल लाना है ।जूही जयपुर की द पैलेस स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा है ।जूही के कोच निर्मल बोहरा और मोहन श्रेष्ठ ने जूही की इस जीत से जूही को बधाई दी है ।वहीं द पैलेस स्कूल की प्रधान अध्यापक उर्वशी वर्मन एवं महाराजा सवाई मानसिंह तथा द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्ता , क्लास टीचर प्रतिभा यादव एवं शेर सिंह शेखावत ने भी जूही की उज्वल भविष्य की कामना की है ।

# स्वास्थ्यकर्मी की लापरवाही के कारण अस्पताल में दम तोड़ दी डायरिया बीमारी से ग्रस्ति मासूम बच्ची

## बच्ची की तबीयत बिगड़ने के बाद एंबुलेंस के लिए परेशान रहे परिजन, चालक को किया गया कई बार फोन

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई [ झाझा ] डायरिया बीमारी एक तरफ अपना पांव ग्रामीण क्षेत्र में पसार रही है तो वही दूसरी तरफ रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मी की लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां सोमवार की रात्रि में इलाज के अभाव में डायरिया से ग्रस्ति एक मासूम की जान चली गई। दरअसल सरैया गांव के रहने वाले गुरा मुर्मू की दो वर्षीय पुत्री सुनी कुमारी का इलाज अस्पताल में रविवार की शाम को भर्ती करवाया गया जहां रात्रि में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद डयूटी पर तैनात एएनएम नीलिमा कुमारी प्रसवकक्ष में तैनात थी। जब बच्ची की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उनसे संपर्क किया लेकिन एएनएम जांच कि लेकिन स्लाइन चढ़ाने की जरूरत पड़ी तो एएनएम सही रूप से स्लाइन नही चढ़ा पाई। जिसके बाद बच्ची की तबीयत ज्यादा बिगड़ी जिसके बाद डॉक्टर उसे जमुई सदर अस्पताल रेफर किया लेकिन एंबुलेंस चालक की लापरवाही के कारण बच्ची की जान चली गई। अस्पताल में डायरिया बीमारी से ग्रस्त भर्ती मरीज सरैया गांव के रहने वाले छोटेलाल मुर्मू ने बताया कि रात्रि में बच्ची की तबीयत खराब हो गई जिसके परिजन आनन फानन में एएनएम को बुलाया लेकिन एएनएम बच्ची को स्लाइन चढ़ाने में हिचकिचाहट कर रही थी जिसके बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ते गई। जब डॉक्टर ने बच्ची को रेफर किया तो अस्पताल में एबुलेंस खड़ी थी पर चालक को कुछ अता पता नही था लगभग दो घंटे के बाद एंबुलेंस की सुविधा बच्ची के परिजनों को नही मिल पाया। छोटेलाल मुर्मू ने बताया कि अस्पताल में डायरिया बीमारी की चपेट में आए मरीज जिदंगी मौत की लड़ाई लड़ रहा है लेकिन स्वास्थ्यकर्मी को इन बातों से कुछ भी मतलब नही है। रात्रि में एएनएम भी गायब रहती है। अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार ने बताया कि मुझे स्वास्थ्य प्रबंधक के द्वारा एंबुलेंस चालक को पांच बार कॉल करने की जानकारी भी दिया और उसका कॉल डिटेल भी भेजा और बताया गया कि एंबुलेंस चालक पवन फोन रिसीव नही कर रहा है। इसके अलावे अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि रविवार की सुबह भी जब मैने मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है कि नही इसकी जांच के लिए पहुंचा तो पाया कि अस्पताल में रोस्टर के अनुसार एएनएम डयूटी से गायब है। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि एएनएम, एंबुलेंस चालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कि जाएगी।

## हैवानियत की शिकार बनी देश की दो बेटियों के लिए लोगों ने निकाला कैंडल मार्च




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] कोलकाता में टेज्नी डॉक्टर और मुजफ्फरपुर दलित लड़की के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ खलासी मुहल्ला के युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर वी वांट जस्टिस का नारा लगाया। कैंडल मार्च अंबेडकर विचार मंच स्थल के पास पहुंचकर शोकसभा में तब्दील हो गया और लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।कैंडल मार्च में जिप सदस्य धर्मदेव यादव, नदीम, फहाद, राजू, बबलू, नजरूल, शमशाद ने कहा कि सरकार एक तरफ बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का नारा देती है तो वही दूसरी तरफ देश में बेटी सुरक्षित नही है। देश में महिलाए सुरक्षित नही है जिसके कारण अब अभिभावकों भी डरे सहमे हुए है कि अपनी बेटी को कैसे पढ़ाई, जॉब के लिए अन्य घर से बाहर भेजे। लोगों ने कहा कि यह देश के लिए बड़े ही शर्मशार करने वाली घटना सामने आई जहां हैवानियत करने वाले लोगों खुलेआम घटना को अंजाम दे रहे है। लोगों ने कहा कि सरकार वैसे अपराधी को तुरंत सजा दिलवाए और महिलाओं की सुरक्षा का विशेष इंतेजाम करे। मौके पर लोगों ने कहा कि देश की दोनो बेटियों के परिजनों को भी सुरक्षा मुहैया करवाए।

# धनेश्वर नाथ मंदिर के समीप निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई और एवीबीपी के द्वारा धनेश्वर नाथ मंदिर के समीप निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कहा जाता है कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है और मानव सेवा से बड़ी कोई पूजा नहीं होती। आज के इस बदलते हुए दौर में लोग जहां अपनी जिंदगी से मतलब रख रहे है वही जमुई में कुछ युवा समूह समय समय पर सामाजिक कार्य कर लोगो में सामाजिक कार्य के प्रति जागरूक कर रहा है।

पर्यावरण एवं सामाजिक कार्य में अपना योगदान दे रहे साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई और एवीबीपी के सदस्यो ने आज सावन के पावन मौके पर पांचवे एव अंतिम सोमवारी को भी धनेश्वर नाथ मंदिर के समीप निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर लगाई गई। इस अवसर पर लगभग 8 हजार से अधिक कांवरिया को मंच द्वारा शुद्ध जल, शर्बत, स्वास्थ सुविधा आदि सुविधा प्रदान की गई।

मौके पर उपस्थित पंचायत समिति प्रतिनिधि बदन कुमार ने बताया की तीर्थ करना अपने आप में एक महान कार्य है। परंतु तीर्थ स्थलों में जाकर लोगों की सेवा करने से बेहतर कोई कार्य हो ही नहीं सकता है। महादेव सिमरिया में पैदल चल कर आने वाले श्रद्धालुओं को ऐसे शिविर की काफी जरूरत होती है। मंच से जुड़े युवाओ के सामूहिक प्रयास से लोगो की जो सेवा दी जा रही है वो सराहनीय है यह कार्य भगवान की सच्ची भक्ति के रूप में है।

इस अवसर पर मंच के विवेक कुमार, सचीराज पद्माकर, लड्डू मिश्रा, धनंजय कुमार, कुंदन कुमार, मुन्ना कुमार, गुंजन मिश्रा, लव मिश्रा, एबीवीपी के टिंकू सर, अमन सिंह चंदेल, श्रुति प्रभात, अखिलेष कुमार, अभिनय दुबे, राकेश कुमार, कृष्णा कुमार, प्रवेश कुमार, शुभम कुमार सहित सुमित कुमार सिंह, अनिल साह, बदन कुमार, मंटू बाबु, रीना भूषण, कुंदन सिन्हा, राम कुमार, प्रिंस राज, आनंद प्रकाश के द्वारा सेवा योगदान दिया गया।

## एबीवीपी के विकासार्थ विद्यार्थी ने रक्षाबंधन पर पेड़ों को बांधे रक्षा सूत्र, लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के विकासार्थ विद्यार्थी (रऋ) ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल की। संगठन के सदस्यों ने स्थानीय वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर जमुई के जिला सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक कुसुम यादव, एसएफडी प्रांत सह संयोजक दक्षिण बिहार सूरज बरनवाल, एवं संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक कुसुम यादव ने बताया, ह्नरक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के रिश्ते की सुरक्षा का प्रतीक है। इसी भावना को विस्तार देते हुए हमने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया है। पेड़ हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं, और उनका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।ह्व एसएफडी प्रांत सह संयोजक दक्षिण बिहार, सूरज बरनवाल ने कहा, ह्नपर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आज हमने जो संकल्प लिया है, वह एक छोटे से कदम के रूप में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वृक्ष न केवल हमारे जीवनदायी हैं, बल्कि हमारे भविष्य के लिए भी आवश्यक हैं।ह्व इस अवसर पर संगठन के कार्यकताओं ने क्षेत्र के कई पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधे और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश फैलाया। एबीवीपी के इस प्रयास की स्थानीय नागरिकों ने भी सराहना की। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करना भी है।

# श्रावण पूर्णिमा सोमवारी को बाबा पटेशनाथ मंदिर में उमड़ा भक्तों जनसैलाब

## अहले सुबह से ही कतारबद्ध होकर भक्त जनों ने श्रद्धा और भक्ति से की पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत काला - पिड़रौन पंचायत के सीमांत पर अवस्थित बाबा पटेशनाथ का मंदिर चर्चित है। जहां भक्त जनों की मुरादें पूरी होती है। श्रद्धा और भक्ति के साथ लोग सुलतानगंज से जल भरकर पैदल बाबा पटेशनाथ मंदिर पहुंचते हैं और बाबा पटेशनाथ की पूजा करते हैं। श्रावण मास के अंतिम सोमवारी पर लक्ष्मीपुर और बरहट प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों भक्त सुबह 01:00 बजे से कतारबद्ध होकर श्रद्धा और भक्ति से पूजा अर्चना किया। वहीं सैकड़ों पुरुष महिला पटेश नदी तट से मंदिर तक दंडवत करते हुए बाबा पटेशनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा पटेशनाथ की पूजा अर्चना की। वहीं भक्त जनों की आने जाने वाले मार्ग में टू व्हीलर, थी व्हीलर,फोर व्हीलर गाड़ियों से पट गया था। वहीं दो बस को घुसने से मार्ग घंटों अवरूद्ध हो गया। जिससे भक्त जनों को काफी परेशानी हुई। कोहबरवा जिनहरा मुख्य पथ से पटेश जाने वाली पथरीली राहों पर चलना फिरना भक्त जनों को काफी कष्ट दायक होता है। विभागीय अधिकारियों की मनमानी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आज तक पटेश जाने वाले मार्गों का जिर्णोद्धार नहीं हो पाया है। वहीं लक्ष्मीपुर और बरहट प्रखंड के जनता ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि पटेश जाने वाले रास्ते को दुरुस्त करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश देने का निवेदन किया। जबकि आने वाले दिनों में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के बाद लोगों की पूर्ण आस्था बाबा पटेशनाथ पर आ टीकी है। जितने भी लोग श्रद्धा और भक्ति से बाबा पटेशनाथ की पूजा अर्चना करते हैं उनके सारे मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वहीं श्रावण पूर्णिमा होने के कारण भक्त जनों के जनसैलाब को संभालने हेतु मंदिर के दर्जनों कमिटी के सदस्य सुबह 01:00 बजे से ही कतार लगाने और शांति ढंग से पूजा करवाने में व्यस्त दिखे।

## सावन के अंतिम सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए कांवरियों की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के समापन हो गया। इस वर्ष सावन माह का शुरूआत सोमवार के साथ हुआ और सावन माह का समापन भी सोमवारी के साथ ही हो रहा है। वही सोमवारी को बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करने वाले कांवरियों की भीड़ प्रखंड क्षेत्र के 12 किलोमीटर कच्ची काँवरिया पथ पर सुबह से ही उमड पडी। सुल्तानगंज के उत्तर वाहिनी गंगा घाट से झारखंड स्थित बाबा बैधनाथ धाम तक कावरियों की केसरिया कतार से काँवरियां पथ पटा हुआ हैं। बोल बम और हर हर महादेव के जय घोष से संपूर्ण कांवरियां पथ में आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है। संपूर्ण कच्ची काँवरियां पथ में शिव भक्तों और शिव के भक्तों के सेवा में लगे लोगों के बीच एकता और प्रेम का अनूठा मिसाल देखने को मिल रहा है। रविवार की सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच कच्ची काँवरियां पथ पर कावरियों के पैरों की रफ्तार में कोई कमी नहीं देखी गई। सावन के अंतिम सोमवारी पर बाबा बैजनाथ धाम ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक का लक्ष्य लेकर यात्रा पर निकले डाक बमों की टोली से संपूर्ण कच्ची काँवरियां पथ पर शाम होते उमड़ पड़ी। डाक बम के पैरों में बंधे घुंघरू और गले में लटके सिटी की आवाज और बोल बम के उद्घोष से संपूर्ण काँवरिया पथ गूँजयामान हो उठा। वहीं अंतिम सोमवारी को लेकर कच्ची काँवरिया पथ पर डाक बम की सेवा के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा जगह-जगह सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। जहां शरबत नींबू पानी नींबू की चाय फल आदि से कांवरियों की सेवा की जा रही है। कच्ची काँवरिया पथ पर विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए लगातार पुलिस प्रशासन के द्वारा गस्ती करते देखे गए। जगह-जगह बने पुलिस पिकेट में दंडाधिकारी सहित पुलिसकर्मी मौजूद हैं। स्वास्थ्य शिविर में भी समुचित दवाई की व्यवस्थाएं देखी गई। जहां स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा कांवरियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

## कार्य एजेंसी की लापरवाही के कारण यदि दुर्घटना प्रकाश में आता है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी :आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार)।मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को मुहैया कराने के क्रम में जलापूर्ति, सिवरेज एवं गैस पाईप लाईन योजना के क्रियान्वयन में संलग्न एजेंसियां आपस में समन्वय बनाकर कार्य करे। समन्वय की कमी रहने से अन्य एजेंसियों द्वारा किये गये कार्य क्षतिग्रस्त एवं प्रभावित होने से आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। यदि एजेंसी के लापरवाही के कारण किसी प्रकार की दुर्धटना प्रकाश में आता है तो संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह प्रमंडलीय सभागार में नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत जलापूर्ति, सिवरेज एवं ओं सिटी गैस पाईप लाईन योजना के क्रियान्वयन एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दे रहे थे। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में सिटी गैस पाईप लाईन योजना की एजेंसी द्वारा पीट बनाने के क्रम में सड़क की खुदाई के कारण जलापूर्ति एवं अन्य योजनाओं से संबंधित पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो रहे है और सिटी गैस पाईप लाईन एजेंसी द्वारा इस संबंध में अन्य एजेंसियों के साथ कोई समन्वय नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण जलापूर्ति पाईप लाईन तथा सडक क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त से कहा कि नगर निगम द्वारा गैस पाईप लाईन हेतु आईओसी को दी गयी एनओसी तत्काल स्थगित करते हुए तीन सदस्यीय टीम का गठन करें, जिसमें नगर निगम, पथ निर्माण विभाग एवं आईओसी से सदस्य रहेंगे। गठित टीम गैस पाईप लाईन हेतु पूर्व में बनाये गये पीट के कारण सड़क की खुदाई एवं मरम्मति का निरीक्षण करेंगे । तत्पश्चात उनके द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाने के उपरांत ही आगे के कार्य हेतु नगर निगम एनओसी निर्गत करे। यदि टीम के द्वारा निरीक्षण में कोई कमी पाई जाती है तो उसे दुरूस्त करने हेतु तय समय सीमा में निष्पादन हेतु टाईम लाईन निर्धारण करेंगे और टाईम लाईन के बाद पुनः निरीक्षण में यदि सुधार नहीं होता है तो एजेंसी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि यदि पीट की खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त सड़क से किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो संबंधित एजेंसी के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को हो रही असुविधा, जोखिम के संदर्भ में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति योजना के संबंध में नगर आयुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि 45 वार्डो में से 32 वार्डो के 32510 घरों में कनेक्शन कर जलापूर्ति की जा रही है। शेष 13 वार्डो में पीएचईडी के टॉवर से जलापूर्ति किया जाना है, जिसके संबंध में फिलिंग मेटेरियल आदि एक सप्ताह में प्राप्त होने के बाद कार्य आरंभ कर दी जायेगी। इसके बाद शेष बचे घरों में जलापूर्ति कनेक्शन के लिए सर्वे कराकर प्रस्ताव विभाग को भेजा जा रहा है। आयुक्त ने निर्देश दिया कि उक्त प्रस्ताव की प्रति उन्हें भी उपलब्ध करायी जाय, ताकि उनके स्तर से भी अनुशंसा भेजी जा सके। नगर आयुक्त ने कहा कि जलापूर्ति योजना में पानी/कनेक्शन के संबंध में अब कम शिकायते प्राप्त हो रही है। जलापूर्ति योजना में लिकेज के कारण क्षतिगस्त सड़कों के मरम्मति के संदर्भ में एजेंसी द्वारा बताया गया कि लिकेज की पूर्ण रूप से जॉच कर क्षतिगस्त सड़कों की मरम्मति बुधवार से आरंभ की दी जायेगी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि लिकेज के कारण क्षतिगस्त सड़कों की सूची पथ निर्माण विभाग संबंधित नगर निगम एवं संबंधित एजेंसी को यथा शीघ्र उपलब्ध कराये।

## अंतिम सोमवारी को जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों की भीड उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य,भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया। इसके साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की। पूजन के दौरान हर-हर महादेव ओम नमः शिवाय आदि की जय घोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान होता रहा। प्रखंड क्षेत्र के नवगाईं गांव स्थित शिव शक्ति सिद्ध पीठ के प्रांगण में स्थापित नर्मदेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बड़ोनियां स्थित सिरैया नाथ महादेव मंदिर, संग्रामपुर के मौनी महादेव मंदिर, बेलहरणी नदी के तट पर अवस्थित लक्ष्मीपुर के महादेव मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनों भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर के पट खुलते ही अहले सुबह से श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक एवं पूजन का सिलसिला जारी रहा जो देर शाम तक चलता रहा। पवित्र श्रावण माह के अंतिम सोमवारी पर जगह-जगह शिव परिचर्चा, भजन कीर्तन सहित मंदिरों में कई भक्ति कार्यक्रम का आयोजन मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया है। वहीं शिवालयों को लाईट लगाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं। ध्वनि विस्तारक की यंत्र पर बज रहे शिव भजन से संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति की बयार बह रही है। पूजन के लिए आए शिव भक्तों में काफी उत्साह देखा गया।

# टोटो पलटने से दो गंभीर रूप से जख़्मी, जमुई रेफर



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई० अलीगंजः- चंद्रदीप थाना क्षेत्र के हिलसा कोदवरिया भलुआना रोड में सोमवार को एक टोटो पलटने से एक ही परिवार के माँ- बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए।जिसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जमुई रेफर किया गया।,घायल महिला की पहचान धमौल क्षेत्र के दिनेश मण्डल की 52 वर्षीय पत्नी रेखा देवी एवं भतीजा 12वर्षीय अभिनाष उर्फ गोलू के रूप मे हुई है।घायल रेखा देवी ने बताया की हम अपने बेटा एवं जाऊत के साथ एक ही टोटो पे सवार होकर भाई को राखी बाँधने भालूआना जा रहे थे। तभी मगरोहर मोड़ पुल के समीप बकरी को बचाने के दौरान टोटो पलटने से टोटो की बॉडी में दोनों के पैर पर गिरा और घिसयाते हुऐ कुछ दूर तक गया। जिससे दोनों का पैर गंभीर रूप से घायल हो गया।, उन्होंने बताया की टोटो मेरा पुत्र ही रवि कुमार चला रहा था।, उसने बचाने की बहुत कोशिश किया लेकिन बचाते बचाते टोटो पलट गई।,वही पुत्र रवि कुमार ने हिम्मत जुटा कर टोटो को सीधाकर कर माता एवं चहेरे भाई को उठा कर अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जमुई भेज दिया गया। वहीं दूसरी घटना एक महिला बाइक पर सवार होकर भाई के घर राखी बाँधने जा रही थी। महिला के गिरने से सर मे गंभीर चोट आई और बेहोस हो गई। जिसे उनके परिजनों के सहयोग से अलीगंज पीएचसी लाया गया।,जहाँ डॉक्टरों के प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया गाया।

## भगवान शिव के साथ माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए अंतिम सोमवारी बेहद शुभ माना गया

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रसिद्ध देवाधिदेव महादेव बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में आज पवित्र सावन मास की अंतिम सोमवारी में भारी भीड़ देखी गई।ज्योतिषीस गणना के अनुसार सावन की अंतिम सोमवारी पर कई अद्भुत संयोग भी बना रहे हैं। इतना ही नहीं आज ही सावन की पूर्णिमा और रक्षाबंधन का पर भी मनाया गया। पंडित आचार्य दिपू पंडित,सच्चिदानंद मिश्रा ने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार सावन के अंतिम सोमवारी पर लगभग 90 वर्ष बाद ऐसा दुर्लभ संजोग आया है जिसका प्रभाव सभी 12 राशि पर भी देखने को मिल रहा है। सावन के अंतिम सोमवारी पर बनने वाले इस दुर्लभ योग से विभिन्न राशि की किस्मत भी बदल सकती है। सावन के अंतिम सोमवारी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग,शोभन योग,रवि योग तथा श्रवण नक्षत्र का दुर्लभ संजोग भी बन रहा है। जिसका प्रभाव राशि के जातकों पर ज्यादा देखने को मिलेगा। इसमें ग्रह नक्षत्र का अद्भुत संयोग बन रहा है। पंडित सच्चिदानंद मिश्रा के अनुसार सावन महीने में इस बार पांच शुभ संजोग बना रहे हैं।बाबा बूढ़ानाथ मंदिर के पंडित आचार्य ने बताया कि सावन महीने की शुरूआत सोमवार को और समापन भी सोमवार को दिन में हो रहा है। इसे पंडित महाअद्भुत संयोग के रूप में देख रहे हैं।ऐसे में भगवान शिव के साथ माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए यह सोमवारी बेहद शुभ माना जा रहा है।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में सावन का माह बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। बीते 22 जुलाई से सावन महीने की शुरूआत हुई थी और 19 अगस्त को सावन माह का समापन हुआ। इतना ही नहीं कई वर्षों के बाद सावन महीने में कई अद्भुत संजोग भी देखने को मिला। धार्मिक मान्यता के मुताबिक सावन की सोमवारी भगवान भोले को बहुत प्रिय माना जाता है और इस दिन शिव भक्त महादेव की शिवलिंग पर जल अभिषेक भी करते हैं। वैसे तो सावन का पूरा महीना ही विशेष रहता है लेकिन सावन महीने के सोमवार का खास महत्व होता है। सोमवारी व्रत करने से भक्तों पर बनी रहती है शिव की कृपा पंडित सच्चिदानंद मिश्रा के अनुसार सावन सोमवार का व्रत करने से भाग्योदय होता है और भक्तों पर शिव कृपा भी बनी रहती है। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए सावन सोमवार का व्रत किया जाता है। सावन में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से ग्रह-नक्षत्रों का शुभ फल प्राप्त होता और सभी दोष दूर होते हैं। क्योंकि भगवान शिव सभी ग्रह-नक्षत्र और सृष्टि के स्वामी है,वह देवों के देव महादेव है। जो प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा अर्चना नहीं कर सकता,उसे सावन सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा अवश्य करनी चाहिए और व्रत रखना चाहिए। महादेव को आशुतोष भी कहा जाता है,आशुतोष का अर्थ है तुरंत खुश या प्रसन्न होने वाला। भगवान शिव का प्रिय मास है सावन, होगी अभिष्ट इच्छा पूरी सावन का महीना भगवान शिव का प्रिय माह है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूरे साल शिव पूजा से जो पूर्ण फल मिलता है वह सावन सोमवार में भगवान शिव का जल अभिषेक और बेलपत्र अर्पित करने से प्राप्त होता है। सावन सोमवार का व्रत करने और भगवान शिव की विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने पर जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोवंछित फल की प्राप्ति होती है। सोने पर सुहागा यह है कि इस वर्ष सावन के अंतिम सोमवारी पर एक या दो नहीं बल्कि पांच अद्भुत योग्य में भगवान शिव की पूजा की गई ।

सम्पादकीय

# समाज को सुधारे बिना कुछ नहीं होना ?

विनीत नारायण

समाज में हो रही आर्थिक उथल-पुथल, शहरीकरण, देशी और विदेशी संस्कृति का घालमेल और मीडिया पर आने वाले कामोत्तेजक कार्यक्रमों ने अपसंस्कृति को बढ़ाया है। जहाँ तक पुलिसवालों के खराब व्यवहार का सवाल है, तो उसके भी कारणों को समझना जरूरी है। 1980 से राष्ट्रीय पुलिस आयोग की रिपोर्ट धूल खा रही है। इसमें पुलिस की कार्यप्रणाली को सुधारने के व्यापक सुझाव दिए गए थे। पर किसी भी राजनैतिक दल या सरकार ने इस रिपोर्ट को प्रचारित करने और लागू करने के लिए जोर नहीं दिया।

काम की जगह पर या देश में कभी भी कहीं भी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएँ तेजी बढ़ती जा रही हैं। विशेषकर छोटी उम्र की बच्चियों का बलात्कार करके उनकी हत्या करने के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारे समाज का ये नासूर इतना गहरा है कि पिछले चार-पाँच दिनों में ही देश के अलग-अलग प्रांतों में हुई ऐसी वारदातों को सुनकर आपका कलेजा हिल जाएगा। पंजाब में एक युवा अपनी प्रेमिका को भगा करे ले गया तो उसकी प्रेमिका के घरवालों ने उस युवक की बहन के साथ सामूहिक बलात्कार किया। उत्तराखण्ड में एक नर्स अस्पताल से ड्यूटी खत्म कर घर जा रही थी तो उसके साथ बलात्कार करके उसकी हत्या कर दी गई। तमिलनाडू के तंजोर ज़िले में 22 वर्षीय युवती का तीन मित्रों ने सामूहिक बलात्कार किया। उड़ीसा में एक मशहूर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर को दो मरीजों के बलात्कार के आरोप में गिरफ़्तार किया गया है। मुंबई के साकी नाका में 3 साल की बच्ची से 9 साल के लड़के ने बलात्कार किया। राजस्थान के जोधपुर में 11 साल की लड़की के साथ उसके पड़ोसी ने उससे बार-बार बलात्कार किया। हरियाणा में बलात्कार और हत्या के आरोपी राम रहीम को हर चुनाव के पहले पैरोल पर रिहा किया जा रहा है। इस तरह वो अब तक 235 दिन की आजादी का मजा ले चुका है।

उत्तर प्रदेश में एक बाप ने अपने 13 साल की बेटी के साथ बलात्कार किया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में एक सरकारी अफसर ने दलित लड़की के घर में उससे बलात्कार किया। पुलिस ने एक बुजुर्ग मौलाना को एक बच्ची से बलात्कार से कोशिश करते हुए गिरफ़्तार किया। बिहार में 14 साल की दलित लड़की को सामूहिक बलात्कार के बाद मुजफ़्फरपुर में मार डाला गया। झारखंड में एक स्कूल बस ड्राइवर ने 3 साल की छात्र के साथ बलात्कार किया। कर्नाटक में एक अध्यापक ने 11 साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश की और गिरफ़्तार हुआ। ये सब हादसे पिछले चार पाँच दिनों में हुए हैं। इसके अलावा सैंकड़ों अन्य मामले दबा दिए जाते हैं और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के हजारों मामले रोज होते हैं। हमारे समाज की ये भयावह तस्वीर सिद्ध करती है कि हम घोर कलयुग में जी रहे हैं। महिलाओं के साथ बलात्कार की ये सारी वारदातें देश भर में पिछले हफ़्ते में ही हुई हैं। क्या कहीं भी पुलिस या प्रांतीय सरकार इन बलात्कारों को रोक पायी? कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर से हुई दरिंदगी की खबर ने देश भर में एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठा दिए हैं। देश भर में मेडिकल के छात्र दिल्ली के निर्भया काण्ड की तर्ज.पर इस हादसे के खिलाफ सड़क पर उतरे हुए हैं।

# केसरिया होने को उतावले हैं हमारे चम्पई

-राकेश अचल-

सावन-भादों में सब दूर हरा ही हरा होता है लेकिन झारखंड में चम्पई बाबू केसरिया कहिये या भगवा होने के लिए उतावले है। जैसे खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है वैसे ही फूल को देखकर फूल भी रंग बदलने को मचलने लगता है। चम्पई एक रंग है और इसे चम्पा फूल का रंग भी माना जाता है। चम्पई अर्थात हल्की जरदी या सुनहरापन लिए हुए रंग। झारखंड राजनीति भी आजकल चम्पई के इर्द-गिर्द घूम रही है। आपको याद है न चम्पई जी झारखण्ड के कामचलाऊ मुख्यमंत्री बनाये गए थे। चम्पई कहें या चम्पाई कोई फर्क नहीं पड़ता। वे झारखंड की राजनीति के फकीर है। पांच बार के विधायक और घटमासा मुख्यमंत्री भी है। उन्हें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमानत पर रिहा होते ही मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। बस यहीं से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सियासत में खटाई पड़ गयी और व्यथित चम्पई सोरेन को भाजपा ने अपने जाल में फंसाने की मुहीम शुरू कर दी। भाजपा ने पहले हेमंत सोरेन को जेल भेजकर झारखंड हथियाने के लिए आपरेशन लोटस चलाया था लेकिन आपरेशन नाकाम हो गया। खुद चम्पाई सोरेन जी ने इसे नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन अब वे ही चम्पाई सोरेन एक बार फिर झारखंड की राजनीति के विभीषण बनने पर आमादा हैं। वरिष्ठता के लिहाज से चम्पाई सोरेन कम नहीं हैं। पांच बार के विधायक हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने शिबू सोरेन के साथ मिलकर राजनीति में काम किया है। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के इस फकीर ने 1995 में पहली बार 11वीं बिहार विधानसभा में जीत दर्ज की। 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद, वह 2005, 2009 2014, और 2019 में पांचवीं झारखंड विधानसभा में विधानसभा से विधायक बने। उन्हें उनकी वरिष्ठता के आधार पर, तीन मर्तबा केबिनेट मंत्री भी बनाया गया लेकिन वे परिवारवाद की राजनीति के चलते राज्य के मुख्यमंत्री नहीं बन सके। मुख्यमंत्री बनने का उनका सपना 2 फरवरी 2024 को तब पूरा हुआ, जब 31 जनवरी 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हो गयी। उन्हें हेमंत की गिरफ्तारी के बाद काम चलाऊ मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन 4 जुलाई 2024 को हेमंत की रिहाई के बाद उन्हें अपना राज-पाट छोड़ना पड़ा। यहीं से उनका मन खट्टा हो गया। झामुमो के इस फकीर के मन में पड़ी खटास को देखते ही भाजपा ने एक बार फिर आपरेशन लोटस शुरू किया और चम्पाई पर डोरे डालने शुरू कर दिए। कहते हैं कि अब चम्पाई बाबू बागी हो चुके हैं और अपने कथित अपमान का बदला लेने के लिए वे भाजपा से हाथ मिलाने के लिए उतावले हैं। खबर है की चंपई शनिवार को कोलकाता पहुंचे और फिर रविवार दोपहर दिल्ली। माना जा रहा है कि बीजेपी के कुछ सीनियर नेताओं से उनकी फोन पर भी बातचीत हुई और जल्द ही आमने-सामने की मीटिंग भी हो सकती है। चंपई सोरेन का दिल्ली में तीन दिन रहने का प्लान है। चंपई सोरेन के अलावा जेएमएम के 5-6 और विधायकों के भी अलग से बीजेपी के संपर्क में होने की चर्चा चल रही है।

रिवायत के अनुसार झामुमो नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के रविवार को दिल्ली आने के बाद कई तरह की अटकलें थीं। इसी बीच चंपई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बायो से अपनी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम हटा दिया है। अब चंपई सोरेन के नए बायो पर सिर्फ झारखंड पूर्व सीएम लिखा हुआ है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुराने 4 दशकों से सिपहसलार और लेफ्टिनेंट चंपई सोरेन का अपने ही पार्टी से मोहभंग हो गया। उन्होंने जेएमएम पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए अपनी राहें जुदा करने का इरादा स्पष्ट कर दिया है। सोरेन ने कहा है कि आगे का हमसफर चुनने के लिए उनके तमाम विकल्प खुले हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का आरोप है कि उन्हें बेआबरू करके सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। उनके तमाम अधिकार अपनी ही पार्टी और हेमंत सोरेन के करीबियों के द्वारा फ्रीज कर दिए गए थे। बगैर एजेंडा बताए विधायक दल की बैठक बुलाकर इस्तीफा देने का आदेश पारित कर दिया गया था। तमाम कार्यक्रम में जाने पर तीन दिनों तक रोक लगा दी गई थी, लिहाजा उन्होंने तय कर लिया था या तो वो संन्यास ले लेंगे, या फिर समानांतर संगठन खड़ा करेंगे या फिर कोई साथ चलने के लिए हमसफर चुन लेंगे। यानी पार्टी छोड़ने की अनौपचारिक घोषणा वो कर चुके हैं। आपको बता दें कि इससे पहले भाजपा बिहार में नीतीश कुमार के जरिये सत्ता में शामिल हो चुकी है। भाजपा विभीषणों के जरिये 2020 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार को हजम कर चुकी है। भाजपा को इस खेल में महारत हासिल है, लेकिन अभी तक दिल्ली और झारखण्ड में उसकी चालें कामयाब नहीं हो पायी थीं। भाजपा हरियाणा और जम्मू-कश्मीर हाथ से जाने के पहले झारखंड को अपनी मुट्ठी में करना चाहती है। ऐसा हो पायेगा या चम्पाई सोरेन न मौके पर द्रवित हो जायेंगे, कहना कठिन है क्योंकि -कुर्सी महा ठगिनि हम जानी।

# सरकार बनाने और गिराने में पूंजीपतियों की भूमिका

**जब किसी भी राज्य में 10-15 विधायक बहुमत के लिए कम होते हैं। वहां पर पूंजीपतियों और राजनेताओं का यह खेल बड़ी आसानी के साथ हो जाता है। विधायकों को वर्ष 2000 के आसपास 1 से 2 करोड़ रुपया देकर विधायक खरीदने के आरोप लगते थे। दलबदल से बहुमत से सरकार बना ली जाती थी। जो उद्योगपति इसमें पैसा लगता था, उसके काम सरकार में प्राथमिकता से हो जाते थे। जब छोटे राज्य बनना शुरू हुए, उसके बाद से यह बीमारी लगातार बढ़ती ही चली गई। पहले उद्योगपति चुनाव के लिए राजनीतिक दलों को चंदा देते थे। जिस राजनीतिक दल की जो हैसियत होती थी। उसे उसके अनुसार उद्योगपति चंदा दे देते थे। चंदे के कारण राजनीतिक दलों के राजनेताओं के संबंध पूंजीपतियों से बेहतर होते थे। इस समय सरकार की नीतियों के विरुद्ध या विचारधारा को लेकर राजनीतिक दल कोई समझौता नहीं करते थे। जिसके कारण 1990 तक भारतीय राजनीति में राजनीतिक दलों की विचारधारा के आधार पर सांसदों और विधायकों का चुनाव होता था। जब छोटा राज्य बनना शुरू हुए, उसके बाद से पूंजीपतियों का सरकार बनाने और बिगाड़ने में नया खेल शुरू हो गया। 1989 के बाद केंद्र में कभी भी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनी। हमेशा जोड़-तोड़ करके 2014 तक सरकारें बनती और बिगड़ती रही हैं। 1990 के बाद केंद्र एवं राज्यों में सांसदों और विधायकों की खरीद फरोख्त में पूंजीपति घरानो का दबदबा बढ़ता चला गया। पूंजीपतियों की सहायता से पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहराव, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों को सांसद उपलब्ध कराने का काम पूंजीपति करते रहे हैं। 1990 के बाद रिलायंस समूह का उत्थान शुरू हुआ। धीरूभाई अंबानी ने प्रमोद महाजन को अपना तीसरा बेटा बताया। टेलीकॉम के क्षेत्र में प्रमोद महाजन की विशेष कृपा किसके साथ रही है। यह सारा देश जानता है। शेयर बाजार का हर्षद मेहता का घोटाला भी सभी को याद है। नरसिंहराव को अपनी सरकार बचाए रखने के लिए किसने अटैची से पैसे भेजे थे, उस समय यह भी बड़ा चर्चित आरोप रहा। राजनीतिक दलों की विचारधारा नेपथ्य में चली गई। बहुमत पाने के लिए संख्या बल महत्वपूर्ण हो गया। राज्यों में भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनने और बिगड़ने लगी थी। 2014 के बाद केंद्र में पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार 25 वर्ष बाद आई। उसके बाद राज्यों में उथल-पुथल शुरू हुई। पहले सरकारों को गिराने के लिए राष्ट्रपति शासन का उपयोग किया जाता था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जब यह संभव नहीं रहा। उसके बाद विधायकों की खरीद-फरोख्त करके राज्य सरकारों को अस्थिर कर नई सरकार का गठन हुआ।**




सनत जैन

भारतीय राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में पूंजीपतियों की भूमिका काफी बढ़ गई है। निर्वाचित सांसद और विधायकों की खरीद-फरोख्त करके सरकार बनाने और बिगाड़ने का खेल पूंजीपति, राजनेताओं के साथ खेल रहे हैं। जब किसी भी राज्य में 10-15 विधायक बहुमत के लिए कम होते हैं। वहां पर पूंजीपतियों और राजनेताओं का यह खेल बड़ी आसानी के साथ हो जाता है। विधायकों को वर्ष 2000 के आसपास 1 से 2 करोड़ रुपया देकर विधायक खरीदने के आरोप लगते थे। दलबदल से बहुमत से सरकार बना ली जाती थी। जो उद्योगपति इसमें पैसा लगता था, उसके काम सरकार में प्राथमिकता से हो जाते थे। जब छोटे राज्य बनना शुरू हुए, उसके बाद से यह बीमारी लगातार बढ़ती ही चली गई। पहले उद्योगपति चुनाव के लिए राजनीतिक दलों को चंदा देते थे। जिस राजनीतिक दल की जो हैसियत होती थी। उसे उसके अनुसार उद्योगपति चंदा दे देते थे। चंदे के कारण राजनीतिक दलों के राजनेताओं के संबंध पूंजीपतियों से बेहतर होते थे। इस समय सरकार की नीतियों के विरुद्ध या विचारधारा को लेकर राजनीतिक दल कोई समझौता नहीं करते थे। जिसके कारण 1990 तक भारतीय राजनीति में राजनीतिक दलों की विचारधारा के आधार पर सांसदों और विधायकों का चुनाव होता था। जब छोटा राज्य बनना शुरू हुए, उसके बाद से पूंजीपतियों का सरकार बनाने और बिगाड़ने में नया खेल शुरू हो गया। 1989 के बाद केंद्र में कभी भी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनी। हमेशा जोड़-तोड़ करके 2014 तक सरकारें बनती और बिगड़ती रही हैं। 1990 के बाद केंद्र एवं राज्यों में सांसदों और विधायकों की खरीद फरोख्त में पूंजीपति घरानो का दबदबा बढ़ता चला गया। पूंजीपतियों की सहायता से पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहराव, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों को सांसद उपलब्ध कराने का काम पूंजीपति करते रहे हैं। 1990 के बाद रिलायंस समूह का उत्थान शुरू हुआ। धीरूभाई अंबानी ने प्रमोद महाजन को अपना तीसरा बेटा बताया। टेलीकॉम के क्षेत्र में प्रमोद महाजन की विशेष कृपा किसके साथ रही है। यह सारा देश जानता है। शेयर बाजार का हर्षद मेहता का घोटाला भी सभी को याद है।

नरसिंहराव को अपनी सरकार बचाए रखने के लिए किसने अटैची से पैसे भेजे थे, उस समय यह भी बड़ा चर्चित आरोप रहा। राजनीतिक दलों की विचारधारा नेपथ्य में चली गई। बहुमत पाने के लिए संख्या बल महत्वपूर्ण हो गया। राज्यों में भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनने और बिगड़ने लगी थी। 2014 के बाद केंद्र में पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार 25 वर्ष बाद आई। उसके बाद राज्यों में उथल-पुथल शुरू हुई। पहले सरकारों को गिराने के लिए राष्ट्रपति शासन का उपयोग किया जाता था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जब यह संभव नहीं रहा। उसके बाद विधायकों की खरीद-फरोख्त करके राज्य सरकारों को अस्थिर कर नई सरकार का गठन हुआ। निर्वाचित प्रतिनिधियों को चुनाव जीतने के बाद बड़ी संख्या में दल-बदल कराकर राज्यों में सरकार बनाने का नया प्रयोग भारत में शुरू हुआ। जो अभी भी चल रहा है। इस प्रयोग में विधायकों को 5 करोड रुपए से लेकर 25-50 करोड रुपए तक देकर दल-बदल करने के आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं। अब किसी भी राज्य सरकार को 100-200 करोड रुपए खर्च करके गिराया और बनाया जा सकता है। विचारधारा के आधार पर मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते हैं। वह राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान करते हैं। जब चुनाव परिणाम आ जाते हैं, उसके बाद निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी कीमत वसूल कर किसी भी दल में चले जाते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा पूंजीपति ही उठा रहे हैं। जब किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है। 2014 तक यह बीमारी ला इलाज नहीं हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में यह बीमारी कैंसर की तरह बड़ी तेजी के साथ फैल रही है। इसमें पूंजीपतियों की भूमिका भी अहम हो गई है। पिछले कुछ माह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोल बांड के बारे में जो फैसला दिया था। उसके बाद जो जानकारी सामने निकल कर आई है। वह आश्चर्यचकित करने वाली है। पूंजीपतियों द्वारा बड़ी मात्रा में राजनीतिक दलों को चंदा दिया गया। केंद्र में और राज्यों में जिन राजनीतिक दलों की सरकार थी। उन्हें सबसे ज्यादा चंदा इलेक्ट्रोरल बाण्ड मिला। ठेके और लाइसेंस भी उन्हें मिले, जिन्होंने राजनीतिक दलों को इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह सच सामने आया। पिछले 10 सालों में जिस तरह से पूंजीपतियों की संपत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। गरीब और गरीब होता जा रहा है। एक तरह से भारत में भी पूंजीवादी देशों की तरह पूंजीपतियों के लिए नीतियां तैयार की जा रही हैं। उसके कारण अब केंद्र एवं राज्य सरकारों के खिलाफ जनता की नाराजी स्पष्ट रूप से सामने दिखने लगी है। यदि यही हाल आगे भी रहा, तो इसके भीषण परिणाम जल्द ही देखने को मिल सकते हैं। भारत में महंगाई और बेरोजगारी दिनों-दिन बढ़ रही है। केंद्र, राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं द्वारा आम नागरिकों के ऊपर टैक्स और शुल्क का बोझ लगातार बढ़ता चला जा रहा है। गरीबों और मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा टैक्स देना पड़ रहा है। गरीब एवं मध्यम वर्ग की बचत खत्म हो गई है। उल्टे यह वर्ग कर्ज में आ गया है। देश में आत्महत्या के बड़े पैमाने में हो रही है। करोणों उच्च शिक्षित युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। सपने बहुत दिखाये गये। सपनों से भूख एवं न्यूनतम जरुरतें पूरी नहीं हो रही है। उच्चवर्ग अपनी रहीसी और ऐश्वर्य आराम के प्रदर्शन से निम्न एवं युवावर्ग को चिढ़ाने का काम कर रहा है। वर्तमान स्थिति में लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है, यह स्थिति चिंताजनक है।

# विदेश व्यापार घाटा कम करना जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 14 अगस्त को वाणिज्य विभाग के द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार विदेश व्यापार घाटा चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल से जुलाई 2024 में 85.58 अरब डॉलर रहा है। पिछले वर्ष इसी समान अवधि में विदेश व्यापार घाटा 75.15 अरब डॉलर था। खासतौर से चीन से व्यापार घाटा और बढ़ा है। ऐसे में अब इस समय देश के समक्ष विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को कम करने और निर्यात बढ़ाने की नई जरूरत दिखाई दे रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक इस वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि निर्यात बढ़ाने की रणनीतिक पहलों को उपयुक्त रूप से क्रियान्वित करके कृषि निर्यात बढ़ाने का कारगर प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक इस वर्ष भारत से वस्तु एवं सेवा निर्यात बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले दिनों बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट और अमरीका और जापान सहित दुनिया के कई देशों में मंदी के डर के परिदृश्य के बाद भारत के विदेश व्यापार घाटे की नई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश भारत का 8वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और पिछले वर्ष 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 11 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात किया है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि इस वित्त वर्ष में भारत के द्वारा कुल निर्यात का लक्ष्य पिछले वर्ष से भी कुछ अधिक 800 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाने का सुनिश्चित किया गया है, ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी की वजह से निर्यात के इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ आयात में उपयुक्त रूप से कमी करके विदेश व्यापार घाटे को कम किया जाना होगा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की गठबंधन सरकार के द्वारा रणनीतिक रूप से विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को नियंत्रित करने और निर्यात की रफ्तार बढ़ाने के मद्देनजर मिशन मोड़ पर आगे बढ़ा जाना होगा। इसके लिए पांच तरह के बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किए जाने होंगे। एक, भारत के विदेश व्यापार में नई जान फूंकने के लिए द्विपक्षीय वार्ताएं बढ़ाई जाएं। दो, वर्ष 2024-25 के बजट के तहत निर्यात बढ़ाने के लिए सुनिश्चित किए गए अभूतपूर्व बजट आवंटनों का शुरूआत से ही कारगर उपयोग किया जाए। तीन, सेवा निर्यात को हर संभव तरीके से बढ़ाया जाए। चार, निर्यातकों को शुल्क के अलावा आने वाली बाधाओं (नॉन टैरिफ बैरियर) से राहत दी जाए और पांच, नए संभावित निर्यात बाजार तलाशे जाएं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि यकीनन इस समय नई गठबंधन सरकार वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने के लक्ष्य को सामने रखकर आगे बढ़ रही है। पिछले दिनों 11 जुलाई को नई दिल्ली में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी के आसपास स्थित देशों का संगठन) में भारत ने नई जान फूंकने की कोशिश की। भारत के द्वारा लगातार द्विपक्षीय व्यापार और आपसी सहयोग बढ़ाने की पहल नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट तथा सागर नीति के तहत विदेश व्यापार बढ़ाने की पहल की जा रही है। इसी तरह भारत ने रूस सहित मित्र देशों और विभिन्न विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय वाताओं से कारोबार बढ़ाने की नई कवायद शुरू की है। इसी परिप्रेक्ष्य में 8 से 10 जुलाई तक प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय वाताओं से विदेश व्यापार की नई संभावनाएं आगे बढ़ाई हैं।

> केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक इस वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि निर्यात बढ़ाने की रणनीतिक पहलों को उपयुक्त रूप से क्रियान्वित करके कृषि निर्यात बढ़ाने का कारगर प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक इस वर्ष भारत से वस्तु एवं सेवा निर्यात बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले दिनों बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट और अमरीका और जापान सहित दुनिया के कई देशों में मंदी के डर के परिदृश्य के बाद भारत के विदेश व्यापार घाटे की नई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश भारत का 8वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और पिछले वर्ष 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 11 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात किया है।

यकीनन वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का बजट उद्योगों को समृद्ध करने का भी बजट है। इस बजट के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करते हुए आयात घटाने व कृषि एवं वस्तु निर्यात बढ़ाने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है। वित्तमंत्री ने बजट में देश के 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। केंद्र, राज्य और निजी सेक्टर की आपसी सहभागिता से प्लग एंड प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उद्यमी को ऐसे औद्योगिक पार्क में जाकर सिर्फ उत्पादन शुरू करना होता है। नए बजट के प्रावधानों के तहत 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले सुविधा वाले औद्योगिक क्लस्टर या पार्क के विकसित होने से कम से कम 100 प्रकार के आइटम का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो सकता है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर सशक्त बनाया है। निस्संदेह सरकार को ध्यान देना होगा कि कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात की रफ्तार सुस्त हो गई है। ऐसे में सेवा निर्यात की रफ्तार बढ़ाना जरूरी है। सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन से सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। यह जरूरी है कि निर्यातकों के समक्ष शुल्क के अलावा जो नॉन टैरिफ बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाए। अभी तक करीब 200 नॉन टैरिफ बाधाएं चिन्हित की गई हैं। ये ऐसी बाधाएं हैं जो कई देश अपने आर्थिक लक्ष्यों और विदेश व्यापार को ध्यान में रखकर निर्मित करते हैं। ये सामान्यतया अनुचित और आयातकों से भेदभावकारी होती हैं। खासतौर से इनमें दस्तावेज से संबंधित प्रक्रियाएं, मौसमी शुल्क, टैरिफ कोटा, वस्तुओं की जांच और प्रमाणन, गुणवत्ता, आयात संबंधी पाबंदियां आदि शामिल हैं। ये बाधाएं मुख्य रूप से समुद्री उत्पाद, फार्मास्युटिकल्स, खनिज पदार्थ आदि से संबंधित है। पिछले कई वर्षो से ऐसी बाधाओं से चीन, रूस सहित कई देशों की सरकारों को अवगत कराया गया है।

आम तौर पर नॉन टैरिफ बैरियर दूर करने में कई साल लग जाते हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि सरकार के द्वारा अतिशीघ्र नॉन टैरिफ बैरियर से संबंधित एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया जाना लाभप्रद होगा, जिस पर सभी निर्यातक नॉन टैरिफ बैरियर की शिकायत दर्ज करा सकें, निर्यातकों के समक्ष विभिन्न देशों में आने वाली चुनौतियों का पता लगाया जा सके। साथ ही यदि ऐसे भी नियम विश्व व्यापार संगठन के अनुकूल नहीं हो तो सरकार के हस्तक्षेप से निर्यातकों को इससे जूझने से बचाने के उपाय किए जा सके। एक महत्त्वपूर्ण कदम यह भी उठाया जा सकता है कि चीन से गैर शुल्क बाधाएं समाप्त कराए जाने हेतु यूरोपीय देशों की तरह भारत के द्वारा भी चीन पर दबाव की रणनीति के तहत चीनी आयातों पर असाधारण आयात प्रतिबंध लगाने की रणनीति अपनाई जाए। पिछले माह 12 जून को यूरोपीय आयोग ने चीन में बने इलेक्ट्रिक वाहनों पर 48 फीसदी तक आयात शुल्क लगाना सुनिश्चित किया है। पिछले कई वर्षो से यूरोपीय देश चीन से आयात पर शुल्क की दरें 10 फीसदी तक ही सीमित किए हुए थे। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक पहलों के उपयुक्त क्रियान्वयन से निर्यात बढने और आयात घटने का जो परिदृश्य निर्मित होते हुए दिखाई देगा, उससे देश के विदेश व्यापार घाटे में कमी आते हुए दिखाई दे सकेगी।

# डूबती दिल्ली, मरते लोग, दोषी कौन ?

आर.के. सिन्हा

राजधानी दिल्ली में इस बार मानसून के मौसम में हो रही भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। बारिश के पानी के कारण हो रहे जलभराव में लोग डूब रहे हैं या फिर उनकी पानी में खुली बिजली की तारों से करंट लगने के कारण जानें जा रही हैं। ये हादसे दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार की काहिली और नकारापन की चीख-चीख कर पुष्टि कर रहे हैं। यूं तो हरेक बारिश के मौसम में दिल्ली में जलभराव के कारण लगने वाले लंबे जाम के कारण लाखों लोगों की जिंदगी दूभर हो ही जाती है। पर इस बार बारिश के कारण यहां वहां जमा पानी में लोगों की डूबने के कारण अनेकों जानें भी जा रही हैं। साफ है कि जिन सरकारी एजेंसियों, अफसरों और कर्मियों पर देश की राजधानी को ठीक-ठाक रखने की जिम्मेदारी है, वह अपने दायित्वों को लेकर कतई गंभीर नहीं हैं। इन सरकारी महकमों में कसकर व्याप्त करप्शन भी इस कर्तव्यहीनता का मुख्य कारण है।

कुछ दिन पहले देश की संसद भवन से पांचेक किलोमीटर दूर ओल्ड राजेन्द्र नगर में तीन नौजवान तब डूब कर मर गए थे, क्योंकि; वे जिस बेसमेंट में बैठकर पढ़ रहे थे, वहां पानी भर गया था। दिल्ली की मेयर शैली आनंद के क्षेत्र से ओल्ड राजेन्द्र नगर की एक किलोमीटर भी नहीं है। इसके बावजूद वहां इतना बड़ा हादसा हुआ। आम आदमी पार्टी के सांसद ओल्ड राजेन्द्र नगर से दो मिनट की दूरी पर स्थित न्यू राजेन्द्र नगर में रहते हैं। पर उनकी पार्टी ने उनकी भी कोई क्लास नहीं ली। हादसे के लिए मात्र दो-तीन निगम के निम्न वर्गीय कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। सवाल यह है कि इस हादसे के लिए दिल्ली की मेयर ने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया? हाल ही में बेल मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी अपनी दिल्ली सरकार के कामकाज की उपलब्धियां गिनवा रहे हैं। पर वे यहां जलभराव के कारण हुई मौतों पर चुप हैं। एक उम्मीद पैदा हुई थी कि ओल्ड राजेन्द्र नगर की भयानक घटना के बाद यहां नगर निगम कायदे से काम करने लगेगा। उस घटना से दिल्ली खासी व्यथित थी। जनता में गुस्सा था। पर नगर निगम का चाल-चरित्र-चेहरा नहीं बदला।

राजधानी में लोगों की जाने जाती रहीं, क्योंकि तेजी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरना जारी रहा और सड़कों पर पैदल चलने वालों की जान पर बन आई। दो बच्चों की करंट लगने और डूबने से मौत हो गई। दिल्ली में इस मानसून में अब तक मरने वालों की अबतक ज्ञात कुल संख्या 33 हो गई है। इतने लोगों की मौत के बावजूद यहां पर सब कुछ सामान्य रफ्तार से चलना साबित करता है कि समाज अब पूरी तरह संवेदनहीन हो चुका है। वह कभी झ्रकभार ही अपनी तीखी प्रतिक्रिया देता है।

देखिए, जलवायु संकट मानसून में अप्रत्याशित पैटर्न पैदा कर रहा है, जिससे छोटे, लेकिन बहुत भारी बारिश के झोंके अब सामान्य से हो गए हैं। इसके लिए ठोस योजना की आवश्यकता



है, न कि बाद में किए जाने वाले उपायों की। पर हमारे यहां बदले हुए हालात के अनुसार नहीं चला जाता है। सब काम चालू तरीके से होता है। जाहिर है, इसके बहुत दूरगामी परिणाम झेलने पड़ते हैं। हम अपनी याददास्त को अगर टटोलें, तो पाएंगे कि पर्यावरण में सुधी जनों ने चेतावनी इसलिए ही बहुत पहले ही दी थी। यकीन मानिए हमारे बहुत सारे सरकरी विभागों को लकवा मार गया है। वहां कोई आगे बढ़कर स्वेच्छा से काम करने के लिए तैयार ही नहीं है। जाहिर है, इस मानसिकता के कारण ही बेकसूर लोग मारे जा रहे हैं। यह सब होने के बाद भी सरकारी अफसरों और दिल्ली सरकार के मंत्री किसी भी प्रकार की जवाबदेही के लिए तैयार नहीं हैं। क्यों नहीं उनके खिलाफ सख्त एक्शन होता जिनकी वजह से लोग मारे जा रहे हैं या दिल्ली पानी-पानी हो रही है। अजीब सी स्थिति है कि एक तरफ दिल्ली बारिश के कारण डूब जाती है, दूसरी ओर दिल्ली वालों को पीने का साफ पानी तक नसीब नहीं होता। राजधानी में पानी से जुड़े सारे मामलों को दिल्ली जल बोर्ड देखता है। दिल्ली जल बोर्ड का सर्वाधिक हाल बेहाल है। दिल्ली की आप सरकार के मंत्री और नेता रोज केन्द्र सरकार पर आरोपों की बौछार करने का कोई भी अवसर जाने नहीं देते। वे चिर असंतुष्ट प्राणी हैं। उन्हें सबसे शिकायतें हैं। वह कभी खुद भी अपने गिरेबान में झांक तो लें। वह खुद कब इस सवाल का जवाब देंगे कि वह दिल्ली को पेयजल के संकट से फलां-फलां तारीख तक उबार देंगे? दिल्ली का मतलब सिर्फ हरे-भरे पेड़ों से लबरेज नई दिल्ली का लुटियन क्षेत्र ही नहीं है। राजधानी का मतलब दक्षिण दिल्ली, उत्तर दिल्ली, पश्चिम दिल्ली या यमुना पार की सभ्रांत आवासीय कॉलोनियां भी नहीं है। दिल्ली के लाखों नागरिक उन अनधिकृत कॉलोनियों, घनी बस्तियों, झुग्गियों में भी जीवन यापन करने के लिए अभिशप्त हैं, जहां पर पीने का पानी मयस्सर नहीं है। जरा सोचिए कि किन हालातों में भीषण गर्मी के मौसम में लोग रहते होंगे। राजधानी के लाखों नागरिकों के घरों में पीने का पानी नहीं आता। यह अभागे हर रोज निजी जल आपूर्तिकताओं अपने दिन भर के से उपयोग के लिये पानी खरीदते हैं। दस लाख की आबादी वाले संगम विहार में दिल्ली जल निगम से पानी की सप्लाई नहीं होती। यह हाल है दिल्ली का।

जल संकट से जूझ रहे दिल्ली में लगभग आधे जल निकायों का अतिक्रमण और अन्य कारणों की वजह से नष्ट हो जाना प्रशासनिक विफलता का संकेत है। दुनिया के सबसे अधिक जल संकट वाले शहरों में से एक, दिल्ली ने आधिकारिक तौर पर सूचीबद्ध अपने लगभग आधे जल स्रोतों को खो दिया है। जिस समय देश आजाद हुआ था, उस समय दिल्ली के 362 गांवों में 1012 तालाब थे। यह सरकारी आंकड़ा है। एक सर्वे में पता चला है कि दिल्ली में दो हजार से अधिक तालाब और बावड़ियाँ होती थी। आबादी बढ़ने और दिल्ली के विकास के साथ अधिकतर तालाब खत्म कर दिए गए। कई तालाबों पर कॉलोनियां बस गई। जो तालाब बचे हैं, उनमें से आधे से अधिक लगभग सूख चुके हैं। इन तालाबों को फिर से जीवित करना होगा। जानकार मानते हैं कि राजधानी में 500 से अधिक तालाब ऐसे हैं जिन्हें बारिश के पानी से पुनर्जीवित किया जा सकता है और बारिश की पानी से दिल्ली को जलमग्न होने से बचाया जा सकता है। बहुत साल पहले पानी-तालाब पर जीवन खपा देने वाले अनुपम मिश्र ने सुझाया था कि यमुना का भी पुनर्जीवन संभव है। अगर यमुना के किनारे वजीराबाद से ओखला के बीच बड़े तालाबों की एक श्रृंखला बनाई जाये। यदि दिल्ली में हमने जल का सही तरह से संरक्षण करना नहीं सीखा तो यहां पर पानी को लेकर भविष्य के दिनों में भारी खून-खराबा होगा। अभी भी बहुत सी अनधिकृत बस्तियों में पानी को लेकर सुबह रोज झगड़े होते हैं। कत्ल तक हो चुके हैं। जल के स्रोत सीमित हैं। नये स्रोत हैं नहीं, ऐसे में जल स्रोतों को संरक्षित रखकर एवं जल को बचाकर ही हम जल संकट का सामना कर सकते हैं। इसके लिये हमें जल के उपयोग में मितव्ययी बनना पड़ेगा। जल प्रबंधन को बेहतर करना होगा। यदि वर्षाजल का समुचित संग्रह हो सके और जल के प्रत्येक बूंद को अनमोल मानकर उसका संरक्षण किया जाये तो जल संकट का समाधान संभव है।

राजधानी में रोज लाखों कारों और दूसरे वाहनों की धुलाई पर बहुत पानी बर्बाद हो जाता है। इस तरफ कोई ध्यान नहीं देता कि इस लिहाज से पानी की बबार्दी कैसे रोकी जाए। दिल्ली को अब जल संरक्षण के मसले पर सेंसटिव होना होगा। अब पानी के इस्तेमाल में हमें मितव्ययी बनना होगा। छोटे-छोटे उपाय कर जल की बड़ी बचत की जा सकती है। मसलन हम दैनिक जीवन में पानी की बबार्दी कतई न करें। समाज को खुद ही अपने मसले हल करने होंगे। यहां की दिल्ली सरकार से अब कोई उम्मीद करना बेकार है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक बच्चे की मां नाबालिग पड़ोसी संग हुई फरार दोनों आपस मे थे देवर भाभी

बगहा। बगहा में एक अजीबोगरीब घटना घटी है जहां एक बच्चे की मां अपने नाबालिग पड़ोसी को लेकर फरार हो गई है। दोनों आपस में देवर भाभी लगते हैं। इस घटना के बाद दोनों पड़ोसियों में घमासान मचा है। हफ्ते भर लगातार हुई पंचायती के बाद दोनो परिवार में जमकर मारपीट हुई है। इस घटना में दोनों पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है की भैरोगंज थाना क्षेत्र के बरवा शानी गांव में एक बच्चे की मां ने अजीब कारनामा किया है जिसकी चर्चा पूरे इलाके में है। दरअसल महिला अपने पड़ोस में रहने वाले नाबालिग को लेकर फरार हो गई। जिसके बाद दोनों के परिवार के बीच करीब एक हफ्ते तक पंचायती हुई और जब पंचायती में कोई समाधान नहीं निकला तब मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों में हुए मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। दोनों पक्ष की तरफ से भैरोगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। इधर घायल लोगों का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### अखंड अष्टयाम को ले निकाली गई कलश यात्रा

रिविलगंज। बाबा उझंखनाथ करियावा शिव मंदिर विजय राय के टोला थाना से पश्चिम सरयू नदी किनारे सावन के अंतिम सोमवारी को 24 अखण्ड अष्ट्याम शुरू होने से पूर्व भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा मंदिर से शुरू होकर पहिया, सेमरिया होते हुए श्रीनाथ बाबा मंदिर सरयू नदी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी किया गया। कलशयात्रा में रंग बिरंगे परिधान पहने महिला/पुरुष सैंकड़ों श्रद्धालु बैंड बाजा एवं डीजे के धार्मिक धुनों पर जयकारे लगाते चल रहें थे। जलभरी कर कलश लिए श्रद्धालु बाबा उझंखनाथ करियावा शिव मंदिर पहुंचे और पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना के साथ ही 24 घंटे अखण्ड अष्ट्याम शुरू किया गया। मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया है। सावन महीने में प्रतिवर्ष यहां अखण्ड अष्ट्याम का आयोजन किया जाता है। मंदिर समिति के अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने बताया कि जन सहयोग से यह आयोजन किया गया है। इस मंदिर में दो शिव लिंग एवं दो नन्दी महाराज स्थापित है। लगभग एक हजार वर्ष पुराना मंदिर है, यहां रुद्राभिषेक के लिए दूर-दूर और दूसरे प्रदेश से भी श्रद्धालु आते हैं।

### घरेलू विवाद मे दो पक्षों मे हुई मारपीट

बनियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गाव मे घरेलू विवाद मे दो पक्षों मे जमकर मारपीट हो गयी, जिस घटना मे चार लोग जख्मी हो गए, जिनका इलाज रेफरल अस्पताल मे कराया गया, दोनो पक्षों द्वारा अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराकर आरोपित किया गया है। घटना मे पहले पक्ष के शंभू प्रसाद राजेश प्रसाद मुन्ना प्रसाद रहित कुमार सुमन देवी फुलकुमारी देवी को नामजद किया है, वही दूसरे पक्ष की अंजू देवी ने रंगलाल प्रसाद अहिल्या देवी अमित कुमार को नामजद करते गाली गलौज मारपीट कर परिजनी को जख्मी करने का आरोप लगाई है। मामले मे पुलिस अनुसंधान कर रही है।

### डंपर की चपेट ने आने से एक व्यक्ति की हुई मौत, घर में पसरा मातम

नगरा। थाना क्षेत्र के नगरा जलालपुर मुख्य पथ पर नगरा गांव के समीप डंफर की चपेट में आने से एक साईकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गया. उक्त व्यक्ति नगरा थाना क्षेत्र के अरवा पूरव टोला गांव निवासी पचास वर्षीय अकबर अली बताया जाता है. उक्त व्यक्ति फेरी का कार्य करते थे, घटना स्थल से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त व्यक्ति नगरा बाजार से बाजार कर परचूनी का सामान लेकर अपने साईकिल से जा रहे थे तभी तेज रफ्तार वाहन ने जबरदस्त ठोकर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई. तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. घटना के बाद वाहन लेकर चालक भागने लगा कुछ दूर जाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### बाइक की चपेट ने आन से चार वर्षीय मासूम की मौत

नगरा। खैरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के वार्ड संख्या में 9 में सोमवार को एक चार वर्षीय मासूम की बाइक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार उक्त मासूम अपने घर के सामने खेल रहा था, तभी एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पहाड़पुर गांव निवासी विनय राय के पुत्र नीति कुमार के रूप में हुई है, जो दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# रक्षाबंधन में जवानों की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी तो जवानों ने लिया देश व बहनों की रक्षा का संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। 47 वीं बटालियन के हेडक्वार्टर कैंप रक्सौल में सीमा जागरण मंच के तत्वधान में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बीच चंद्र शील स्कूल रक्सौल की छात्राओं ने राखी बांध उनकी आरती उतारी एवं मिष्ठान खिलाई।

देश के विभिन्न प्रदेशों से आए जवानों के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह देखकर पूरा वातावरण अहलादित हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा जागरण मंच के प्रदेश विभाग संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता उर्फ सुरेश बाबा ने किया। 47वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट दीपक कृष्ण ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से भारत माता के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। साथ हीं अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर रहने पर भी अपनेपन का एहसास होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर बिहार सह प्रांत संघ चालक प्रोफेसर राज किशोर सिंह ने कहा कि हमारे जवान प्रतिकूल परिस्थिति में भी अनवरत देश की सीमाओं के रक्षा में लगे रहते हैं। लेकिन हमें भी देश को विध्वंसकारी तत्वों से रक्षा करने के सतत सजग जागरूक होने की जरूरत है। सीमा जागरण मंच के विभाग संयोजक सुरेश कुमार ने 47वीं बटालियन का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि भारत माता इसलिए मुस्कुरा रही है कि हमारे देश की सुरक्षा हमारे इन जांबाज जवानों के कंधों पर है। देश के सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा में निरंतर लगे रहते हैं और हम भारतवासियों को उन पर नाज है। इसलिए आज उन्हें राखी बांधकर हम देश की रक्षा में उनके योगदान का सम्मान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश रहेगा तो हमारी संस्कृति और सभ्यता रहेगी। कार्यक्रम को सीमा जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र किशोर ठाकुर ने देश के प्रति हमारी जिम्मेवारी एवं रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला सीमा जागरण मंच से ही चंद्रशेखर कुमार ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में उस वक्त आनंद भरा सम्मा बन्ध गया, जब स्वाती मिश्रा सलोनी मिश्रा, सोनपरी, प्रियंका, पप्पू, अनमोल सोना गुप्ता, अनोखी कुमारी, लाली शर्मा, सुनील केशरीवाल एवं अशोक कुमार आदि ने अपने नृत्य, गीत संगीत से झूमा दिया।

सशस्त्र सीमा बल के एस एच नवीन कुमार शाह डिप्टी कमांडेंट, एस. एच. उत्तम घोष असिस्टेंट कमांडेंट, एस. एच.खेमराज असिस्टेंट कमांडेंट की उपस्थिति में कार्यक्रम बहुतअच्छे ढंग से संपन्न हुआ। चन्दशील स्कूल से महक कुमारी, रोशनी कुमारी सिमरन कुमारी, नम्रता कुमारी, रिजवाना खातून नाजिया परवीन अर्चना कुमारी पलक कुमारी आदि छात्राओं ने जवानों को राखी बांध कर उनको आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में सीमा जागरण मंच से सुनील कुमार रजत कुमार सरार्फ, धीरज कुमार अकेश्वर सर्राफ, नितिन सरार्फ आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कर संपन्न किया गया। उक्त जानकारी सुरेश कुमार गुप्ता, प्रदेश विभाग संयोजक, सीमा जागरण मंच ने दी।

## हल्की बारिश से शहर के कई मोहल्ले में जलजमाव नगर परिषद का इलाका नरक में हुआ तब्दील

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। हल्की बरसात में हीं शहर के कई मोहल्लों में जलभराव हो गया है। गंदे पानी के कारण नगर परिषद का इलाका नरक में तब्दील हो गया है। दरअसल नगर पालिका परिषद क्षेत्र के कई वार्डो में टूटे और गड्ढे में तब्दील सड़क के कारण सालों भर जल जमाव की स्थिति बनी रहती है, बजबजा रहीं जाम नालियों के कारण ड्रेनेज सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लिहाजा अनुमंडल अस्पताल से सटे कमलनाथ तिवारी रोड में हनुमानगढ़ी को जोड़ने वाले मोहल्ले में जल जमाव को लेकर नगर वासियों ने विरोध प्रदर्शन किया है और सड़क समेत नाली निर्माण की मांग किया जा रहा है। नगर वासियों कहना है कि अगर सड़क और नाली नहीं बना तो लोग चरमबद्ध आंदोलन करेंगें क्योंकि यह रास्ता हनुमान मंदिर रोड होकर गुजरता है इतना ही नहीं पंडित उमाशंकर तिवारी महिला कॉलेज ,पक्की बावली बाबा विश्वम्भर नाथ मंदिर और सोझी घाट को जाने वाली यह मुख्य सड़क वर्षो से बदहाल है। जिससे आने-जाने वाले स्कूली बच्चे बच्चियों और ग्रामीणों को जलजमाव से भारी परेशानी होती है। बतादें की बगहा शहर का लाइफ लाइन कहे जाने वाले इस नवकी बाजार सड़क पर जल जमाव से लोग लम्बे समय से परेशान हैं और शिकायत के बावजूद इस ओर नगर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है लिहाजा लोग गोलबंद होकर सिस्टम के विरोध में सड़कों पर उतर आये हैं।

## रक्षाबंधन पर भारत विकास परिषद ने वृक्षों को रक्षासूत्र बाँध दिया बड़ा संदेश

प्रात: किरण संवाददाता




रक्सौल। सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में रक्सौल रेलवे पार्क में लगे वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण एवं रक्षा का संकल्प लेकर रक्षाबंधन उत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। गौरतलब है कि परिषद द्वारा वर्ष 2019 में रेलवे पार्क को हरा-भरा करने का जिम्मा लिया गया था, फलस्वरूप परिषद द्वारा पार्क को हरा-भरा कर इसका क्लेवर ही बदल दिया गया है। यह रेलवे पार्क न केवल रक्सौलवासियों बल्कि रक्सौल आने जाने वाले यात्रियों एवं पर्यटक के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बन गया है। इस मौके पर रक्सौल स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह डीसीआई संजय कुमार, परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सीताराम गोयल, सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, द्वारिका सर्राफ, सुनील कुमार, नीतेश कुमार, अरविंद जायसवाल, सुरेश धानोठिया, नवीन गिरि, दीप प्रकाश, अधिवक्ता ने वृक्षों को रक्षासूत्र बाँधकर उसके संरक्षण, संवर्धन का संकल्प लिया। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों के बीच प्रकृति, संस्कृति एवं पर्यावरण को लेकर और अधिक जागरूकता बढ़ती है तथा उन्होंने पार्क को हरा-भरा रखने तथा उसके साज-सज्जा के परिषद के हर प्रयास को हर मुमकिन सहयोग का वादा किया। वहीं परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि परिषद राष्ट्र, समाज, संस्कृति एवं प्रकृति की रक्षा के लिए सतत अग्रणी भूमिका में रहती है। कार्यक्रम उपरोक्त कथन की एक कड़ी है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि आने वाले दिनों में स्टेशन रोड में सामान्य पौधों के अलावे औषधीय पौधे भी जाली सहित लगाने के लिए परिषद संकल्पबद्ध है। ऐसे औषधीय पौधों की वर्तमान में बहुत अधिक आवश्यकता है। वहीं परिषद के सुनील कुमार ने आम लोगों से रक्षा बंधन के अवसर पर पौधों एवं जलाशयों की रक्षा का संकल्प लेने की अपील की। वहीं परिषद के नीतेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा जीवन की रक्षा है। अगर जीवन को बचाना है तो जलाशय एवं वृक्षों की रक्षा करना परम आवश्यक है ताकि हमें स्वच्छ वायु मिल सके और हम जीवित रह सके। वहीं महिला सुरक्षा विकास मंच, रक्सौल की सरोज गिरि ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलने की प्रेरणा देती है और मानव जीवन को प्रकृति के साथ अपने संबंध बनाकर एक दूसरे के परस्पर सहयोग से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसलिए आज प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर पर्यावरण को लेकर समाज को जागृत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का समापन परिषद के वित्त सचिव सीताराम गोयल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

## पर्यावरण प्रेमी लोगों ने वृक्षों को रक्षासूत्र बांधे पेड़ पौधों के संरक्षण का नजीर पेश किया

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। देशभर में भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन की धूम मची है, वहीं बिहार के बगहा स्थित बरवल पिपरा गांव में रक्षाबंधन के मौके पर बच्चियों और ग्रामीणों ने वृक्षों को रक्षासूत्र बांधे । सरकार और प्रशासन द्वारा एक ओर जहाँ जिलें भर में 7 लाख वृक्षों को लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है वहीं सोमवार को सावन के अंतिम सोमवारी पर 90 वर्ष बाद बने संयोग में लोगों ने पेड़ पौधों के साथ न केवल रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया बल्कि उनके संरक्षण को लेकर भी शपथ ली । दरअसल दिल के मरीज पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव ने इस अनोखी परंपरा की शुरूआत वर्षों पूर्व आईपीएस विकास वैभव चौराहे पर स्थित नर्सरी से की थी। ये खुद पेड़-पौधों की रक्षा करते चले आ रहें हैं। साथ ही स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। खास बात यह है की गजेंद्र ने इन पेड़-पौधों को अपना जीवन साथी मान लिया है क्योंकि उन्होंने आजीवन शादी नहीं करने का प्रण लेकर अब तक 10 लाख के करीब पौधे लगाएं हैं जिसके लिए राज्य सरकार और वन विभाग द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चूका है। गजेंद्र यादव वर्षो से प्रकृति का सरंक्षण करते आ रहे हैं। अब तक उन्होंने इलाके में लाखों पौधे लगाकर दूसरों के लिए मिसाल कायम की है। पेड़-पौधों से इनके प्रेम और समर्पण का ही नतीजा है कि इन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील मोदी दो बार सम्मानित कर चुके हैं।

## गाइडो ने बांधी राखी, स्काउट ने सुरक्षा का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। बहन और भाई के अटूट प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ भारत स्काउट और गाइड सारण के स्वयंसेवकों के द्वारा मनाया गया। रक्षाबंधन पर स्काउटो की कलाई पर गाइडों ने राखी बांधी। वहीं स्काउटो ने गाइडो की सुरक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर स्काउट और गाइड में काफी उत्साह देखने को मिला।

जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) अमन राज ने बताया की रक्षाबंधन बहन के प्रति भाई के स्नेह को दशार्ता है। और स्काउट गाइड के नियम में ही हैं की एक स्काउट और गाइड दुसरे स्काउट और गाइड के भाई बहन होते है। इसी उद्देश्य से गाइडों ने स्काउटो के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्काउट गाइड सारण के प्रशिक्षक प्रणव, चंदन स्काउट आदित्य, अरमान, गाइड अनुष्का, अर्चना, कोमल, गुड़िया, ज्ञान्ति, सुरुचि साहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड के स्वयंसेवक महजूद रहे।

## इंडो नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी सुरक्षाकर्मियों को राखी बांधकर बहनों ने रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। देश भर में भाई बहन के अगाध स्नेह, प्रेम एवं अटूट विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन का महापर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व लोगों के जीवन व समाज में सद्भाव, सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ साथ जीवन को रंगों से भर देता है। बतादें की सोमवार को 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के प्रांगण में भाई बहन के प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट अश्विनी कुमार के द्वारा सभी का अभिवादन करते हुए रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया कि इस त्योहार पर बहनें अपने भाई को राखी बांधकर उसकी लंबी आयु की कामना करती हैं। भाई अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है। साथ ही रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम के दौरान वाहिनी मुख्यालय में सनफ्लावर चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल की छात्राओं एवं ऑक्सफोर्ड स्कूल की छात्राओं व ब्रम्ह कुमारियों द्वारा बल कार्मिकों को तिलक लगाकर उनकी कलाईयों पर राखी बांध कर उनसे रक्षा का संकल्प लेते हुए शुभकामनाओं तथा शुभाशीष के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इसी क्रम में इंडो नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी के रामपुरवा पोस्ट के जवानों को सीमा जागरण मंच भेड़िहारी के स्थानीय बहनों ने राखी बांध कर देश की रक्षा और बहन की रक्षा का वादा लिया। इस मौके पर कंपनी प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल और एसएसबी के करीब 40 जवान उपस्थित रहे साथ ही सीमा जागरण मंच के तापस टैगोर, शक्ति गणपति, बिक्कू कुमार, बिरजू कुमार और दिवाकर के साथ साथ करीब 12 सदस्य और करीब 35 बहन मौजूद थी। वहीं गंडक बराक बी समवाय के जवानों को सनजेवीयर स्कूल के छात्राओं ने रखी बांधकर सुरक्षाकर्मी भाइयों का मनोबल बढ़ाते हुए मिठाइयां खिलाई।

## चनपटिया में दुष्कर्म व हत्या के विरोध में निकाली गई कैंडल मार्च, विधायक समेत कई समाजसेवी ने ली भाग

चनपटिया। महिला ट्रेनी डॉक्टर, मुजफ्फरपुर में दलित लड़की नर्स के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या को लेकर देश में जनाक्रोश आक्रोश है। विरोध में शाम रोटी बैंक एवं लायंस क्लब चनपटिया के तत्वावधान में शहर के विभिन्न हिस्सों में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें शामिल लोगों ने हाथों में जलती हुई मोमबत्ती लेकर छोटा चौक पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना प्रकट भी रखा। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग और जघन्य घटना को लेकर विरोध जताया। विधायक उमाकांत सिंह ने इस नृशंस घटना को लेकर दोषियों पर कठोर कानूनी कारवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी शर्मशार घटना ना हो इसके लिए कठोर कानून व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। कार्यक्रम में रोटी बैंक अध्यक्ष मनोज कुमार ओझा, सचिव अजय यादव, समेत कई समाजसेवी लोग शामिल रहे।

## विद्यालय के पूर्व सचिव को पत्र द्वारा मिली जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

नगरा। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर के पूर्व सचिव को डाक द्वारा पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पत्र मिलने के बाद आनन फानन में पीड़ित संतोष कुमार राय ने खैरा थाना में लिखित आवेदन शिकायत की है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि उन्हें मसरख निवासी बंटी सिंह के नाम से एक रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से धमकी भरा पत्र भेजा गया है। पत्र में लिखा गया है कि यदि उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार से सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई सूचना को दो दिनों के भीतर वापस नहीं लिया, तो वो जिंदा नहीं बच पाएंगे और उन्हें जान से मार दिया जाएगा। वहीं संतोष कुमार राय ने बताया कि उन्होंने नगरा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से उक्त विद्यालय में लगभग चौदह लाख रुपए के गबन से संबंधित जानकारी की आरटीआई के तहत सूचना मांगी थी।

## पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत से नाराज ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



दरियापुर। स्थानीय पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी बवाल काटा। रविवार की देर शाम तक थाने पर बवाल करने के बाद ग्रामीण बारवे ढाला के पास सोनपुर रेवा पथ को जाम कर दिया। यहीं पर मृतक का घर भी है। ग्रामीणों ने आगजनी और पेड़ की डाल को काट कर सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। जो दूसरे दिन करीब तीन बजे जाम समाप्त हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शाम में ग्रामीण अपने गांव लौट गए और वहीं सड़क को जाम कर दिया। जिससे यातयात पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। देर रात पोस्टमार्टम से शव आने के बाद ग्रामीण शव को भी जाम स्थल पर रख दिए। ग्रामीण का यह भी आरोप था कि पुलिस शव को ढाला के पास इसी तरह रख कर चली गई। ग्रामीण बार बार यही मांग कर रहे थे कि युवक निर्दोष था और उसके साथ बेवजह मारपीट गई। जिससे उसकी मौत हो गई। दोषी पुलिस कर्मियों पर करवाई की जाए। कुछ ग्रामीण जाम स्थल से सोनपुर डीएसपी से मिलने चले गए और वहां कारवाई की मांग की। गौरतलब हो कि रविवार की शाम पुलिस अभिरक्षा में 22 वर्षीय बिट्टू की मौत हो गई थी। पुलिस का कहना था कि शराब की छापेमारी के दौरान नदी में डूबने से मौत हुई है। जाम स्थल पर ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बीडीओ ने राजस्व कर्मचारी को भेजा और मुख्यमंत्री सहायता कोष से 20 हजार की राशि दिलवाई। वहीं मुखिया द्वारा कबीर अंत्येष्टि के तहत तीन हजार रुपए दिए गए। लेकिन परिजन इससे संतुष्ट नहीं दिखे। वहीं स्थानीय थाने व बारवे में बवाल तथा जाम की मुख्य वजह लोग शराब माफियाओं को मान रहे हैं। इसकी चर्चा यहां जोरों पर है। चुकी गंडक के दियारे में शराब की भठियां धड़ल्ले से चल रही है। पुलिस भी परेशान है। कई माफिया पकड़े गए है। इससे उनमें हरकंप मचा हुआ है। इधर पुलिस तबरतोर छापेमारी भी कर रही थी।

## हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षा बंधन का त्यौहार, बहन ने भाईयो के कलाई पर बांधी राखी

प्रात: किरण संवाददाता



दरियापुर। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र में भाई-बहन के प्यार का त्यौहार रक्षा बंधन काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां कई गावों में स्थित देवी मंदिरों पर भक्तो के द्वारा पूजा अर्चना की गई। वहीं बहनों ने भाईयो की कलाई पर राखी बांधी। हालांकि इस बार राहत की बात थी की राखी बांधने का मुहूर्त दोपहर से होने के कारण दूर दराज से भी बहने अपने भाई के पास पहुंच गई। इस अवसर पर छोटी से लेकर बड़ी तथा आम से लेकर खास सभी बहनों और भाइयों में काफी उत्साह देखा गया। वही सभी मिठाई दुकानों में भी ग्राहकों की काफी भीड़ जुटी हुई थी।

## इसुआपुर में महिला चिकित्सक डॉक्टर मोमिता देवदास रेप हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

प्रात: किरण संवाददाता



इसुआपुर । पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक डॉक्टर मामिता देवदास के रेप हत्याकांड के आक्रोश में इसुआपुर में अभिभावकों के साथ स्कूली बच्चों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कैंडल मार्च अचितपुर हनुमान मंदिर से इसुआपुर बाजार में निकला गया। वूमेन प्रोटेस्ट मार्च में हाथ में लिखे तख्ती पर स्लोगन नारी का सम्मान करो, जागो युवा जागो, मैं भी देख सकती हूं आकाश, मौके की है मुझे तलाश आदि नारों के साथ हाथ में कैंडल लेकर ममता विरोधी नारे तथा भारत माता की जयकारे भी लग रहे थे। प्रोटेस्ट मार्च में मुख्य रूप से राजेश सिंह कुशवाहा, मुकेश चौरसिया, गोलू कुमार, आनंद कुमार पंडित, क्षमा ओझा, वंदना कुमारी, राठौर शांडिल, प्रतिक तथा दर्जनों अभिभावक व छात्र छात्राएं थे।

## नजरबाग में अरसे से खराब पड़े दोनों कृत्रिम झरनों के साथ 9 नए छोटे झूलों का कराया गया है निर्माण

बेतियाःनगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि बेतिया राज काल में केवल राज परिवार के लिए स्थापित नजरबाग को नगर निगम द्वारा सार्वजनिक पार्क में तब्दील कर देने के बाद पुनः उसका जीर्णोद्धार किया गया है। नगर निगम के कनीय अभियंता सुजय सुमन के हवाले से महापौर श्रीमती सियारिया ने बताया कि पार्क में खराब पड़े दोनों कृत्रिम झरनों को पुनः आकर्षक लुक में बना दिया गया है। इसके साथ ही 9 नए छोटे झूलों का भी निर्माण कराया गया है।

वही मौके पर मौजूद जेई श्री सुमन ने बताया कि नजरबाग पार्क में 8.68 लाख की लागत से समरसेबल बोरिंग पाइप के साथ उच्च शक्ति के मोटर पंप के सहारे पार्क में चारों तरफ पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति होने लगी है। इसके अलावे पार्क में साफ सफाई को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से दर्जन भर से अधिक बड़े डस्टविन लगाए गए हैं। कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि नजर बाग पार्क में 1 समरसेबल पंप, 1 मोटर अलग से, 1 झरना का मोटर, पुरे ग्राउंड में पेड़ के किनारे स्प्रिंकलर पाईप 500 फीट बिछाने का काम, पहले के लगे पाईप की मरम्मती इत्यादि करा दी गयी है। साथ ही पुराना झूला, बॉउंड्री, टिकट घर, गार्ड रूम, स्टोर रूम, शौचालय, ग्रिल इत्यादि की मरम्मती और पेंटिंग भी कराई गयी है।

## सीतामढ़ी और सहरसा से आनंद विहार के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा सीतामढ़ी एवं सहरसा से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया है। गाड़ी संख्या 04022/04021 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक अप एवं डाउन दिशा में 22-22 फेरे लगाएगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04032/04031 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल 17 अगस्त से 01 नवंबर तक 55-55 फेरे लगाएगी ।

1. गाड़ी संख्या 04022/04021 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशलःगाड़ी संख्या 04022 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी समर स्पेशल दिनांक 16 अगस्त से 30 अक्टूबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को संचालित की जाएगी। आनंद विहार टर्मिनल से यह ट्रेन 11.40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04021 सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल सीतामढ़ी से प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को 18.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 18.05 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, गाजीपुर सिटी, औडिहार, वाराणसी जं., मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद स्टेशनों पर रूकेगी । इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 कोच लगेंगे ।

2. गाड़ी संख्या 04032/04031 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशलःगाड़ी संख्या 04032 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा समर स्पेशल दिनांक 17 अगस्त से 31 अक्टूबर तक बुधवार एवं शुक्रवार को छोड़कर प्रति दिन आनंद विहार टर्मिनल से 05.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04031 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल सहरसा से 18 अगस्त से 01 नवंबर तक गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर प्रति दिन 13 बजे प्रस्थार कर अगले दिन 16.10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन गढ़ बरूआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी, दरभंगा, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद स्टेशनों पर रूकेगी । इस ट्रेन में वातालुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 कोच लगेंगे ।

## संक्षिप्त खबरें

### पीड़ित पत्रकार के परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडेय

आराः पिछले दिनों भोजपुर जिले के न्यूज 18 निजी चैनल के पत्रकार चंदन मिश्रा की धर्मपत्नी रंभा देवी की असामयिक निधन के बाद लोजपा आर के संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य हुलास पांडेय भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के सोनवर्षा गांव पहुँचे जहाँ की उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर परिजनों को सांत्वना दिया और दुःख की इस घड़ी में पत्रकार चंदन मिश्रा को ढांढस बंधाया वही हुलास पांडेय ने घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही मार्मिक और कष्टदायक है क्योंकि चंदन मिश्रा की पत्नी अपने दो वर्षीय मासूम शिवांश शेखर को छोड़कर गोलोक प्रस्थान कर गई भगवान दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करें वही अगिआंव विधानसभा के पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद और पूर्व सांसद लोकसभा मीना सिंह ने भी सोनवर्षा पहुंचकर शोक संतप्त चंदन मिश्रा और उनके परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया।

### कोइलवर में जन औषधि केंद्र खुला, मानसिक रोगियों को मिलेगा फायदा



आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड के मानसिक आरोग्यशाला के समीप प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का सोमवार को उद्घाटन किया गया। जन औषधि केंद्र के संचालक सुधीर सिंह ने बताया कि कोइलवर में बिहार के इकलौते मानसिक अस्पताल होने के कारण यहां बिहार के दूर-दूर से मरीज को लेकर उनके परिजन आते हैं जहां कुछ लोग समृद्ध परिवार के होते हैं तो वही कुछ लोग बहुत की गरीब तबके के होते हैं। अस्पताल में दवा खत्म होने स्थिती में बाहर के दुकानों में मानसिक रोगों की दवा बहुत ही महंगी होती हैं ऐसे में जन औषधि के दुकान खुलने से मरीजों को बाजार मूल्य से 50 से 90 फीसदी तक सस्ते दामों पर दवा मिलेगा। इस जन औषधि केंद्र पर सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं को बाजार मूल्य से कम दाम पर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 23 अप्रैल 2018 की घोषित एक योजना है। मौके पर कृष्णा सिंह, विशुन देव सिंह, राकेश शर्मा, पंकज, गुड्डू, रॉकी, अनिल समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

### जनता दल यूनाइटेड साथी स्व महेंद्र तुरहा के निधन पर शोक संवेदना

बिहियां, भोजपुर जिले के जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा वर्ग के कर्मठ और सक्रिय साथी स्व महेंद्र तुरहा काफी दिनों से जटिल बिमारी के कारण दिनांक 18/8/2027को अपने निवास स्थान पर निधन हो गया। उनके निधन से हम सभी साथी बहुत मर्माहत हैं ।स्व महेंद्र तुरहा बहुत ही सादगी, सामाजिक कार्यकर्ता और नेक इंसान का हमारे बीच से चले जाना और उनके विचार को भरपाई करना मुश्किल है। उनके मर्माहत परिवार में दो पुत्र सोनू, मोनू और पत्नी मीना देवी को ऐसी स्थिति में उनके निवास पर मिलकर शोक संवेदना जाहिर करते हुए जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी, शोम नाथ कुशवाहा, रमेश जी एवम् सहयोगी साथी ऐसी दुःख की घड़ी में शामिल होकर उनके आत्मा को परमात्मा शांति दें।

### साहित्यकारों के लिए क्यों खास है आज का दिन 19 अगस्त

औरंगाबाद। 19 अगस्त साहित्यकारों के लिए खास दिन है। इस दिन का अवलोकन करते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि 19 अगस्त 1891 को महान साहित्यकार हरिशंकर शर्मा का जन्म हुआ था जो कवि, लेखक एवं समीक्षक के रूप में चर्चित थे। तो इसी दिन 1907 ईस्वी में हजारी प्रसाद द्विवेदी का भी जन्म हुआ था जो निबंधकार, उपन्यास, आलोचक, चिंतक एवं वैज्ञानिक शोधकर्ता के रूप में जाने जाते थे। जिन्होंने, हिंदी साहित्य में एक नया अध्याय शुरू करने का कार्य किया था। आज ही के दिन 1911 ईस्वी में ही आरसी प्रसाद सिंह जो प्रसिद्ध कवि थे। कथाकार एवं चर्चित एकांकीकार के रूप में जाने जाते थे ।1928 ईस्वी में आज ही के दिन शिव प्रसाद सिंह जो हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार के रूप में जाने जाते थे उनका भी जन्म आज ही के दिन हुआ था। जिन्होंने, हिंदी साहित्य को विशिष्टता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। आज ही के दिन 19 अगस्त 1987 में लक्ष्मी नारायण मिश्र जी का निधन हुआ था जिनकी आज पुण्यतिथि है। ये हिंदी के प्रसिद्ध नाटककार के रूप में जाने जाते थे ।2013 ईस्वी में 19 अगस्त को रोनाल्ड स्टुअर्ट मैक्ग्रेगार का निधन हुआ था जिन्होंने भाषा विज्ञान को नई ऊंचाई प्रदान की थी। व्याकरण के अनुवादक थे हिंदी साहित्य के इतिहास को वैज्ञानिक शोध प्रदान करते हुए गति प्रदान की थी एक साथ एक ही तिथि को चार साहित्यकारों की जयंती एवं दो साहित्यकारों की पुण्यतिथि है।

# थर्ड जेंडर्स ने उप विकास आयुक्त की कलाई पर राखी बांध कर मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। रक्षाबंधन के दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके दीघार्यु होने की कामना करती हैं, बदले में भाई भी अपनी बहनों को वचन देते हैं कि वे हमेशा उनकी रक्षा करेंगे। आज रक्षाबंधन के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उप विकास आयुक्त भोजपुर ने जिले वासियों के बीच सामाजिक समरसता का संदेश देने कार्य किया। सम्बंधों की पवित्रता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सुरक्षा के संकल्प के साथ सांस्कृतिक संबंधों के प्रतीक ' रक्षाबंधन पर्व' को इस वर्ष अपनी बहनों के साथ मनाया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह रक्षाबंधन का पर्व आप सभी बहनों के जीवन में सौभाग्य लाए, समाज में सद्भाव, सौहार्द व सहयोग की भावना जगाए।आप सभी बहने उन्नति के पथ पर अग्रसर हों और सशक्त बनें। हमारा सहयोग और आशीर्वाद हमेशा आप के साथ है। इस मौके पर शिवांगी सोनी, अनुप्रिया सिंह, रानी तिवारी, मासूम राय और अदिति गुप्ता ने विकास आयुक्त, भोजपुर के कार्यालय में आकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। अनुप्रिया सिंह ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम सब थर्ड जेंडर होते हुए भी अपने जिले के उप विकास आयुक्त को अपना बड़ा भाई मानकर उनकी कलाई पर राखी बांधकर इस त्यौहार को मानते है। हम अपने बड़े भाई की लंबी उम्र और अच्छे स्वस्थ की कामना करते है और ईश्वर से प्रार्थना करते है कि वे हमेशा नए कृतिमान स्थापित करे।

रक्षाबंधन के इस मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आरा के छात्राओं ने भी उप विकास आयुक्त के कलाई पर राखी बंधा कर इस त्यौहार को मनाया ।

## मंडल कारा में दिखी रक्षाबंधन जेल में बंद भाईयों को राखी बांधने पहुंचीं बहनें, सबकी आंखे हुई नम

प्रात: किरण संवाददाता

आराः बिहार सहित पूरे देश में रक्षाबंधन की धूम है। सभी बहनें अपनी भाई की कलाई पर राखी बांध रही है। सबसे खास बात है कि आज सावन की अंतिम सोमवारी भी है। आज सुबह से भक्त भगवान शिव की आराधना में लगे हैं। चूकि दोपहर 1.30 तक भद्रा का साया था तो सभी बहने दोपहर बाद अपने भाई को राखी बांधी। वहीं बिहार के आरा से एक बेहद ही खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। जहां जेल में बंद अपने भाईयों की राखी बांधने के लिए बहनें मंडल कारा पहुंची।

दरअसल, मंडल कारा आरा में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंडल कारा में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए उनकी बहनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। रक्षाबंधन त्योहार को लेकर जेल प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किया गया था।

जेल अधीक्षक ने बताया कि सुबह 7:00 बजे से ही बंदियों को वार्ड से बाहर निकाल दिया गया था, ताकि जैसे ही उनकी बहनें आएं, वे अपने भाइयों को बारी-बारी से राखी बांध सके। ताकि पर्व के अवसर पर कैदियों को अपने परिवार की ज्यादा याद ना आए।

देखरेख में पूरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं राखी बांधने के लिए पहुंची बहन की आंखों में आंसू भी भर आई है।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षा बंधन, बहनों ने भाई के कलाई पर बंधी रखी

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।भाई बहन के असीम अटूट प्रेम का प्रतीक पवित्र रिश्तों का त्यौहार रक्षाबधन सोमवार को शेरघाटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।बहनों ने भाइयों की कलाई पर पवित्र सूत्र रूपी राखी बांधी। आरती उतारी ।भाई के लंबी उम्र की कामना की। भाई ने भी अपने बहनों को रक्षा करने का संकल्प दोहराया। हर परिस्थिति में बहन की रक्षा का शपथ लिया। फिर दोनों एक दूसरे के लंबी उम्र की कामना की।इधर पूजा अर्चना को लेकर सुबह से ही मंदिरो में भीड़ जुटी रही। परंतु कुछ श्रद्धालु बाहर से ही पूजा अर्चना कर ईश्वर का आराधना किया।

ग्रामीण इलाके के शिवालयों में सावन के अंतिम सोमवार पर श्रद्धालु नर नारियों ने बेलपत्र आदि के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस प्रकार सावन का पवित्र माह रक्षाबंधन के साथ संपन्न हो गया।

## संस्कृत दिवस पर संस्कृत की जननी विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में विश्व संस्कृत दिवस समारोह धूमधाम से मनाई गई।संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संस्कृत दिवस के मौके पर संस्कृत सभी भाषाओं की जननी विषयक विचार गोष्ठी के संबोधन के क्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि प्राचीन समय में संस्कृति जनसंपर्क की भाषा थी। यूगों युगों से संस्कृत भाषा भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की धरोहर के रूप में जानी जाती रही है। वेद, उपनिषद, रामायण संस्कृत में ही रचे गए थे।संस्कृत को देव भाषा की संज्ञा दी गई है।कालिदास के जमाने में एक पथिक के द्वारा संस्कृत में वातालाप करना यह दशार्ता है कि प्राचीन समय में संस्कृत कितनी समृद्ध भाषा रही होगी।आज एक बार पुनः संस्कृत को उस दौर में लौटाने की आवश्यकता है। 1969 ईस्वी में पहली बार संस्कृत दिवस सावन पूर्णिमा को मनाई गई थी। संस्कृत के महान व्याकरणाचार्य पाणिनि का इसी दिन जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव को उत्कृष्ट बनाने वास्ते उनके जन्मदिन को संस्कृत दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा शुरू की गई। यह सभी भाषाओं की जननी है आज विश्व के जितने भी भाषा स्वयं को समृद्ध कहते हैं उनके बहुत से वाक्य, शब्दाक्षर संस्कृत से मिलते जुलते रहते हैं। विचार गोष्ठी के मौके पर राणा सुनील, सुजीत कुमार सिंह, अमन राज, राहुल कुमार, पवन कुमार सिंह, सोमप्रकाश रविकर, सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्राण रक्षा के लिए पेड़ की सुरक्षा आवश्यक : सुदामा

प्रात: किरण संवाददाता



आराःरक्षाबंधन के पावन पर्व पर भोजपुर के निरनपुर गांव में वृक्षबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर पर्यावरण कार्यकताओं ने वृक्ष वंदना, वृक्ष कि आरती उतारने के साथ वृक्ष को रक्षा सूत्र से बांधकर , पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया, इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार के प्रांत प्रमुख रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि कोरोना महामारी मेहमानों को आगाह किया है कि एक दिन ऐसा भी समय आ सकता है कि ऑक्सीजन के बिना राह चलते लोग मरने लगेंगे, और सबको पता है धरती पर अगर पेड़ नहीं रहेंगे तो ऑक्सीजन प्लांट भी ऑक्सीजन देना बंद कर देगा, इसलिए इस तरह के कार्यक्रम से पेड़ों के सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता होगी, पेड़ ऑक्सीजन देकर प्राण की रक्षा करते हैं। इसलिए वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए ,ताकि हमारा प्राण सुरक्षित रहे। कार्यक्रम में दिनेश पांडेय ,जितेंद्र यादव, टुनटुन शाह, सनी यादव, नमन पांडेय ,रोहित पांडेय सहित दर्जन भर लो उपस्थित रहे।

## सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में सावन पूर्णिमा रक्षाबंधन के मौके पर विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सुबह सवेरे से ही श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा।सोमवारी के चलते आज विशेष भीड़ देखी गई महिलाओं की भीड़ अधिक थी। ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम जम्होर में विष्णु धाम से लेकर जम्होर गांव के अंतिम छोर तक 51 मंदिरों की श्रृंखला है जिसमें दर्जनों शिवालय हैं। विष्णु धाम का शिव मंदिर, जीवन विगहा का शिव मंदिर, सूरजमल सेठ के धर्मशाला का शिव मंदिर, जम्होर बाजार स्थित ललन बाबू का शिव मंदिर, झूलन साहू के पास का शिव मंदिर, लक्ष्मी सेठ का शिव मंदिर, पुनपुन रोड राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी का शिव मंदिर, पुरानी पोस्ट ऑफिस के पास राधा कृष्ण मंदिर का शिव मंदिर, गया साहू का शिव मंदिर, बिरजू बाबू के ठाकुरवाड़ी का शिव मंदिर, शांतिपुर के बाबा का शिव मंदिर, सिद्धनाथ बाबा का शिव मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ का शिव मंदिर, कजरु बाबा का शिव मंदिर, संत मरियम मिशन स्कूल के पास का शिव मंदिर, कृष्णा मेहता के घर के पास का शिवमंदिर, हरिवंश पांडेय के घर के पास का शिव मंदिर, बंसी मिस्त्री के घर के पास का शिव मंदिर, दक्षिणी मुहल्ला हनुमान मंदिर के पास नथुनी बाबा का शिव मंदिर एवं स्टेशन स्थित ठाकुरवाड़ी का शिव मंदिर जहां विशेष पूजा पाठ किया गया।

## भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख त्यौहार है जिसे भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात: किरण संवाददाता

गया ।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनके कार्यालय में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के कलाइयों पर बहन प्रियंका मिश्रा सहित अन्य लोगों के द्वारा कलाई पर राखी बांधकर लंबी दीघार्यु की कामना की इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं, जिसे राखी कहा जाता है। राखी बांधने के बाद, बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुखद जीवन की कामना करती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों की रक्षा करने का वचन देते हैं।रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व भी है। प्राचीन काल से ही यह पर्व मनाया जाता रहा है।और इसके पीछे कई पौराणिक कथाएँ जुड़ी हुई हैं। उदाहरण के लिए, महाभारत में द्रौपदी द्वारा श्रीकृष्ण को राखी बांधने की कथा प्रसिद्ध है। इसी तरह, रानी कर्णावती और हुमायूँ की कहानी भी भाई-बहन के रिश्ते की मिसाल है।समाज में भाई-बहन का रिश्ता बहुत खास होता है, और रक्षाबंधन इस रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है। यह पर्व केवल हिंदू धर्म में ही नहीं, बल्कि सभी भारतीय समाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन परिवार के सदस्य एकत्रित होते हैं, मिठाइयों का आदान-प्रदान होता है और खुशियों का माहौल बनता है। इस प्रकार, रक्षाबंधन न केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। बल्कि परिवार की एकता और सामूहिकता को भी प्रकट करता है।

## केन्द्रीय मंत्री ने विजई बच्चों को मोमेंटो और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।पटना में राजा कर्ण तृतीय राजस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 6 से 8 अगस्त चला था जिसमे मगध आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के 9 बच्चे का प्रदर्शन बहुत ही लाजवाब हुआ था। इन सभी बच्चों को आज 19 अगस्त को सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने बोधगया आवास पर कोच अमित कुमार के साथ सभी विजई बच्चों को मोमेंटो और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया और यथा संभव केंद्र सरकार के द्वारा मदद करने की बात की ओर मंत्री ने कहा कि सभी विजेता बच्चे इसी तरह से गया का नाम रौशन करते रहे मेरे तरफ से हमे आशीर्वाद मिलता रहेगा। विजई बच्चों में आदर्श कुमार , तेजस कुमार गोल्ड मेडल प्राप्त किए थे, रुद्र प्रताप सिंह, सुवांशु नारायण सिंह, जिज्ञासा कुमारी, धानवी कुमारी सिल्वर मेडल प्राप्त किए थे। अथर्व सम्राट, सुभम राय, अर्पित चौबे, कोच अमित कुमार, और शिवशंकर कुमार जी बहुत ही बेहतर प्रदर्शन रहा था। इस सम्मान समारोह में अनिल कुमार यादव का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस सम्मान समारोह में अभिभावक गण राकेश कुमार, उदय कुमार विश्वकर्मा, गौतम सिंह, पंकज कुमार जी भी मौजूद रहे हैं।

## बहन ब्रह्मकुमारी के द्वारा जदयू महानगर अध्यक्ष को बांधी राखी

गया ।जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया बिहार राजू बरनवाल को ब्रह्मकुमारी कलेर द्वारा तिलक लगाकर राखी बांधी और ईश्वरी सौगात दी है। इस अवसर पर बहन ब्रह्मकुमारी ने कहा कि रक्षाबंधन दो शब्दों से मिलकर बना है तथा रक्षा और बंधन। इस बंधन में बहन-अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। उन्होंने कहा कि आज धीरे-धीरे इस प्यार के बंधन के मायने ही बदल गए हैं, लेकिन ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर बदले में महंगे उपहार न लेकर केवल मात्र भाइयों की आने जीवन से बुरी आदतें छोड़ने का वचन लेती हैं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन एक पवित्र त्योहार है। भाई और बहन के पवित्र रिश्ते का नाम रक्षाबंधन है। इस रोज भाई अपनी बहन की रक्षा करने का संकल्प लेता है।संकल्प को स्मरण कराने का दिन रक्षाबंधन है।

## सांसद अभय कुशवाहा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दी संत्वना

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल । औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने अरवल जिले के दो अलग-अलग गांव में जाकर पीड़ित के परिवार से मुलाकात की। पिछले दिनों करपी थाना क्षेत्र के कोहड़ौल गांव में एक अंडा विक्रेता की अपराधियों ने उधर अंडा नहीं देने पर पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। सांसद इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि घटना में जो भी लोग शामिल हैं उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाएगी। वहीं हरदिया गांव पहुंचकर सांसद ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। बबन कुशवाहा के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के युवा जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव समाजसेवी कुणाल कुशवाहा पवन कुशवाहा एवं अन्य लोग शामिल रहे हैं

# रक्षाबंधन पर बहनों से राखी बांधवा भाइयों ने रक्षा का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को स्नेह से भरें परंपरा पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा की अवसर पर बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है।

अवसर पर थाना क्षेत्र के घोसिया पंचायत के चित्रगुप्त कॉलोनी वार्ड-3 रेडिया में बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस पर्व को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इस उपरांत गुड़िया कुमारी, नंदनी कुमारी, प्रीति कुमारी, सारिका कुमारी, रंजनी कुमारी, सिंपल कुमारी, रितिका कुमारी, डिंपल कुमारी, निक्की कुमारी, निधि कुमारी सहित अन्य बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं शिक्षक कृष्णा प्रसाद, मुरली प्रसाद, बंशीधर सिंह, पत्रकार प्रकाश, शिक्षक रोहित कुमार, शिक्षक पवन कुमार, बैंक कर्मी निखिल कुमार सहित अन्य भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस उपरांत बहनों ने मिठाई खिला मुंह मीठा भी किया। साथ ही घर के बुढे- बुजुर्गो का पैर छुकर आशिर्वाद लिया।

सोमवार की दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ इन्हीं भावनाओं के साथ सुबह से ही तैयारी कर रही बहनों ने भाइयों के हाथों में राखियां बांधी। भारतीय हिंदू संस्कृति में सभी रिश्तो को महत्व देने के लिए कई पर्व मनाए जाते हैं ।भाई दूज के साथ रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के अनूठे संबंध को और गहरा करने का पर्व है। भारत में रक्षाबंधन को लेकर पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा रही है। कहा जाता है की असुर देवता संग्राम में इंद्र को उनकी पत्नी इंद्राणी ने अभिमंत्रित रेशम का धागा बांधा था जिसकी शक्ति से वे विजयी हुए। भगवान श्री कृष्ण को द्रौपदी द्वारा उनके घायल उंगली में साड़ी की पट्टी बांधने को भी रक्षाबंधन से जोड़कर देखा जाता है। उसी परंपरा का पालन करते हुए बहनों ने सुबह से उपवास रखकर स्नान और श्रृंगार किया। खुद सज धज कर बहनों ने थाल सजाई। जिसमें राखियों के साथ रोली हल्दी चावल दीपक मिठाई आदि रखा। भाइयों को टीका लगाकर उनकी आरती उतार उनकी दाहिनी कलाई पर राखी बांधी। वही भाइयों ने रक्षा का वचन देते हुए बहनों को उपहार दिया।

## अरवल जिले की आज स्थापना दिवस , कई कार्यक्रम होगा आयोजित, मंत्री हरि सहनी होंगे शामिल

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण वर्ग मंत्री हरि सहनी आज 20 अगस्त को अरवल जिला स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अपराह्न 2:00 बजे जिला परिषद पहुंचेंगे। संध्या 03:00 बजे अरवल सर्किट हॉउस में एनडीए के सभी कार्यकर्ता से मिलेंगे।

संध्या 4:00 बजे अरवल स्थित इंडोर स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह अरवल जिला स्थापना दिवस कार्यकर्म में उपस्थित होकर स्थापना दिवस की शोभा बढ़ाएंगे ।इस अवसर पर अरवल जिले के प्रभारी मंत्री हरि साहनी ने जिले वासियों से आह्वान किया है की आप सभी जिले के सम्मानित नागरिक स्थापना दिवस को विशेष उत्सव के तौर पर मनाये एवम् इस जिला स्थापना दिवस कार्यकर्म में उपस्थित होकर जिले के नागरिक होने का दायित्व निर्वहन करें यह पल जिले वासियों के लिए गौरव पूर्ण एवम् आनंद दायक होगा। उक्त बातों की जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता भास्कर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है।

## सावन माह के अंतिम सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी

प्रात: किरण संवाददाता




बिक्रमगंज(रोहतास)। सावन माह की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड भर के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनों भर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य, भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया। इसके साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की। पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। पूरा शहर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। शहर से लेकर गांव तक लोग शिव की भक्ति में लीन दिखे। पूजन को लेकर नगर के सासाराम में रोड में स्थित शिव मंदिर, थाना चौक के मंदिर, धनगाई स्थित शिव मंदिर, धारूपुर के शिवमंदिर, समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनोंभर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। अंतिम सोमवारी को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा लाईट लगाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शिवालयों की खूबसूरती देखते बन रही थी। शहर के सासाराम रोड स्थित मंदिर समेत कई मंदिरों में रूद्राभिषेक कराया गया। इस दौरान शहर शिवभक्त मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेशंकर की पूजा-अर्चना करते दिखे। पूजन को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह देखा गया।

### गुमशुदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज

दिनारा(रोहतास)। सेमरा ओपी पुलिस ने गुमशुदगी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेमरा ओपी क्षेत्र के खैरहीं निवासी स्वर्गीय सुदर्शन शर्मा की 78 वर्षीय पत्नी शांति कुंवर गुस्से में अपने घर से 17 अगस्त को निकल गई ।जो अभी तक घर पर नहीं पहुंच पाई है ।जिस मामले को लेकर शांति कुंवर के पुत्र श्याम बिहारी शर्मा ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है । इस संदर्भ में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के खैरहीं निवासी शांति कुंवर के पुत्र श्याम बिहारी शर्मा के द्वारा गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है ।

### 10 लीटर देशी शराब साथ एक धंधेबाज पकड़ाया

दावथ(रोहतास)। सूर्यपुरा पुलिस ने देशी दारू के साथ एक धंधेबाज को मौके वारदात अपनी गिरफ्त में ले लिया । प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष कंचन राज ने बताया कि थाना क्षेत्र के कवई निवासी राजेश कुमार को करीब 10 लीटर देशी महुआ दारू के साथ गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास)। सावन की अंतिम सोमवारी पर अनुमंडल भर के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । सोमवार को अहले सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था । खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया । शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में दिनोंभर शिवभक्तों का तांता लगा रहा । इस दौरान महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, भस्म, नैवेद्य, भांग, धतूरा, बेल्वपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया । इसके साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की । पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे । पूरा शहर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा । शहर से लेकर गांव तक लोग शिव की भक्ति में लीन दिखे । पूजन को लेकर अनुमंडल के कस्तर महादेव, आरा रोड शिव मंदिर, डीएसपी आवास समीप शिव मंदिर, सासाराम रोड दुर्गा मंदिर, डुमरांव रोड मां काली मंदिर, नटवार रोड मां काली मंदिर, धनगाई मां काली मंदिर, नगर के धारुपुर वार्ड 20 स्थित शिव मंदिर, वार्ड 21 में अवस्थित मां काली मंदिर व शिव मंदिर, काराकाट प्रखंड के देवमार्कण्डेय शिव मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में दिनोंभर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही । अंतिम सोमवारी को लेकर अनुमंडल के सभी मंदिर कमेटी द्वारा लाईट लगाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया था । शिवालयों की खूबसूरती देखते बन रही थी । नगर के कस्तर महादेव मंदिर समेत कई मंदिरों में रूद्राभिषेक भी कराया गया । साथ ही साथ उक्त अवसर पर काराकाट प्रखंड क्षेत्र के देवमार्कण्डेय शिव मंदिर में अखंड संकीर्तन का भी आयोजन किया गया । इस दौरान शहर के सभी शिवालयों में शिवभक्त मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेशंकर की पूजा-अर्चना करते दिखे । पूजन को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह देखा गया ।

## पिता पर लगा प्रताड़ना का आरोप थाने पहुंचा पुत्र

किंजर, अरवल । थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी गौरी शंकर सिंह ने अपने पिता रामानंद सिंह समेत अपने भाई और चचेरे चाचा पर संपत्ति से बेदखल करने का आरोप लगाकर थाने में आवेदन दिया है। सूचक के अनुसार वह गांव से बाहर रहकर परिवहन व्यवसाय से जुड़े थे। कोरोना काल में गांव लौटे तो परिवार वालों ने घर में प्रवेश करने से रोक दिया। मामले को लेकर पंचायत बैठी, पंचों की पहल पर मुझे चार कट्ठा जमीन मिली, जिसे बेचकर व्यवसाय के दृष्टिकोण से मैंने सड़क किनारे जमीन खरीद ली। बैंक से ऋण लेकर घर भी बना लिया। पिताजी से बार-बार जमीन बंटवारे का आग्रह करता रहा, लेकिन वे सभी भाइयों के आने की बात कह टालते गए। इस बीच मेरे ऊपर बैंक के अलावा काफी कर्ज हो गया। घर की संपत्ति के साथ-साथ पिताजी के पेंशन से भी मुझे पूरी तरह से बेदखल कर दिया गया। पिताजी तथा भाइयों द्वारा कर्जदारों को भी वसूली के लिए भड़काया जा रहा है। अपने ही परिवार वाले मुझे आत्महत्या करने को मजबूर कर रहे हैं।

## 33 लीटर देसी शराब पुलिस ने की बरामद

अरवल। रामपुर चौरम और मेहंदिया थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से 33 लीटर देसी शराब बरामद की है। थाना ध्यक्ष सिंटू कुमार ने बताया कि शराब के साथ एक बाइक भी जब्त की गई है। संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। रामपुर चौरम थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024





# कार्तिक आर्यन को भूल भुलैया 3 के लिए मिले 40 करोड़ रुपये

**कार्तिक आर्यन हिंदी फिल्मों के जाने-माने कलाकार हैं। उन्होंने अपनी पिछली कुछ फिल्मों से खुद को इंडस्ट्री में स्थापित कर लिया है। उनकी अभिनय क्षमता हो या बॉक्स ऑफिस पर उनकी विश्वसनीयता दोनों को लेकर अब कोई संदेह नहीं रह गया है। निर्माता भी अब उन पर दांव लगाने से कतराते नहीं हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में एक लंबा सफर तय किया है। अभिनेता ने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता को साबित किया है।**

### साबित की बहुमुखी अभिनय क्षमता

करियर की शुरुआती दौर में एक आम लड़के के रूप में कई फिल्मों में नजर आने के बाद कार्तिक ने अपनी छवि बदली। उन्होंने साबित किया कि उनके अभिनय में विभिन्नता भी है। इस वक्त कार्तिक आर्यन वर्तमान पीढ़ी के सबसे विश्वसनीय कलाकारों में से एक हैं। इस वजह से निर्माता भी उन पर मोटा दांव लगा रहे हैं। उन्हें उनकी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए मोटी फीस दी गई है।

### भूल भुलैया 3 के लिए मिली है 40 करोड़ की फीस

भूल भुलैया 2 के अलावा, सत्यप्रेम की कथा को भी दर्शकों ने पसंद किया। ये दोनों फिल्में भी कोविड के बाद ही रिलीज हुई हैं। हालांकि, इस बीच उनकी शहजादा और चंदू चैंपियन जैसी फिल्में असफल भी रहीं, लेकिन उनकी मांग अभी भी कम नहीं हुई है। अब एक बार फिर वह भूल भुलैया 3 के साथ बॉक्स ऑफिस पर छा जाने के लिए तैयार हैं। फिल्म में उनकी सैलरी को लेकर उड़ रही अफवाहों के बीच उन्होंने पुष्टि की है कि उन्हें फिल्म के लिए 40 करोड़ की मोटी रकम मिली है।



# द राजा साहब में दिखेंगी निधि अग्रवाल

फिल्म कल्कि 2909 एडी की अपार सफलता के बाद सुपरस्टार प्रभास जल्द ही हॉरर रोमांटिक कॉमेडी द राजा साहब में नजर आने वाले हैं। पिछले काफी समय से फिल्म में निधि अग्रवाल के काम करने को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। अब निर्माताओं ने इस पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। हाल ही में निधि भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। निर्मताओं ने शनिवार को एक पोस्ट साझा कर बताया कि अब वह भी इस प्रोजेक्ट में शामिल हो गई हैं। द राजा साहब के आधिकारिक एक्स अकाउंट से फिल्म सेट की कई तस्वीरें साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, टीम द राजा साहब निधि अग्रवाल का स्वागत करते हुए रोमांचित है। हम सेट पर ढेर सारे प्यार और उत्साह के साथ उनका जन्मदिन मना रहे हैं। फिल्म का निर्माण कर रही पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर भी इस बात की जानकारी दी गई है। साझा की गई तस्वीरों में सेट पर निधि को फिल्म के सदस्यों के साथ जन्मदिन मनाते हुए देखा जा सकता है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मारुति के हाथों में है। वहीं, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में मेकर्स को शुक्रिया कहा है। उन्होंने लिखा, सेट पर मेरा जन्मदिन मनाने के लिए राजा साहब की टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद.. मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। द राजा साब में पहली बार प्रभास और निधि एक साथ स्क्रीन साझा करने जा रहे हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में रिद्धि कुमार, वरलक्ष्मी सरथकुमार, जीशु सेनगुप्ता, ब्रह्मानंदम और योगी बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। अला वैकुंठपुरमुलू से मशहूर हुए संगीतकार थमन एस ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। फिल्म को 10 अगस्त 2025 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा।



# अभिनेता राज अनादकट ने बताया कैसे मिला उन्हें यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ गुजरात का ऑफर

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नजर आने वाले अभिनेता और कलाकार राज अनादकट अब गुजराती टेलीविजन शो यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ गुजरात में भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह शो उनके लिए बिल्कुल उपयुक्त है। उन्हें इस शो में अपनी मूल भाषा में काम करने का मौका मिला है। एक्टर ने इस शो से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें शो के मेकर्स का कॉल आया तो उस वक्त वह अपने इंस्टाग्राम रील पर इंप्रेशन ट्रैक करने में व्यस्त थे। अभिनेता ने कहा, समय वास्तव में असाधारण था। जिस दिन मुझे शो के बारे में फोन आया, मैं अपनी बहन के साथ रील बनाने के बारे में चर्चा कर रहा था और फिर अचानक मुझे शो के बारे में फोन आया।

अभिनेता ने आगे कहा कि उन्हें शो में भूमिका निभाने के लिए ज्यादा तैयारी नहीं करनी पड़ी क्योंकि यह शो गुजराती भाषा में है और उनका व्यक्तित्व केशव से काफी मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा, मैं अपनी मातृभाषा में भूमिका निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं इस रोमांचक नई यात्रा को शुरू करने के इस अवसर के लिए बेहद रोमांचित और आभारी हूं। यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ गुजरात एक महिला (सना अमीन शेख द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जो अपनी मां यमुना (अमी त्रिवेदी द्वारा अभिनीत) और अपनी दादी सूर्यकांता बा (रागिनी शाह द्वारा अभिनीत) को फिर से मिलने के प्रयास में अमेरिका से लौटती है। बता दें कि 'यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ गुजरात' सोमवार से रविवार तक कलर्स गुजराती पर प्रसारित होता है।



# ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन साझा करेंगी श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर की हालिया रिलीज हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर रही है। फिल्म ने महज तीन दिनों में 144 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसी बीच अभिनेत्री के वर्कफ्रंट पर बड़ी जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो श्रद्धा अगली फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। इस खबर मात्र ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है। श्रद्धा कपूर एक तरफ फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं। वहीं दूसरी ओर, अच्छी खबर यह है कि वह अब बहुप्रतीक्षित ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म कृष 4 की मुख्य महिला का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टाइम्स नाउ की ताजा खबर के मुताबिक अब कहा जा रहा है कि, फिल्म कृष 4 के मेकर्स ने श्रद्धा कपूर से संपर्क किया है। हालांकि, किसी की ओर से कोई पुष्टि या कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि रोशन परिवार के मन में हमेशा से फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रद्धा कपूर थीं। इसका अंदाजा उस रहस्यमय पोस्ट से लगाया जा सकता है जो कई हफ्ते पहले श्रद्धा कपूर ने पोस्ट किया था। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी एक शानदार सेल्फी शेयर की थी। हालांकि, सेल्फी के साथ लिखा गया कैप्शन खुश करने वाला था। श्रद्धा कपूर ने पोस्ट को कैप्शन दिया था, जादू जैसी धूप की जरूरत है। जिस पर उनके कई प्रशंसकों ने रिएक्ट किया था। लेकिन, एक जवाब जो वास्तव में सबसे अलग था, वह ऋतिक रोशन का था, जिन्होंने लिखा, वह आ रहे हैं। उन्हें बताएंगे। इस पर श्रद्धा ने जवाब देते हुए कहा, वास्तव में? कब क्या, कहां बताएं बताएं बताएं।

# मुर्शीद में खूंखार गैंगस्टर बनकर लौट रहे हैं के के मेनन

शेखर होम जैसी जबरदस्त वेब सीरीज देने के बाद एक्टर के के मेनन अब एक और धांसू सीरीज में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है मुर्शीद। मेकर्स ने हाल ही इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया, जिसमें के के मेनन के साथ एक्टर तनुज विरवानी भी नजर आ रहे हैं। इस वेब सीरीज की अनाउंसमेंट साल 2021 में की गई थी। के के मेनन ने जहां जियो सिनेमा पर रिलीज हुई शेखर होम में एक जासूस का रोल निभाया, वहीं मुर्शीद में वह खूंखार रोल में दिखेंगे। मुर्शीद को 30 अगस्त को स्ट्रीम किया जाएगा। मेकर्स ने इसका पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा है, ये बॉम्बे है मेरी जान, और यहां सरताज-ए-बंबई उर्फ मुर्शीद भाई का सिक्का चलता है। मेकर्स ने अभी तक मुर्शीद की स्टोरीलाइन रिवील नहीं की है, बस इतना पता चला है कि इस गैंगस्टर-ड्रामा की कहानी मुंबई के इर्द-गिर्द होगी।



# कल्कि के बाद देश की खातिर फौजी बनेंगे प्रभास!

प्रशांत नील की सालार – पार्ट 1 और नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी के बाद प्रभास के पास एक और फिल्म है। शनिवार को निर्देशक हनु राघवपुड़ी के साथ उनकी अगली फिल्म हैदराबाद में एक पूजा समारोह के साथ लॉन्च की गई। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक टाइटल की घोषणा नहीं की है, लेकिन माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर समारोह की तस्वीरें शेयर कीं। अफवाह है कि इस फिल्म का नाम फौजी होगा। इस फिल्म में डांसर इमानवी और अनुभवी एक्टर्स मिथुन चक्रवर्ती और जया प्रदा भी लीड रोल्स में नजर आएंगे। प्रभास को शुभकामनाएं देने के लिए प्रशांत भी फिल्म के लॉन्च में शामिल हुए।

### प्रभास की नई फिल्म में मिथुन और जया प्रदा

फिल्म के आधिकारिक अनाउंसमेंट में लिखा है, हर ऐतिहासिक घटना हमारी भावनाओं और विचारों से मेल नहीं खाती है, लेकिन यह कहानी एक योद्धा द्वारा अपनी मातृभूमि के लोगों को न्याय दिलाने के लिए लिखी गई है। 1940 के दशक में यह ऐतिहासिक कहानी इतिहास एक ऐसे योद्धा की कहानी है जो अंधेरे से बाहर निकला, एक ऐसे समाज से बाहर आया जो मानता था कि युद्ध ही दबे हुए अन्यायों और भूली हुई सच्चाइयों का एकमात्र जवाब था, जिन्हें इतिहास ने दुनिया से छिपाकर रखा था।





# मुझे देख कर लोग कहते थे चला मुरारी हीरो बनने

**फिल्म स्त्री 2 के एक्टर अभिषेक बनर्जी आर्मी बैकग्राउंड से हैं, लेकिन उन्होंने अपने लिए फिल्मी करियर चुना। उन्होंने कहा- मुझे देख कर लोग मजाक उड़ाते थे और कहते थे- चला मुरारी हीरो बनने। उन्होंने कहा- मेरे लिए कॉमेडी ज्यादा मुश्किल है। हालांकि लोगों को लगता है कि मैं कॉमिडी आसानी से कर लेता हूं। आर्मी बैकग्राउंड से ताल्लुक रखने वाले अभिषेक बनर्जी को उनके पिता आईएएस अफसर बनाना चाहते थे, मगर उन्होंने अभिनय की राह चुनी। कास्टिंग डायरेक्टर रहे अभिषेक काफी स्ट्रगल के बाद चमके।**

**आपके पिता आपको आईएएस अफसर बनाना चाहते थे, फिर आपने अभिनय का रास्ता कैसे अख्तियार किया?**

जब मैंने उनसे कहा कि मैं एक्टर बनना चाहता हूं तो वे पहले बहुत गुस्से में थे। वे चाहते थे कि मैं भी उनकी तरह वर्दी पहनूं, एक सिक्योर जॉब में रहूं, लेकिन मेरी मनोकामना कुछ और थी। पूरी जिंदगी मैंने उनको उनको तकलीफों और कठिनाइयों में देखा था। मैं उन कठिनाइयों को नहीं झेलना चाहता था। मैं शारीरिक रूप से इतना फिट नहीं था और एक स्पोर्ट्सपर्सन एक एज के बाद रिटायर हो जाते हैं, लेकिन फौजी 50-60 की उम्र तक काम करते है। मैं थोड़ा क्रिएटिव था, तो मैंने ये फील्ड चुनी। आज मेरे माता-पिता मुझको देख काफी खुश होते हैं।

**आपकी दो फिल्में एक ही दिन पर प्रदर्शित हो रही हैं, तो कैसा अहसास है?**

जी, ये सपने जैसा ही है ये। इतने सालों की स्ट्रगल और मेहनत कहीं ना कहीं ऐसा लगता है की रंग लाती दिख रही हैं। हालांकि अभी तो बहुत जल्दी हो जाएगा फिल्म के बिजनेस के बारे में कुछ भी कहना। जैसा की आपने कहा इतनी बड़ी डेट पर रिलीज हो रही है 2 बड़ी फिल्में। इस हफ्ते मैं दोनों फिल्मों में दिख रहा हूं, तो मुझे फील हो रहा है कि मैं इंडस्ट्री का एक हिस्सा हूं। ये मेरे जैसे कलाकार को प्रोत्साहन देता है।

**फिल्मों में एक्टर को दर्शक एक खास तरह की कद-काठी में देखने के आदी होते हैं। आपको अपनी दुबली-पतली फिजिकैलिटी के कारण कभी दिक्कत आई?**

मुझे आस-पड़ोस के लोग कहा करते थे कि कम से कम बाल बनाकर तो जाया करो। ये सच है कि हमारे देश में लोग ऐक्टर्स को परफेक्ट देखना चाहते हैं। वे उन्हें एक आम आदमी समझते ही नहीं। वो जो परफेक्शन, ग्लैमर दिखता है उसके लिए पूरी फौज लगती है। मुझे याद है, मैं कास्टिंग किया करता था, तब मेरे एक दोस्त ने मुझे किसी से इंट्रोड्यूस कराते हुए बताया कि मैं कास्टिंग डायरेक्टर हूं और अभिनय करना चाहता हूं, तो वो बंदा हैरान हो गया। उसके भाव कुछ इस तरह थे, जैसे चला मुरारी हीरो बनने। सालों बाद जब मैं फेमस हुआ, तो वही बंदा आकर मुझसे बोला कि मैंने उसे गलत साबित किया। अब देखिए ना, करियर के शुरुआती दौर में महानायक को अपने कद के कारण आलोचना का शिकार होना पड़ा था। शाहरुख खान ने खुद बोला है कि उनके बाल जो हैं, वो भालू जैसे हैं। मेरा मानना है कि ये परसेप्शन का खेल है। लोग वही चहर। अगर सालों देखें, तो उन्हें वो चेहरा सुंदर लगने लगता है। अगर आपकी कला कमाल की है, तो आपकी कला की सुंदरता आपको और सुंदर दिखाती है। रणवीर सिंह जब इंडस्ट्री में नए आये थे, तब उनके बारे में कहा जाता था कि यार ये किस तरह का हीरो आ गया? मगर आज लड़कियां मरती हैं उन पर। इरफान खान जैसे लीजेंड भी जब इंडस्ट्री में आए, तो वे भी अलग तरह की कदकाठ रखते थे।

**स्त्री 2 में आप कॉमिडी के रंग में रंगे हैं जबकि वेदा में आप एक हार्डकोर विलेन के रूप में दिख रहे हैं, आप अभिनय के किस रंग को इंजॉय करते हैं?**

कैमरे के सामने रहना ही बड़ा एक्सपीरियंस होता है। मगर मुझसे आप पूछेंगे तो मेरे लिए कॉमेडी ज्यादा मुश्किल है। हालांकि लोगों को लगता है कि मैं कॉमिडी आसानी से कर लेता हूं, मगर मुझे कॉमिडी के लिए मेहनत करनी पड़ती है। हालांकि मेरा मूड कितना भी खराब क्यों न हो, बॉडी पेन हो या मैं चिड़चिड़ा होऊं, मगर मैं उसे कॉमिडी में नहीं आने देता। मगर हंसाना मुश्किल तो है। ड्रामा में क्या होता है न? आप उसमें अपनी निजी जिंदगी के जज्बात पिरो सकते हैं। अगर आपका मूड खराब है, तो वो ड्रामा में हेल्प करता है, उसे बेहतरीन बनाने के लिए, लेकिन कॉमिडी करते हुए आपको सब कुछ भूलना पड़ता है। आपका काम है, लोगों को हंसाना, उन्हें वो खुशी देना जो वो ढूंढने आए हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### भारत का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पांच वर्षों में हो सकता है दोगुना

**अध्ययन में किया गया दावा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में पहली तिमाही के नतीजों का सीजन लगभग खत्म हो चुका है, ज्यादातर प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने पहले ही अपने परिणामों की घोषणा कर दी है। ब्रोकरेज फर्म आईसीआईसीआई डायरेक्ट के एक विश्लेषण के अनुसार, पहली तिमाही में मजबूत आंकड़े देने वाले शीर्ष चार क्षेत्र पूंजी बाजार, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं , इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवाएं और अपशिष्ट प्रबंधन हैं। कैपिटल मार्केट्स सेक्टर पर आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने बताया है कि इससे जुड़ी कंपनियों ने मजबूत परिणाम दिए है। इसका कारण बढ़ता वॉल्यूम, ऑर्डर और ग्राहकों की संख्या में इजाफा रहा है। एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) सेक्टर में भी वृद्धि देखी गई, जिसे उत्साही शुद्ध इक्विटी प्रवाह और रिकॉर्ड-उच्च एसआईपी प्रवाह से मदद मिली है। विश्लेषण में कहा गया है कि मध्यम वर्ग में वृद्धि और बढ़ता वित्तीय समावेशन घरेलू बचत को निवेश उत्पादों और वित्तीय बाजारों की ओर स्थानांतरित कर रहा है, जिससे विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर पैदा हो रहा है।
आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने कहा कि टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में गर्मी के मौसम में तिमाही के दौरान मजबूत वृद्धि हुई। बढ़ते तापमान ने एयर कंडीशनर की मांग को काफी बढ़ा दिया, जिसके परिणामस्वरूप



कंज्यूमर ड्यूरेबल्स फर्मों के लिए मजबूत टॉपलाइन ग्रोथ दर्ज की गई। कम इनपुट लागत, बेहतर उत्पाद मिश्रण और परिचालन दक्षता के कारण उपभोक्ता टिकाऊ वस्तु क्षेत्र के मार्जिन में विस्तार हुआ। इस क्षेत्र के विकास चालकों में कम पैठ, उच्च डिस्पोजेबल आय के साथ बढ़ती मध्यम वर्ग की आबादी और तेजी से हो रहा शहरीकरण शामिल हैं।
इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा (ईएमएस) कंपनियों के लिए, विश्लेषण ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), एयरोस्पेस, रेलवे और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं (एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन) जैसे क्षेत्रों में मजबूत मांग का संकेत दिया। आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने कहा, भारत का इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का विनिर्माण अगले पांच वर्षों में दोगुना होने का अनुमान है, जो 125 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर लगभग 250 बिलियन अमरीकी डालर हो जाएगा।

# किराये के अलावा कमाई के और तरीके, बिना कागजी कार्रवाई घर देना खतरनाक हो सकता है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** छह साल पहले तक वर्माजी के लिए सबकुछ ठीक था। मुश्किल तब बढ़ी, जब उनका किरायेदार बिना नोटिस के और कोविड के कारण बकाया नहीं देकर थोड़े ही समय में घर छोड़कर चला गया। उन्हें स्वयं कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा और छह महीने की अवधि में उन्हें घर की मरम्मत करानी पड़ी। इससे उनकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। उनके बच्चे शहर चले गए थे। उनकी पेंशन बहुत कम थी। उनकी प प्रतिशती को किडनी की समस्या के कारण बार-बार डायलिसिस के लिए जाना पड़ता था। लागतें लगातार बढ़ रही थीं और पहली मंजिल का किराया उनके नियमित खर्चे का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया था।

**बिना कागजी कार्रवाई घर देना खतरनाक** – दो साल पहले उनका एक दोस्त अपने बेटे के लिए मकान चाहता था। चूंकि, युवक दोस्त का बेटा था, इसलिए वर्माजी ने किसी रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के लिए दबाव नहीं डाला। दोनों ने एक सादे कागत पर औपचारिक हस्ताक्षर किए। बैंक और अन्य जरूरी आईडी के विवरण का आदान-प्रदान किया। लीज नवीनीकरण के लिए आने तक सब ठीक था। लेकिन, उनके दोस्त के बेटे ने किराये में किसी भी तरह की बढ़ोतरी से इन्कार कर दिया, क्योंकि एग्रीमेंट में इसका उल्लेख नहीं किया गया था।

### किराये की आय पर निर्भरता से बचें

अब, वर्माजी चिंतित हैं और उन्होंने इसमें अपने दोस्त को शामिल करने की कोशिश की है, लेकिन उनसे भी खास मदद नहीं मिल रही है। आजकल बड़े शहरों में यह आम बात है, जहां किरायेदार सख्त हो सकते हैं और मकान मालिकों को दोषी किरायेदारों से निपटना मुश्किल हो रहा है। सबसे बड़ा दोष बाद की उम्र में किराये की आय के लिए रियल एस्टेट पर निर्भर होना है। आय के स्रोत के रूप में रियल एस्टेट एक बेहतरीन उदाहरण है, लेकिन जरूरी नहीं है कि इससे आपको किराये के रूप में हमेशा अच्छा रिटर्न मिले। अक्सर किराये की आय साल में सिर्फ 10 महीने के लिए होती है, जिसमें एक महीने का किराया मरम्मत और टैक्स में चला जाता है।

### गहराई से विचार करने की है जरूरत

निवेश के रूप में रियल एस्टेट, विशेष रूप से किराये की आय एक गलत अवधारणा है, जिस पर गहराई से विचार करने की जरूरत है। ऐसे भी उदाहरण हैं, जब कोई अपनी संपत्ति बेचना चाहता है और उसके लिए खरीदार ढूंढना या उसे अपनी इच्छानुसार बेचना मुश्किल हो जाता है। तो, क्या रियल एस्टेट के इन मुद्दों से निकलने का कोई रास्ता है हां और नहीं। हां, जिस घर में आप रहते हैं उसके अलावा रियल एस्टेट में निवेश से लाभ पाने के कई तरीके हैं।

### रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट का लें सहारा

आज ऐसे रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट हैं, जिनमें आप पैसे लगा सकते हैं।ऐसे रियल एस्टेट प्रबंधक भी हैं जो शुल्क के लिए संपत्तियों का प्रबंधन करते हैं। ये सभी नए रास्ते हैं और लोगों को ऐसे विचारों को अपनाने में कुछ समय लगेगा। हालांकि, इन सभी पहलुओं में कर निहितार्थ भी हैं, जिन्हें कई घर मालिक छोड़ना नहीं चाहते हैं। इसलिए, अक्सर टीडीएस से बचने के लिए किराया आंशिक रूप से नकद व बाकी खाते में स्वीकार किया जाता है क्योंकि किराये के लिए मासिक सीमा 50,000 रुपये है।

### कैपिटल गेन पर देना होता है टैक्स

रियल एस्टेट से एकमात्र लाभ कैपिटल गेन है। इससे फिर से आपको टैक्स व नकदी की चुनौती में उलझना होता है। ज्यादातर लोगों के लिए इसका प्रबंधन मुश्किल बन जाता है। ऐसे परिणाम से कुछ लाभ की भरपाई के लिए एक और रियल एस्टेट निवेश होता है और ऐसा करने से चुनौतियां जारी रहती हैं। अब समय आ गया है कि लोग सिर्फ रहने के लिए घर के बारे में सोचें। बाकी सभी चीजों के लिए एक वित्तीय साधन के जरिये रियल एस्टेट निवेश पर विचार करें। रियल एस्टेट निवेश के लिए अब नए वित्तीय साधन हैं। तब तक अगर आप वर्माजी की तरह हैं, तो अपने रियल एस्टेट किराये के विकल्पों से सावधान रहना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके पास किरायेदार के साथ एक स्पष्ट व रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हो।

# निवेश के लिए आकर्षक हैं बराबर भार वाले सूचकांक

## तीन वर्षों में 182 फीसदी बढ़कर 10 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड कंपनियां ऑफर्स को बेहतर बनाते हुए पैसिव निवेश के क्षेत्र में अनूठे फंड लॉन्च कर रही हैं। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड का निफ्टी 500 ईक्वल वेट इंडेक्स फंड 21 अगस्त को खुलेगा। यह निफ्टी 500 को कवर करने वाला पहला ईक्वल वेट इंडेक्स है। ईक्वल वेट इंडेक्स स्टॉक बाजार सूचकांक में एक अनूठा नजरिया दिखाते हैं, जहां सूचकांक में प्रत्येक घटक को कंपनी के बाजार पूंजीकरण की परवाह किए बिना ईक्वल वेट दिया जाता है। निफ्टी 500 ईक्वल वेट सूचकांक ने एक वर्ष में 56.6 फीसदी और तीन वर्ष में 25.9 फीसदी का रिटर्न दिया है। निफ्टी 500 सूचकांक का रिटर्न इसी दौरान 39.2 फीसदी और 21 फीसदी रहा है।

### वैश्विक फंड हाउसों में भी बढ़ा निवेश

वैश्विक स्तर पर ईक्वल वेट फंडों में निवेश के प्रति रुचि रही है। इन्वेस्को एसएंडपी 500 ईक्वल वेट ईटीएफ की संपत्ति 5,840 करोड़ डॉलर है। गोल्डमैन सैश ईक्वल वेट यूएस लार्ज कैप इक्विटी ईटीएफ का एयूएम 73 करोड़ डॉलर है। निप्पॉन इंडिया निफ्टी 500 ईक्वल वेट सूचकांक फंड, निफ्टी 500 ईक्वल वेट सूचकांक टीआरआई को दर्शाता है। निफ्टी 500 सूचकांक के सभी घटक हमेशा निफ्टी 500 ईक्वल वेट सूचकांक का हिस्सा होंगे। सूचकांक में हर घटक का बराबर वेट होगा।

### तिमाही आधार पर निकाल लिया जाता है मुनाफा

ईक्वल वेट में इस तरह की रणनीति निवेशकों को ऑटोमैटिक मुनाफा बुकिंग का अनूठा लाभ प्रदान करता है, जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टॉक्स का मुनाफा तिमाही आधार पर बुक किया जाता है। तिमाही पुनर्संतुलन के जरिये पोर्टफोलियो के घटकों में पुन: बांट दिया जाता है। इस फंड में निवेश से समान अवसर का लाभ मिलता है क्योंकि सूचकांक में सभी घटकों का ईक्वल वेट होता है, जो प्रत्येक घटक को प्रदर्शन का मौका देता है।

### तिमाही आधार पर निकाल लिया जाता है मुनाफा

ईक्वल वेट में इस तरह की रणनीति निवेशकों को ऑटोमैटिक मुनाफा बुकिंग का अनूठा लाभ प्रदान करता है, जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टॉक्स का मुनाफा तिमाही आधार पर बुक किया जाता है। तिमाही पुनर्संतुलन के जरिये पोर्टफोलियो के घटकों में पुन: बांट दिया जाता है।

# एमडीएच और एवरेस्ट के अलावा और भी कंपनियों के मसालों में मिली मिलावट

- **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की जांच में 12 प्रतिशत सैंपल हुए फेल**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमडीएच और एवरेस्ट के अलावा दूसरी कंपनियों के मसालों में भी मिलावट पाई गई है। रॉयटर्स को मिले आंकड़ों के मुताबिक करीब 12 फीसदी सैंपल क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए हैं। ऐसे में मसालों की गुणवत्ता पर एक बार फिर से सवाल खड़े होने लगे हैं। बता दें कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने देश में बिक रहे मसालों की जांच की थी। इसके लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने क्वालिटी टेस्ट के लिए देशभर से मसालों के 4054 सैंपल इकट्ठे किए थे। बाद में जांच में 474 सैंपल (करीब 12 फीसदी) फेल हो गए। ये टेस्ट मई और जुलाई की शुरुआत के बीच किए गए थे। रॉयटर्स ने ये आंकड़े आरटीआई के तहत जुटाए हैं।

### कंपनी ने कहा- कुछ कंपनियों पर हुई कार्रवाई

यह जानकारी सामने आने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने रॉयटर्स को इस बारे में एक बयान दिया। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि जिन कंपनियों के मसालों की क्वॉलिटी में खामी पाई गई है, उनके खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जा रही है। कुछ कंपनियों के खिलाफ एक्शन लिया भी जा चुका है। हालांकि क्या कार्रवाई की गई, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इसके बारे में कुछ नहीं बताया।

# दुनिया का सबसे दौलतमंद गांव जहां 17 बैंकों में जमा लोगों का 5,000 करोड़




**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात का एक छोटा सा गांव माधापर दुनिया का सबसे अमीर गांव बन चुका है। यह कच्छ जिले में है। इस गांव में 7,600 घर और 17 बैंक हैं। गांव ने तरक्की की नई मिसाल कायम की है। माधापार के ज्यादातर लोग एनआरआई हैं जो विदेश में रहकर भी अपने गांव से जुड़े हुए हैं। ये उसकी तरक्की में योगदान देते हैं। कभी मिट्टी के घरों और कम सुविधाओं वाले गांवों की तस्वीर जहन में आती थी। लेकिन, माधापार ने इस सोच को बदल दिया है। यहां के लोग आधुनिक सुख-सुविधाओं के साथ रहते हैं। उनका जीवन स्तर ऊंचा है। माधापार में कई स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, कॉलेज, झीलें, हरियाली, बांध और मंदिर हैं। 1990 के दशक में जब तकनीकी क्रांति आई तो माधापार ने भी इसे अपनाया और भारत का पहला हाई-टेक गांव बन गया। माधापार की अमीरी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां के 17 बैंकों में औसतन 5,000 करोड़ रुपये जमा हैं। यह रकम हर घर के हिसाब से लगभग 15 लाख रुपये होती है। इस अमीरी का मुख्य कारण विदेश में रहने वाले भारतीय हैं। माधापार की 92,000 की आबादी में से 65 प्रतिशत लोग एनआरआई हैं जो अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देशों में रहते हैं। ये एनआरआई अपने परिवारों को पैसे भेजते हैं जिससे गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

### लंदन में माधापार ग्राम एसोसिएशन की स्थापना

माधापार के लोगों ने अपनी जड़ों को नहीं भुलाया है। 1968 में लंदन में माधापार ग्राम एसोसिएशन की स्थापना की गई थी। इस संस्था का उद्देश्य गांव के लोगों को एक-दूसरे से जोड़े रखना है। यहां के लोग खेती-बाड़ी भी करते हैं। उनका उत्पादन देशभर में भेजा जाता है। माधापार की कहानी हमें प्रेरित करती है। यह दिखाती है कि गांवों में भी तरक्की संभव है।

# कैन बायोसिस ने जैविक खेती के लिए किया स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**इंदौर, एजेंसी।** भारत देश कृषि प्रधान है, जहां 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। आज देश 5 ट्रिलियन की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है और इसमें किसान भाइयों का योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए कैन बायोसिस ने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा के 10 से अधिक स्कूलों के 7 वीं से 9 वीं कक्षा के 1,200 से अधिक बच्चों को कृषि और मिट्टी की गुणवत्ता के बारे में जागरूकता निर्माण करने के लिए एक अनोखा उपक्रम किया है। इस अभियान के तहत, इंदौर के नजदीक मनावर के आदर्श मनावर विद्यालय में अनंतराम साहू और सतिश पाटीदार ने, तथा तिल्लोर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संदीप नगर ने 50 से अधिक बच्चों को मार्गदर्शन किया।
इस दौरान बच्चों के लिए रंगोली, चित्रकला, वक्तृत्व स्पर्धा का आयोजन किया गया, और जैविक खेती मार्गदर्शन पुस्तिकाएं एवं विद्यालय उपयोगी सामग्री वितरित की गई। यह अभियान कैन बायोसिस के विपणन और मानव संसाधन विभाग के डॉ. प्रशांत पवार और बिक्री विभाग के उपाध्यक्ष राहुल पारखी, के मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया जा रहा है। कैन बायोसिस कंपनी के व्यवस्थापिक संचालिका संदीपा कानिटकर ने कहा , भारत की भावी पीढ़ी ही भारत का भविष्य है।
इसी पीढ़ी से प्रगतिशील किसान, भावी कृषि मार्गदर्शक, कृषि सहायक तैयार होने वाले हैं और इसके लिए पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता और महत्व कृषि को और प्रगति की ओर ले जाना है। कैन बायोसिस कंपनी के विपणन एवं मानव संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. प्रशांत पवार ने कहा, खेती के माध्यम से अच्छा उत्पन्न निकालने के लिए जैविक खेती के फायदोंपर एक अभियान के दौरान चर्चा की गई हैं। साथ ही सदयस्थिती में औद्योगीकरण तथा उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से जीवन खतरे में पड़ने की समस्या का भी उल्लेख किया गया है।



# प्रिया मिश्रा के पंजे की मदद से भारत ए की सांत्वना भरी जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के सनसनीखेज पांच विकेट की मदद से भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को रविवार को 50 ओवर के तीसरे मैच में 171 रनों से हरा कर सांत्वना भरी जीत हासिल की।

तेजल हसब्निस और राघवी बिस्ट के अर्धशतकों के बाद भारत ए को 243/9 पर ले जाने के बाद, प्रिया ने अपनी पहली गेंद पर एक विकेट लिया और दो मेडन सहित पांच ओवरों में 5-14 के आंकड़े के साथ ऑस्ट्रेलिया को  ए 22.1 ओवर में सिर्फ 72 रन पर आउट कर दिया।इस हार के बावजूद मेजबान टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, चार्ली नॉट और कप्तान ताहलिया मैकग्रा क्रमशः एस यशश्री और मेघना सिंह की गेंदों पर आउट हो गयीं , इसके बाद प्रिया ने ओपनर मैडी डार्के को और फिर टेस फ्लिंटॉफ को आउट करऑस्ट्रेलिया ए का स्कोर 14.4 ओवर में 52/4 कर दिया। इसके बाद प्रिया ने निकोला हैनकॉक को आउट करने से पहले निकोल फाल्टम और केट पीटरसन को पगबाधा आउट किया, इसके बाद कप्तान मिन्नू मणि ने दो विकेट लेकर भारत ए को बड़ी जीत दिलाई।

इससे पहले, राघवी (53) और तेजल (50) के बीच 104 रन की साझेदारी ने भारत ए को संकट से बाहर निकाला, यह लगातार तीसरी बार है जब यह जोड़ी बल्ले से मेहमानों को बचाने में शामिल हुई। इस बार, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत और उमा छेत्री के पहले दस ओवर के अंदर आउट होने के बाद राघवी और तेजल बचाव कार्य में लग गए।

राघवी और तेजल की जोड़ी ने अपने-अपने अर्धशतकों में सात-सात चौके लगाए और 28वें ओवर में केट द्वारा आउट होने से पहले भारत ए को 147 रन तक पहुंचाया। चार ओवर बाद, राघवी चार्ली द्वारा बोल्ड किए जाने से आउट हो गयीं, जिससे भारत ए के ??200 रन का आंकड़ा पार करने पर संदेह पैदा हो गया।

लेकिन सजीवन सजना (40) और मिन्नू (34)) ने आसान पारियां खेलकर यह सुनिश्चित किया कि भारत ए 200 रन के आंकड़े से आगे निकल जाए, और बहु-प्रारूप दौरे पर मेहमानों की पहली जीत के लिए खुद को तैयार कर लिया। दोनों टीमें अब 22 अगस्त से गोल्ड कोस्ट में खेले जाने वाले एकमात्र रेड-बॉल मैच में खेलेंगी।

संक्षिप्त स्कोर- भारत ए 243/9 (राघवी बिस्ट 53, तेजल हसब्निस 50; मैटलान ब्राउन 3-39, चार्ली नॉट 2-26) ऑस्ट्रेलिया ए 22.1 ओवर में 72 रन (मैडी डार्के 22; प्रिया मिश्रा 5-14)

# मैच रद्द होने से भड़के फुटबॉल प्रेमी

## सॉल्टलेक स्टेडियम के बाहर हंगामा, कोलकाता पुलिस का लाठीचार्ज



**कोलकाता, एजेंसी।** दरअसल, स्थानीय अस्पताल में डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के बाद शहर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते पुलिस अधिकारियों और आयोजकों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया था। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच साल्टलेक में रविवार को होने वाले डूरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट के मैच शनिवार को रद्द कर दिया गया। इसके बावजूद समर्थकों ने स्टेडियम के बाहर पहुंचकर हंगामा किया जिसपर पुलिस ने उन्हें शांत करने के लिए लाठीचार्ज किया।दरअसल, स्थानीय अस्पताल में डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के बाद शहर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते पुलिस अधिकारियों और आयोजकों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया था। डूरंड कप कमेटी की ओर से कहा गया कि ग्रुप ए में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के विवेकानंद युवा भारती स्टेडियम में 18 अगस्त को होने वाले मैच को रद्द किया गया है।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचा मोहन बागान

मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिल गया।एक अंक की मदद से मोहन बागान ग्रुप ए से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया।विधाननगर कमिश्नरेट का दावा है कि समर्थकों के विरोध जुलूस में बड़े शोर-शराबे का खतरा हो सकता था, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में इनके समर्थक पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और समर्थकों को हिरासत में लिया।

# वास्वी खैतान ने जीती एफईआई टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की युवा घुड़सवार वास्वी खैतान ने जर्मनी के हेगन एटीडब्ल्यू स्थल पर आयोजित एफईआई टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीत लिया है। वह इस चैंपियनशिप को जीतने वाली पहली भारतीय घुड़सवार बन गई हैं। वास्वी ने अपने घोड़े पास्केलेना पर शानदार कंट्रोल दिखाते हुए दो चरणों वाले इस इवेंट में जीत हासिल की। उनकी इस शानदार जीत के बाद परंपरा के अनुसार, भारत का राष्ट्गान जर्मनी के हेगन एटीडब्ल्यू में बजाया गया।

14 साल की वास्वी कुछ दिनों पहले 125 सेमी बाधा ऊंचाई प्रतियोगिता में 26वें स्थान पर रही थीं। लेकिन अब 115 सेमी बाधा ऊंचाई प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया। वास्वी एफईआई टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।



**वास्वी को योगा वेलनेस की रुचिका ने दी बधाई** - जर्मनी में बड़ी जीत के बाद वास्वी खैतान की योगा ट्रेनर रुचिका साध ने एक पोस्ट जरिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'मुझे अपने ईस्टर वास्वी खैतान पर बहुत गर्व है, फी टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप में उनकी शानदार जीत के लिए बधाई!' इदा योग वेलनेस की ट्रेनर ने आगे कहा, 'पहले दिन से ही हमने योग, मैट पिलेट्स और ध्यान को संतुलित किया, ताकि वास्वी को अपने घोड़ों पर सीधे और स्थिर रहने के लिए आवश्यक शक्ति, संतुलन और ध्यान बनाने में मदद मिल सके। ये अभ्यास उनके पोस्चर, कोर स्टेबिलिटी और अलाइनमेंट को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी थे। जिससे वह प्रशिक्षण के साथ प्रदर्शन कर सके। इससे ध्यान को बढ़ाने और दबाव में शांत बने रहने में मदद मिलती है।' इदा योग वेलनेस की रुचिका साध वास्वी को योगा की ट्रेनिंग देती हैं।

### कौन हैं वास्वी खैतान?

31 मार्च 2010 को जन्मी वास्वी खैतान 14 साल की उम्र में भारत की सबसे तेजी से उभरी हुई घुड़सवारों में से एक हैं। वास्वी ने महज 3 साल की उम्र से घुड़सवारी शुरू कर दी थी। आज 14 साल की छोटी-सी उम्र में वह दुनिया की कई बड़ी प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं। वास्वी का सपना है कि वह 2026 में होने वाले यूथ ओलिंपिक और एशियन ओलिंपिक में भारत को गोल्ड मेडल जीताए।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप

# टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी टेबल में टॉप पर... पाकिस्तान की हालत खराब, जानें सभी 9 टीमों का हाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में श्रीलंका का दौरा किया था, जहां उसने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेले. टी20 सीरीज में भारत ने 3-0 से श्रीलंका का सूपड़ा साफ कर दिया था. वहीं वनडे सीरीज को श्रीलंकाई टीम ने 2-0 से अपने नाम किया. श्रीलंका दौरे की समाप्ति के बाद भारतीय खिलाड़ियों को करीब 43 दिनों का ब्रेक मिला है. ब्रेक के बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच खेलेगी.

**टीम इंडिया खेलेगी 10 टेस्ट मैच-** देखा जाए तो भारतीय टीम को 19 सितंबर के बाद से अगले 111 दिनों (3 महीने 19 दिन) में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं. जबकि ओवरऑल 5 महीने में 10 टेस्ट के अलावा 8 टी20 और 3 वनडे मुकाबले खेलने हैं. बांग्लादेश के बाद भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर पांच टेस्ट मैच खेलने हैं.

**फिलहाल डब्ल्यूटीसी टेबल में भारत टॉप पर-** ये दस टेस्ट मैच भारतीय टीम के लिहाज से काफी अहम हैं. यदि भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप  के फाइनल में पहुंचना है तो इन मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करना होगा. भारत डब्ल्यूटीसी की अंकतालिका में फिलहाल 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप पर है. भारत के अब तक 9 मैच में छह जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 74 अंक हैं. वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम डब्ल्यूटीसी टेबल में दूसरे स्थान पर है. कंगारू टीम के 12 मैच में 8 जीत, तीन हार एवं एक ड्रॉ से 90 अंक हैं. उसका अंक प्रतिशत 62.50 है. न्यूजीलैंड टीम डब्ल्यूटीसी टेबल में तीसरे स्थान पर है. न्यूजीलैंड के 6 मैच में तीन जीत और तीन हार से 36 अंक हैं. कीवी टीम का अंक प्रतिशत 50.00 है. इसके बाद श्रीलंका चौथे, साउथ अफ्रीका पांचवें और पाकिस्तान छठे पायदान पर है. जबकि इंग्लैंड सातवें, बांग्लादेश आठवें और वेस्टइंडीज नौवें नंबर पर है.




**जीत प्रतिशत के आधार रैंकिंग का निर्धारण-** बता दें कि वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का यह तीसरा चक्र है, जो 2023 से 2025 तक चलेगा. इस तीसरे चक्र के लिए आईसीसी प्वाइंट्स सिस्टम से जुड़े नियमों को पहले ही रिलीज कर चुकी है. टेस्ट मैच जीतने पर टीम को 12 अंक, मैच ड्रॉ होने पर 4 अंक और मुकाबला टाई होने पर 6 प्वाइंट मिलेंगे.

वहीं मैच जीतने पर 100 फीसदी, टाई होने पर 50 फीसदी, ड्रॉ होने पर 33.33 फीसदी और हार पर शून्य फीसदी अंक जोड़े जाएंगे. किसी दो मैच की सीरीज में कुल 24 प्वाइंट और पांच मैच की सीरीज में 60 अंक उपलब्ध होंगे. चूंकि प्वाइंट्स टेबल में जीत प्रतिशत के आधार पर रैंकिंग का प्राथमिक तौर पर निर्धारण होता है.

# रिंकू सिंह का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 18 अगस्त रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा किया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने पिछले साल विदेशी दौरे में आयरलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना टी20 डेब्यू किया था और तब से राष्ट्रीय टीम के साथ उनका समय शानदार रहा है। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में कोई मैच नहीं खेला, लेकिन रिंकू सिंह हमेशा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपने बल्ले से धमाल मचाते रहे हैं। एक साल पूरा करने के अवसर पर रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम चैनल पर एक भावपूर्ण संदेश पोस्ट किया।



रिंकू का सफर उनके घरेलू क्रिकेट करियर से शुरू हुआ, जहां उन्होंने अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 सहित विभिन्न स्तरों पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मार्च 2014 में उत्तर प्रदेश के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया और 2016-17 रणजी ट्रॉफी में अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जगह दिलाई, जहां उन्हें 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब और बाद में 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा।

आईपीएल में रिंकू को शुरुआत में अपनी जगह बनाने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपना ज़्यादातर समय बाहर बैठकर बिताया। हालांकि 2022 के सीजन में उनकी किस्मत बदल गई, जहां उन्होंने सात मैचों में 34.80 की औसत और 148.72 की स्ट्राइक रेट से 174 रन बनाए। इस प्रदर्शन ने केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का ध्यान खींचा जिन्होंने रिंकू की अविश्वसनीय कहानी की प्रशंसा की और युवा खिलाड़ी की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त की।  2023 का सीजन रिंकू के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14 मैचों में 59.25 की औसत और 149.52 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाकर केकेआर के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। उनके शानदार फॉर्म ने उन्हें पहचान दिलाई और आखिरकार उन्हें भारतीय राष्ट्रीय टीम में शामिल कर लिया गया। रिंकू ने 18 अगस्त, 2023 को आयरलैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 इंटरनेशनल में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। अपने दूसरे मैच में उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर आउट होने से पहले 38 रन बनाए। उन्होंने 23 नवंबर 2023 को विशाखापत्तनम में पहले टी20आई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 गेंदों पर 22 रन बनाकर प्रभावित करना जारी रखा।  नवंबर 2023 में रिंकू को दक्षिण अफ्रीका के दौरे के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। 12 दिसंबर 2023 को उन्होंने 68* के स्कोर के साथ टी20आई क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक बनाया। उन्होंने 19 दिसंबर, 2023 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे इंटरनेशनल (ह्ष्ठद्ब) डेब्यू किया जिसमें उन्होंने 17 रन बनाए और रासी वैन डेर डूसन का विकेट लिया। दूसरे वनडे में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जिताऊ पारी खेली। रिंकू का सबसे उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 17 जनवरी, 2024 को आया, जब उन्होंने और रोहित शर्मा ने 190* रन की साझेदारी की, जो टी20आई क्रिकेट में भारत की सबसे बड़ी रन साझेदारी और दुनिया में पांचवें विकेट के लिए सबसे बड़ी रन साझेदारी थी।

# रसेल और होल्डर बाहर, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिए ऐसी है वेस्टइंडीज़ की टीम

**गुयाना, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपकमिंग तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. टीम में आंद्रे रसेल और जेसन होल्डर  जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने सभी को हैरान कर दिया. वेस्टइंडीज के स्टार खिलाड़ी माने जाने वाले रसेल और होल्डर इस बार टीम का हिस्सा नहीं होंगे. रसेल ने आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए समय मांगा था, जबकि होल्डर को पिछले पांच टेस्ट मैच लगातार खेलने के बाद आराम दिया गया है.

टीम की कमान एक बार फिर रोवमैन पॉवेल को सौंपी गई है. रोस्टन चेस को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है. वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह सीरीज 24 अगस्त से 28 अगस्त तक त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेली जाएगी. वेस्टइंडीज क्रिकेट के डायरेक्टर माइल्स बास्कोम्बे ने कहा- आंद्रे रसेल और जेसन होल्डर को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है. रसेल ने आराम मांगा था और होल्डर ने पिछले टेस्ट मैचों में लगातार खेला है, इसलिए उन्हें भी आराम की जरूरत थी. इस दौरान वह वेस्टइंडीज क्रिकेट की साइंस और मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे. इस टीम में कुछ नए चेहरे भी शामिल किए गए हैं.




इन खिलाड़ियों को टीम में जगह देकर वेस्टइंडीज क्रिकेट ने युवा खिलाड़ियों को मौका देने की नीति को आगे बढ़ाया है.

**वेस्टइंडीज बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज का शेड्यूल-** पहला मैच 24 अगस्त, दूसरा मैच 26 अगस्त और तीसरा टी20 मैच 28 अगस्त को खेला जाना है. भारतीय समय के अनुसार तीनों मैच देर रात 12 बजे खेले जाएंगे. आपको बता दें कि तीनों मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में होंगे.

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिए वेस्टइंडीज की टीम-** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उपकप्तान), एलिक एथनाज़, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, फैबियन एलन, शाई होप, अकील होसैन, शमार जोसेफ, ओबेड मैकॉय, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड, और रोमारियो शेफर्ड.

## संक्षिप्त समाचार



### हिमाचल में भूस्खलन से कई गांव का संपर्क टूटा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में प्रकृति का कहर जारी है। पांवटा साहिब के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भूस्खलन हुआ है। इसके चलते द्राबिल, नैनीधार और गत्ताधार मार्ग पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं और कई गांवों का संपर्क जिले से टूट गया। भूस्खलन से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से उन्हें आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही है। जब लोग घर से शिलाई की ओर जा रहे थे, तभी भूस्खलन की घटना हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लैंडस्लाइड के चलते सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त दिख रहा है। स्थानीय लोग भूस्खलन की घटना से काफी सहमे हुए हैं। उन्होंने सड़क को खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से गुहार लगाई है। लोगों का कहना है कि आवाजाही में दिक्कत हो रही है।वहीं, भूस्खलन की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। रिपोर्ट के अनुसार, मशीन की मदद से मार्ग को खुलवाने का प्रयास किया जाएगा। लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है। कुछ दिन पहले भी शिलाई के एनएच 707 पर भूस्खलन से भारी मलबा आ गया था जिसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई थी। उत्तरी गांव के समीप भारी भूस्खलन से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। राहगीरों को भी आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में 27 जून से 16 अगस्त के बीच बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं में 20 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। कई लोग अब भी लापता हैं। लाहौल, स्पीति, किन्नौर, ऊना, कुल्लू , मंडी, सिरमौर, चंबा, हमीरपुर, शिमला और सोलन जिलों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं।

### हरियाणा से 4 अक्टूबर को बाहर होगी भाजपा : भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**करनाल , एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को भाजपा पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि 4 अक्टूबर को भाजपा हरियाणा से बाहर हो जाएगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यहां पंजाबी सम्मेलन में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि पंजाबी समाज ने बहुत मेहनत की है। हरियाणा के विकास में पंजाबी समाज का काफी योगदान है। कांग्रेस की सरकार आने पर उनके कल्याण के लिए बोर्ड बनाया जाएगा। हर जगह उनका मान-सम्मान किया जाएगा। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 4 अक्टूबर को भाजपा हरियाणा से बाहर होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर पिछले 10 साल में हरियाणा को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य आज महंगाई और बेरोजगारी में नंबर-1 है। भाजपा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत अस्थाई नौकरी दे रही है। सरकार युवाओं के साथ मजाक कर रही है। उन्होंने भाजपा को झूठ की दुकान बताते हुए कहा, स्थाई नौकरी के लिए दो लाख पद रिक्त हैं। हमारी सरकार बनने के बाद पहले साल एक लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। उसके बाद हर साल 50 हजार नौकरी देंगे। मुख्यमंत्री के चेहरे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी के विधायक और हाईकमान को करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साढ़े नौ साल क्या किया है, उसका जवाब दे। भाजपा ने किसानों को लूटा।

# महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद बढ़ाएगा शरद-कांग्रेस की टेंशन?

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में अगले 6 महीने के अंदर ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है। ऐसे में महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर उठापटक बढ़ गई है। वहीं महाविकास अघाड़ी में मुख्यमंत्री पद भी गले की फांस बनता नजर आ रहा है। शिवसेना और एनसीपी दोनों के लिए यह चुनाव बेहद अहम है। पार्टी में टूट के बाद पहला मौका है जब जनता असली पार्टी पर मोहर लगाएगी।

दोनों ही तरफ सीट बंटवारे को लेकर चर्चा तेज है। वहीं पार्टियों ने अपनी मजबूत सीट पर काम करना शुरू कर दिया है। महायुति की बात करें तो बीजेपी और उसके सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर कोई पुख्ता बात सामने नहीं आई है। महायुति में आखिरी फैसला देवेंद्र फडणवीस पर छोड़ दिया गया है। हालांकि इससे अजित पवार गुट में असंतोष भी हो सकता है। एनडीए में शामिल होने के बाद से ही अजित पवार और बीजेपी में मतभेद नजर आता रहता है।

**मुख्यमंत्री का फार्मुला बन सकता है टेंशन:** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद का फार्मुला बड़ी टेंशन बन सकता है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री का पद ही बीजेपी-शिवसेना गठबंधन में टूट की वजह बन गया था। एक तरफ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी रहते हुए अपना सीएम चाहती थी तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोक रहे थे। जब एनसीपी और कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री बनाने पर राजी हो गई तो उन्होंने महाविकास अघाड़ी गठबंधन बना लिया।



एक बार फिर उसी तरह का माहौल अब महाविकास अघाड़ी में नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री पद को लेकर स्थिति साफ नहीं है लेकिन उद्धव ठाकरे जोर देकर कह रहे हैं कि चुनाव अभियान तभी तेज होगा जब सीएम फेस का ऐलान हो जाएगा। 16 अगस्त को मुंबई में महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जानी थी। इसमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, नाना पटोले, सुप्रिया सुले, आदित्य ठाकरे, बालासाहेब थोराट, पृथ्वीराज चव्हाण भी शामिल हुए थे। इसके अलावा सीपीआई, सीपीएम और शेकाप जैसे छोटे दलों के नेता भी मीटिंग में शामिल थे।

**मुख्यमंत्री पद पर उद्धव का बयान अहम:** उद्धव ठाकरे ने इस बैठक में कहा कि शरद पवार और कांग्रेस मुख्यमंत्री पद के चेहरे का ऐलान कर दें, मैं भी उसका समर्थन करूंगा। यह चुनाव कोई भी व्यक्तिगत फायदे के लिए नहीं लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संख्या के आधार पर सीएम फेस की चर्चा नहीं होनी चाहिए। वरना गठबंधन की पार्टियां ही एक दूसरे की सीट काटने में जुट जाएंगी और इससे विरोधी को ही फायदा मिलेगा। ऐसे में सीएफ फेस तय होने के बाद आगे बढ़ना उचित है। वहीं शरद पवार और नाना पटोले दोनों ने ही उद्धव की इस मांग का समर्थन नहीं किया। दोनों ही नेताओं ने कहा कि पहले सबको मिलकर महाविकास अघाड़ी की जीत के लिए चुनाव लड़ना है। इसके बाद ही मुख्यमंत्री पद का फैसला अच्छा होगा। वहीं पृथ्वीराज चव्हाण ने जिसकी सीट ज्यादा, उसका मुख्यमंत्री के फार्मुले का ही समर्थन किया। अब उद्धव ठाकरे के बयान के बाद सवाल है कि महाविकास अघाड़ी में किसकी चलेगी और सीएम फेस का ऐलान कैसे किया जाए।

# भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक की हार्ट अटैक से मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल की रविवार को मृत्यु हो गई। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। हार्ट अटैक के उपरांत उन्हें चेन्नई के एक अस्पताल ले जाया गया जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, जिस समय राकेश पाल को हार्ट अटैक आया, उस समय वह ड्यूटी पर थे और चेन्नई में कोस्ट गार्ड के अधिकारियों के साथ एक जरूरी बैठक कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्हें अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई। सीने में तेज दर्द के बाद उन्हें चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। बताया जा रहा है कि यहां रविवार शाम लगभग सात बजे उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिनके नेतृत्व में आईसीजी (भारतीय तटरक्षक बल) देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में बड़ी प्रगति कर रहा था। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने तटरक्षक दल के महानिदेशक के शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले राकेश पाल कोस्ट गार्ड के 25वें निदेशक थे। भारतीय नौसेना अकादमी से पासआउट पाल ने 1989 में तटरक्षक बल ज्वाइन किया था। केंद्रीय रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कोस्ट गार्ड के महानिदेशक के निधन पर शोक जताते हुए कहा, आज चेन्नई में आईसीजी के महानिदेशक राकेश पाल के असामयिक निधन पर गहरा दुख हुआ। वह एक प्रतिबद्ध अधिकारी थे उनके नेतृत्व में भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में बड़ी प्रगति हुई। हमारी प्रार्थनाएं परिवार के सदस्यों के साथ हैं। हम दिवंगत आत्मा के लिए सद्गति की प्रार्थना करते हैं।

गौरतलब है कि रविवार को ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) समुद्री बचाव समन्वय केंद्र के भवन का उद्घाटन किया था। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से पुदुचेरी में क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषणरोधी कार्रवाई केंद्र का भी शुभारंभ किया था।

# देहरादून दुष्कर्म मामले में दोषियों को होगी सजा : धन सिंह रावत

**देहरादून, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि उत्तराखंड से एक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है, मामले के दोषियों को जल्द सजा होगी।

रावत ने रविवार को हरिद्वार की संस्कृत अकादमी में बनाए गए ऑडिटोरियम का उद्घाटन करने के बाद कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई उस भयानक घटना के बारे में मीडिया से कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था बिल्कुल चौपट है।

उन्होंने उत्तराखंड के देहरादून में हुए दुष्कर्म मामले पर कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है और जो दोषी होगा उसको सजा जरूर मिलेगी।

बता दें कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी अजय सिंह के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर पूरे मामले का खुलासा कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी दो बस ड्राइवर, एक कंडक्टर, एक कैशियर और एक सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने रविवार को बताया कि 16 साल की नाबालिग पंजाब की रहने वाली है। 13 अगस्त को उत्तराखंड रोडवेज के दो कर्मचारी नाबालिग को दिल्ली के कश्मीरी गेट से देहरादून लेकर आए थे।

यहां उन्होंने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले की जानकारी चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने पुलिस को दी थी।

एसएसपी अजय सिंह ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता का बालिका निकेतन में सामान्य मेडिकल जांच कराया गया था, क्योंकि उसने दुष्कर्म का जिक्र नहीं किया था। इसके कुछ दिन बाद उसकी काउंसलिंग कराई गई थी, तब उसने घटना की सूचना दी। इसके बाद पीड़िता की मेडिकल जांच फिर से कराई गई, जिसकी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

# अमित शाह ने अहमदाबाद में पाकिस्तानी हिंदुओं को दिये नागरिकता प्रमाणपत्र

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नये नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत यहां 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को भारतीय नागरिकता प्रदान की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। पाकिस्तान से उत्पीड़न का सामना करने वाले शरणार्थी आज हमारे परिवार में शामिल हुए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने सीएए पारित करके लाखों शरणार्थियों को न्याय और अधिकार दिया है। नागरिकता पाने वाली मीरा बेन ने कहा, मैं 15 साल पहले भारत आई थी। वहां मुस्लिम समुदाय के लोग मुझे परेशान करते थे। यहां आने के बाद मुझे जीने का मतलब समझ में आया है। आज मुझे अपना नागरिकता प्रमाणपत्र मिल गया है जिससे मुझे बहुत खुशी है। बरखा अरोड़ा ने कहा, मैं पाकिस्तान से आई हूं। मैंने 11 साल भारत में बिताए हैं। पाकिस्तान में लड़कियों के लिए रहना सुरक्षित नहीं था। मुझे जो सुविधाएं यहां मिलती हैं, वे पाकिस्तान में नहीं मिलती थी। वहां चोरी-डकैती की समस्या ज्यादा थी। मुझे 15 दिन की प्रक्रिया में नागरिकता प्रमाणपत्र मिल गया। मुझे बहुत खुशी है। रवशी को भी आज भारत की नागरिकता मिली। उसने कहा, मैं 1995 में भारत आया था। वहां मुस्लिम लोगों की वजह से काफी परेशानी थी। हम चार भाई थे। फिर हम चारों ने सीमा पार कर भारत आने का फैसला किया। यहां आने में कोई परेशानी नहीं हुई। आज मुझे नागरिकता प्रमाणपत्र मिल रहा है। इसके लिए मैं पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करता हूं।



संबोधन के दौरान कांग्रेस पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि उसके लंबे शासनकाल में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए लाखों हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध शरणार्थियों को न्याय नहीं मिला। भारत का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ था। बंटवारे के समय हिंदुओं, जैन, बौद्ध और सिखों को भारतीय नागरिकता देने का वादा किया गया था। कुछ समय बाद कांग्रेस बंटवारे के समय शरणार्थियों से किए गए वादे को भूल गई। कांग्रेस के वोट बैंक और मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण हिंदुओं को भारत में नागरिकता नहीं मिली।

# यूक्रेन की सहायता करने से पीछे हटा जर्मनी, अब आगे अतिरिक्त मदद करने से किया इंकार: रिपोर्ट में खुलासा

**बर्लिन, एजेंसी।**
सालों से चल रहा यूक्रेन और रूस युद्ध अब यूरोपिय देशों के लिए भी परेशानी का सबब बनता जा रहा है। एक समय पर रूसी गैस का सबसे बड़ा खरीददार जर्मनी अब यूक्रेन की अतिरिक्त सहायता न करने की योजना बना रहा है। एएफपी के अनुसार, यूक्रेन को अमेरिका के बाद सबसे बड़ी सहायता करने वाला जर्मनी अब अगले साल से सैन्य और वित्तीय सहायता को आधी करने की योजना बना रहा है। लेकिन नाटो सदस्य होने के नाते जर्मनी सरकार को यूक्रेन की सहायता जारी रखनी होगी, इस समस्या से निपटने के लिये वह रूस के उस धन की सहायता लेंगे, जो कि उन्होंने अपने देश में फ्रीज कर रखा है।

जर्मनी अपने बजट में से 4 बिलियन यूरो यूक्रेन की मदद के लिए अलग से निकाल कर रखता है, इस साल उसने इस 4 बिलियन के साथ-साथ इतनी ही और राशि यानि कुल मिलाकर 8 बिलियन की मदद यूक्रेन को दी थी। लेकिन अब हालात दूसरे हैं जर्मनी की अब 4 बिलियन की सहायता राशि में और रकम जोड़ने की कोई योजना नहीं है।

एफपी के अनुसार, जर्मन वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त मदद न करने की योजना से यूक्रेन को होने वाली हानि से जर्मन





सरकार अच्छी तरह से परिचित है, इसलिए वह इस हानि को पूरा करने के लिये यूरोपिय देशों और जी7 के साथ मिलकर रूसी धन का उपयोग करने के विषय में बनने वाली योजना का हिस्सा है।

जर्मनी की आतंरिक राजनीति उसे यूक्रेन की अतिरिक्त मदद करने से रोक रही है। 2025 के जर्मन बजट पर पार्टियों के बीच में एक तीखी बहस हुई थी, जिसके बाद वित्तमंत्री लिंडनर ने कहा था कि हमारा उद्देश्य राज्य को बहुत अधिक कर्जा लेने से रोकना है। हालांकि जर्मन वित्त मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि वह यूक्रेन पर अतिरिक्त खर्च करने पर विचार करने को तैयार है यह हालातों पर निर्भर करेगा कि यूक्रेन को हमारी कितनी मदद की जरूरत है। लंबे समय से जारी यूक्रेन- रूस युद्ध में पश्चिमी देशों की तरफ से यूक्रेन को लगातार मदद पहुंचाई जा रही है। रूस भी लगातार आरोप लगाता रहा है कि यूक्रेन की जगह पश्चिमी देश यह युद्ध लड़ रहे हैं। यूक्रेन के सहयोगी देश अब एक योजना पर काम कर रहे हैं, जिसमें दुनियाभर में जब्त की गई रूस की संपत्ति का एक हिस्सा मास्को के खिलाफ युद्ध में कीव की सहायता के लिए दिया जाएगा।

# शाही मंजूरी के बाद पैतोंगतार्न शिनावात्रा बनीं थाईलैंड की प्रधानमंत्री



**बैंकॉक, एजेंसी।** थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बन गई। थाइलैंड की संसद ने थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा को शुक्रवार को देश की नयी प्रधानमंत्री चुना था। पूर्ववती प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को इससे दो दिन पहले संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। पैतोंगतार्न अब थाविसिन की जगह फेउ थाई पार्टी की नयी नेता होंगी और उस गठबंधन का नेतृत्व करेंगी, जिसमें पार्टी की पिछली सरकार को अपदस्थ करने वाले तख्तापलट से जुड़े सैन्य दल शामिल हैं। पैतोंगतार्न थाईलैंड की कमान संभालने वाली शिनावात्रा परिवार की तीसरी सदस्य बन गई हैं। इससे पहले उनके अरबपति पिता थाकसिन शिनावात्रा और चाची यिंगलक शिनावात्रा इस पद पर रह चुकी हैं। पैतोंगतार्न अपनी चाची के बाद थाईलैंड की दूसरी महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। थाकसिन और यिंगलक को तख्तापलट के जरिये सत्ता से बेदखल कर दिया गया था और उन्हें देश छोड़कर जाना पड़ा था, लेकिन फेउ थाई पार्टी के सरकार बनाने पर थाकसिन पिछले साल थाईलैंड लौट आए थे। पैतोंगतार्न को बैंकॉक स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जिसमें सत्तारूढ़ गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य और उनके पिता भी उपस्थित थे। लेकिन उन्हें फ्यू थाई पार्टी का वास्तविक नेता माना जाता है। पिता-पुत्री एक ही कार में आए और मुस्कुराते हुए एवं एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ चलते नजर आए। पैतोंगतार्न ने थाई नरेश, लोगों और सांसदों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्यों का पालन ''खुले दिमाग से करेंगी और ''थाईलैंड को एक ऐसा स्थान बनाएंगी, जो थाई लोगों को सपने देखने, सृजन करने और अपना भविष्य स्वयं तय करने का अवसर प्रदान करेगा।

# शेख हसीना की क्रूर तानाशाही ने उनके डेढ़ दशक के शासनकाल के दौरान देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया :मोहम्मद यूनुस

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को आरोप लगाया कि शेख हसीना की करूर तानाशाही ने उनके डेढ़ दशक के शासनकाल के दौरान देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया और तब चुनावों में खुलेआम धांधली की गई। हसीना के इस्तीफे और उनके भारत जाने के बाद अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभालने के 10 दिन बाद युनूस पहली बार ढाका में तैनात विदेशी राजनयिकों से मुखातिब हुए। चौरासी वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता ने जन विद्रोह से उत्पन्न दूसरी क्रांति के पश्चात बांग्लादेश के





पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मांगा। यूनुस ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा सहित राजनयिकों को आश्वासन दिया कि जैसे ही उनकी सरकार अहम सुधार करने की प्रक्रिया पूरी कर लेगी, उनका प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव कराएगा। उन्होंने कहा, क्रांतिकारी छात्र चाहते हैं कि हम सार्थक और गहन सुधार करें, जिससे देश एक वास्तविक और संपन्न लोकतंत्र में बदल जाए। यह कार्य बहुत बड़ा है, लेकिन सभी लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से इसे पूरा किया जा सकता है। सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद 76 वर्षीय हसीना ने पांच अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद 84 साल के यूनुस ने आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में शेख हसीना की तानाशाही ने देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया। न्यायपालिका चरमरा गई। डेढ़ दशक तक चली क्रूर कार्रवाई के जरिये लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया। हसीना जून 1996 से जुलाई 2001 तक तथा पुनः जनवरी 2009 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। यूनुस ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे देश की कमान संभाली है जो हसीना की क्रू तानाशाही के बाद कई मायनों में पूरी तरह से अव्यवस्थित हो चुका है।

# सुनीता-बुच को अंतरिक्ष में और छह माह रहना होगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयात्री बुच विल्मोर के साथ अंतरिक्ष में फंसी हैं। वह बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर 5 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) गई थीं। उनका मिशन 10 दिनों का था, लेकिन स्टारलाइनर में खराबी आने से उनकी वापसी अटक गई है और अभी छह महीने तक उन्हें अंतरिक्ष मे रहना पड़ सकता है।

इनकी वापसी अगले साल फरवरी तक हो सकती है। दुनिया भर में सुनीता और बुच के अंतरिक्ष में फंसे होने की बातें हो रही हैं लेकिन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का कहना है दोनों सुरक्षित हैं और आईएसएस के अनुसंधान और रखरखाव में मदद कर रहे हैं। वर्दा स्पेस इंडस्ट्रीज के संस्थापक और अध्यक्ष डेलियन असपारोहोव कहते हैं कि अगर मैं अपेक्षा से सात महीने अधिक समय तक स्पेस में फंस गया तो निश्चित रूप से इसे फंसा होना ही माना जाएगा।

बात सिर्फ इतनी ही नहीं है, सुनीता विलियम्स के सामने नई समस्या खड़ी हो गई है। उनकी नजर धुंधली हो रही है। माइक्रोग्रैविटी यानी सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के लंबे समय तक संपर्क में रहने की वजह से सुनीता विलियम्स की आंखों में परेशानी हो रही है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129